CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 17° C

लखनऊ, सोमवार 30 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 142 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 | 10 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बसपा सरकार में पूरे हुए जेवर एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम: मायावती पेज 2



जब भी खेलने आता हूं, 120 प्रतिशत के साथ आता हूं: कोहली खेल टाइम्स



ट्रम्प की हठधर्मिता से धराशायी हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा सम्पादकीय



किम जोंग उन ने बढ़ाई ट्रम्प की टेंशन पेज 12

# ईरानी मिसाइलों से थर्राया सऊदी स्थित अमेरिकी एयरबेस

## ईरान ने किया कई एयरक्राफ्ट मार गिराने का दावा, कबाड़ बना दिखा अवाक्स

तेहरान, वार्ता

**पश्चिम एशिया** से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पिछले एक महीने से जारी भीषण जंग के बीच ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाया है। ईरान ने दावा किया है कि इस हमले में अमेरिका के कई विमान तबाह हुए हैं।

ईरानी मीडिया के मुताबिक, इस हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। सबसे हैरत की बात यह है कि इस हमले में वहां तैनात अमेरिका का सबसे आधुनिक कमांड एंड कंट्रोल विमान 'ई-3 अवाक्स' मलबे के ढेर में तब्दील हो गया है। दावा करते हुए ईरान ने कुछ तस्वीरें भी जारी की हैं। तस्वीरों में दिख रहा है कि विशालकाय विमान का बीच का पूरा हिस्सा उड़ चुका है। इसके अलावा, विमानों में ईंधन भरने वाले रिफ्यूलिंग विमानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान का दावा है कि बदले की इस कार्रवाई में कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। वहीं, दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।



**ईरान ने हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का किया इस्तेमाल**

### जो भी ईरान आएगा, ताबूत में लौटेगा

**अमेरिकी सैनिकों की तैनाती पर ईरानी मीडिया की चेतावनी, लिखा वेलकम टू हेल**

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य बलों की बढ़ती तैनाती के बीच, ईरानी अंग्रेजी अखबार तेहरान टाइम्स ने वाशिंगटन को चेतावनी भरा संदेश दिया है। अखबार ने शनिवार के अंक के पहले पृष्ठ पर बड़े अक्षरों में लिखा 'वेलकम टू हेल' और चेताया कि जो भी अमेरिकी सैनिक इरानी क्षेत्र में प्रवेश करेंगे, वे सिर्फ ताबूत में लौटेंगे। अखबार की चेतावनी के ठीक समय पर लगभग 3,500 अमेरिकी मरीन सैनिक पश्चिम एशिया में अमेरिका के सेंट्रल कमांड क्षेत्र में तैनात किए गए। मरीन सैनिक यूएसएस त्रिपोली के जरिये जापान से रवाना किए गए, जो अमेरिका के सबसे बड़े अम्फीबियस असाल्ट जहाजों में से एक है। यह कदम पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तैनाती खर्ग द्वीप को कब्जे में लेने के लिए अमेरिकी ऑपरेशन की तैयारी हो सकती है।



वाशिंगटन: 'नो किंग्स' ( डोनाल्ड ट्रम्प ) के विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल मॉल में आयोजित एक रैली में नकली खून से लथपथ एक प्रदर्शनकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### भर्ती के लिए रिश्वत लेने में सीआरपीफ के डीआईजी को तीन साल की सजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीआरपीएफ में सिपाही (जीडी) भर्ती में रिश्वत लेने के मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने तत्कालीन डीआईजी विनोद कुमार शर्मा, सीआरपीएफ कर्मी सत्यवीर सिंह व तीरथ पाल चतुर्वेदी को तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीनों पर 1.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बताते चलें कि वर्ष 2009 में सिपाही (जीडी) भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों से नौकरी दिलाने के बदले रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। डीआईजी विनोद कुमार शर्मा पर अन्य आरोपियों के साथ मिलकर इसकी साजिश रचने के आरोप लगे थे। जांच में इसकी पुष्टि हुई थी। जांच में पता चला था कि पैसे लेने के बाद उम्मीदवारों को भर्ती से जुड़ी जानकारियां पहले से मुहैया कराकर भर्ती में मदद की जाती थी। शिकायत पर सीबीआई ने 23 फरवरी 2009 को मामला दर्ज किया गया था।

### मेरठ में प्रतिमा से जाट शब्द हटाने पर हंगामा

**मेरठ।** मेरठ में सूरजमल की प्रतिमा अनावरण समारोह में हंगामा हो गया। महाराज सूरजमल की प्रतिमा की फाउंडेशन वॉल से जाट शब्द हटाने पर लोग भड़क गए। बिरादरी के लोग धरने पर बैठकर हंगामा करने लगे। मौके पर एसडीएम सरधना उदित नारायण पहुंचे। उन्होंने 10 दिन का समय मांगा। एसडीएम ने कहा कि जाट शब्द वाली प्लेट कहीं खो गई। उसे खोजकर 10 दिनों में लगा दी जाएगी। इस पर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक ने प्रशासन को 15 दिन का समय दिया। उन्होंने कहा कि अगर 15 दिन में जाट शब्द नहीं लगा, तो 16वें दिन पंचायत होगी। इसके बाद धरना खत्म कर दिया गया। इस दौरान करीब 45 मिनट तक धरना प्रदर्शन होता रहा। वहीं इस मामले पर नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल ने सीएम योगी पर निशाना साधा। उन्होंने मंच से कहा कि पुलिस ने जाट शब्द हटा दिया। वो तो बालियान जी अपने आप बात करेंगे, नहीं तो आपके योगी जी को ही हटवा देंगे। लोगों का कहना है कि पुलिस-प्रशासन जान बूझकर हमारे समाज को नकार रहा है। हमारे महाराजा श्री का अपमान किया जा रहा है।

# जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट: मोदी

## कहा: भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं, सरकार पर भरोसा करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं।

सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि जंग के चलते ऊर्जा संकट: साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं, सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे। मार्च का ये महीना, वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरी दुनिया इससे पहले कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजर चुकी है। हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी, लेकिन दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियां बनती चली गईं। वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे-संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं खाड़ी देशों का बहुत आभारी हूं, वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं। पीएम ने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला, इस मुकाबले को जीतकर जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्राफी को अपने नाम कर लिया। सबसे खुशी की बात है कि करीब 7 दशकों के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया।



**मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया**

### पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार से केरल में भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरुआत की है। पलक्कड़ में रैली के बाद पीएम त्रिशूर पहुंचे हैं। यहां उनका रोड शो 34 मिनट तक चला।

सड़क के दोनों और लोगों की भीड़ मौजूद रही। इससे पहले पलक्कड़ में रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा था कि दशकों से केरल मतलबी पॉलिटिक्स के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ एलडीएफ, दूसरी तरफ यूडीएफ एक तरफ कम्युनिस्ट, दूसरी कांग्रेस। एक करप्ट, दूसरा महा-करप्ट। एक कम्युनल, दूसरा महा-कम्युनल। एलडीएफ और यूडीएफ की सारी पॉलिसी सिर्फ वोट-बैंक पॉलिटिक्स के लिए हैं। पीएम ने कहा कि इन भ्रष्टाचारी पार्टियों को बीजेपी से डर लगता है।

- **पलक्कड़ में बोले: केरल स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों में फंसा**
- **एलडीएफ-यूडीएफ दोनों भ्रष्टाचारी**

# अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ 80 लाख लोगों का मार्च

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका में** राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए।

आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ट्रम्प के खिलाफ अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 3 बार नो किंग्स प्रदर्शन हो चुके हैं। पहला बड़ा प्रदर्शन जून 2025 में आयोजित किया गया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में दूसरा प्रोटेस्ट हुआ। जबकि तीसरा प्रोटेस्ट 28 मार्च को हुआ था। अमेरिका के लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारी मार्च करते हुए। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर और मैनहट्टन इलाके में भी बड़ी संख्या में लोग जुटे। कई प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प की फोटो के साथ एपस्टीन लिखे हुए पोस्टर लहराए। मिनेसोटा के मिनियापोलिस और सेंट पाल में करीब 2 लाख लोगों ने ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। मिनेसोटा के मिनियापोलिस और सेंट पाल में करीब 2 लाख लोगों ने ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में प्रदर्शन के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी (आईसीई) के दफ्तर के बाहर अमेरिकी झंडा जला दिया। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लास एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लॉस एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में 'नो किंग्स' प्रदर्शन के दौरान लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पुतले के जरिये अपना विरोध जताया। ग्रीस की राजधानी एथेंस में अमेरिकी दूतावास के बाहर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यह अमेरिका में चल रहे 'नो किंग्स' आंदोलन के समर्थन में था। इटली की राजधानी रोम में 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कई बड़े नेताओं के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू, इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मिलोनी और डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किए। मिनेसोटा राज्य में डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने लोगों को संबोधित किया। ट्रम्प और नेतन्याहू ने अमेरिका को ईरान के साथ एक ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।



- **50 राज्यों में 3,300 जगह प्रदर्शन**
- **ईरान वॉर और महंगाई मुद्दे को लेकर पद से हटाने की मांग**
- **प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों से नाराज**

# बेंगलुरु में प्रोफेसर ने स्टूडेंट को आतंकी कहा, सस्पेंड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में निजी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के खिलाफ स्टूडेंट को आतंकी कहने पर शनिवार को केस दर्ज हुआ। यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है। घटना का 58 सेकेंड का वीडियो वायरल है। पुलिस ने मामले पर खुद से नोटिस लिया।

घटना 24 मार्च की है। एफआईआर के मुताबिक, विशेष समुदाय के छात्र ने प्रोफेसर से क्लास से बाहर जाने की परमिशन मांगी। इस पर प्रोफेसर को गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा कि शर्म नहीं आती तुमको आतंकी। प्रोफेसर यहां नहीं रुके, उन्होंने कहा कि मैंने सोचा था कि मैं आज बहुत शांत रहूंगा। ईरान युद्ध तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से हुआ। ट्रम्प तुम्हें ले जाएगा। तुम बेवकूफ हो, तुम नरक में जाओगे।' पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर ने क्लास में पीड़ित छात्र को बार-बार आतंकी कहा और उसके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। घटना के वक्त क्लास में 60 स्टूडेंट मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि छात्र की ओर से औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन प्रोफेसर के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 (धार्मिक भावनाएं आहत करने का प्रयास) और 352 (जानबूझकर अपमान) में केस दर्ज किया है।

- **आरोप- यूनिवर्सिटी ने क्लास में पीड़ित का सपोर्ट करने पर अन्य छात्रों को सस्पेंड किया**

# होर्मुज स्ट्रेट संकट के बीच भारत को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट में युद्ध जैसे हालात के बीच भारत के लिए राहत की खबर आई है। देश के दो और एलपीजी टैंकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। ये टैंकर देश की एक दिन की रसोई गैस की जरूरत पूरी करने जितनी गैस लेकर आ रहे हैं।

सरकारी जानकारी के मुताबिक, बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम नाम के दो एलपीजी जहाज करीब 94 हजार टन गैस लेकर होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर 31 मार्च तक मुंबई पहुंचेगा, जबकि बीडब्ल्यू ईएलएम अप्रैल तक न्यू मैंगलोर पहुंचेगा। इजरायल और अमेरिका के हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई थी। हालांकि अब कुछ जहाज सुरक्षित निकलने लगे हैं। इससे पहले चार भारतीय टैंकर भी सुरक्षित भारत पहुंच चुके हैं। पाइन गैस और जग वसंत करीब 92,612 टन गैस लेकर 26 से 28 मार्च के बीच भारत पहुंचे। वहीं, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी भी इससे पहले गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह पहुंच चुके हैं। इससे देश में गैस सप्लाई को बड़ी राहत मिली है। भारत अपनी करीब 60 प्रतिशत रसोई गैस जरूरत आयात से पूरी



- **दो और एलपीजी टैंकर करीब 94 हजार टन गैस लेकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे**

### 55 लाख से ज्यादा सिलेंडर वितरित

### केंद्र सरकार बोली: एलपीजी आपूर्ति सामान्य

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है। शनिवार को 55 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। इसके साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलेंडरों की बिक्री भी हुई।

मंत्रालय के अनुसार, किसी भी एलपीजी वितरक पर स्टाक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उद्योग स्तर पर एलपीजी सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग 94 प्रतिशत तक बढ़ गई है। वितरकों के स्तर पर किसी भी तरह के विचलन को रोकने के लिए, डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी का प्रतिशत फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है। सरकार की ओर से बताया गया है कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टाक बना हुआ है। घरेलू खपत का समर्थन करने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। सरकार ने उपभोक्ताओं से एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन करने और एलपीजी वितरकों के पास जाने से बचने का आग्रह किया है।

- **साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलेंडरों की बिक्री भी हुई**

## संक्षिप्त समाचार

### विमान लैंडिंग के समय दरवाजा खोलने का प्रयास

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार रात बेंगलुरु से आ रही इंडिगो विमान का दरवाजा एक युवक द्वारा खोलने का प्रयास किया गया। क्रू मेंबर्स ने तत्काल उसे रोक लिया। पायलट ने इसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को दी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा युवक से पूछताछ के बाद उसे फूलपुर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। आरोपी युवक मोहम्मद अदनान मऊ जिले का रहने वाला है। इंडिगो की फ्लाइट 6ई-185 बेंगलुरु से रात्रि 8 बजे उड़ी थी। बताया जा रहा है कि अदनान ने सफर शुरू होते ही एक बार दरवाजा खोलने का प्रयास किया था। क्रू मेंबर्स ने उसे समझा-बुझाकर बैठा दिया था। विमान के वाराणसी पहुंचने और लैंडिग की सूचना मिलते ही अदनान एक बार फिर सीट से उठकर गेट के पास पहुंच गया।

### यूपी में 3574 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद आज से

**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद सोमवार यानी 30 मार्च से शुरू होगी। गेंहू खरीद की प्रक्रिया इस बार 15 जून तक चलेगी। इस बार प्रदेश में खरीद शुरू होने से पहले ही 2.24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। प्रदेश में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अब तक 3574 क्रय केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि कुल 6500 केंद्रों पर खरीद की व्यवस्था की जाएगी। ये केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि सभी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## आजमगढ़ निवासी महिला की याचिका पर अदालत का रुख सख्त

# भरण-पोषण मामले में आदेशों का कितना पालन हुआ



- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक माह के भीतर उप्र के सभी परिवार न्यायालयों से मांगी विस्तृत रिपोर्ट
- उम्रकैद काट रहे पूर्व मंत्री अंगद यादव की पैरोल याचिका खारिज, सरकार के फैसले को माना सही

शाह टाइम्य ब्यूरो

**प्रयागराज/लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूछा कि भरण-पोषण मामलों में आदेशों का कितना पालन किया गया है। कोर्ट ने इसकी एक माह के भीतर प्रदेश के सभी परिवार न्यायालयों से रिपोर्ट मांगी है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि की एकल पीठ ने आजमगढ़ निवासी महिला की याचिका पर दिया है।

याचिका में आरोप है कि आजमगढ़ के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने 11 जुलाई 2025 को पति को सीआरपीसी की धारा-125 (अब बीएनएसएस की धारा 144) के तहत 4000 रुपए प्रतिमाह भरण-पोषण देने का आदेश दिया था। पति ने अब तक केवल 5000 रुपए ही जमा किए, जबकि बकाया राशि एक लाख रुपए से अधिक हो गई है। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रधान न्यायाधीश ने आवेदन की तिथि से भुगतान करने का आदेश दिया था पर पति ने अब तक केवल पांच हजार रुपए दिए हैं। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने दलील दी कि पति बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा करने के लिए तैयार है। साथ ही नियमित भरण-पोषण की राशि का भुगतान करेगा। कोर्ट ने पति को एक माह में 50 प्रतिशत बकाया जमा करने का आदेश दिया। साथ ही शेष राशि अगले एक माह में जमा करने का आदेश दिया। चेतावनी भी दी है कि आदेश का पालन न करने पर पति को सिविल जेल जाना पड़ सकता है। संपत्ति कुर्क कर नीलामी की जाएगी। साथ ही बकाया राशि छह प्रतिशत ब्याज के साथ वसूल होगी। कोर्ट ने आदेशों को लेकर आजमगढ़ के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के साथ ही प्रदेश के सभी परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों से विवरण एक माह में मांगा है। 27 अप्रैल को मामले की सुनवाई होगी। वहीं यूपी में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अंगद यादव की पैरोल याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने साफ कहा कि केवल बच्चों की शादी तय करने या रिश्ते खोजने के लिए किसी कैदी को पैरोल नहीं दी जा सकती।

### मुख्तार पर हमले के आरोपी बृजेश सिंह समेत पांच आरोपी बरी, कोर्ट में आरोप नहीं हुए साबित

**लखनऊ।** यूपी के मऊ से माफिया विधायक मुखतार अंसारी पर 22 वर्ष पहले जानलेवा हमले के मामले में राजधानी लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, आनंद राय, सुनील राय और अजय सिंह को दोषमुक्त कर दिया है। कोर्ट ने देर शाम करीब 6रू30 बजे आरो. पियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन आरोपियों के खिलाफ आरोपों को साबित नहीं कर पाए। ऐसे में आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया जाता है। इसके पहले बृजेश सिंह, आनंद राय और सुनील राय कोर्ट में हाजिर हुए। जबकि, अन्य मामले में मिर्जापुर जेल में बंद त्रिभुवन सिंह और वाराणसी जेल में बंद अजय सिंह को पुलिस सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया।

# सीएम योगी ने 665 नर्सिंग अफसरों को सौंपे नियुक्ति पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बोले- कोई एक भी नियुक्ति पर सवाल नहीं उठा सकता, पिछले 9 वर्ष में हम लोगों ने 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्ष में हम लोगों ने 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी। एक भी नौकरी की पारदर्शिता व चयन प्रक्रिया पर विरोध का एक भी प्रश्न नहीं उठा सकता है। ये नियुक्ति की प्रक्रिया जो सफलता पूर्वक सफल हो रही है।

मेरिट के आधार पर आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए जिन नौजवानों का चयन हो रहा है परिणाम क्या है, एक नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी, सुचिता पूर्वक होने से न्यायालय का हस्तक्षेप नहीं है। एक पक्ष वह है 2017 से पहले की सभी नियुक्तियां बाधित थी दूसरा पक्ष जो 9 लाख मैनपावर यूपी से जुड़ा, ए प्रतिभाशाली है, यंग ऊर्जा से भरपूर है। इसका लाभ है कि जो राज्य बीमारू था आज हमने उसे भारत की इकानमी का ग्रोथ इंजन बना दिया। जिस राज्य में वेतन देने के लिए पैसे नहीं थे आज वो रेवेन्यू सरप्लस हो गया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य की आमदनी प्रतिव्यक्ति आय, देश के अंदर आबादी में सबसे ऊपर लेकिन आमदनी में सबसे नीचे के पायदान पर गिना जाता था। बाटम 6 में गिना जाता था, आज वह राज्य देश के अंदर टाप अर्थव्यवस्था में एक है। अपनी प्रतिव्यक्ति आय को 16 की तुलना में 3 गुना करने में सफलता मिली है। जीरो टालरेंस सिर्फ अपराध व अपराधियों के प्रति ही नहीं है। जीरो टालरेंस करप्शन के प्रति भी है। जीरो करप्शन के लक्ष्य को लेकर सरकार पहले दिन से चल रही है। इसी लिए इस पूरी प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी हो, किसी भी प्रकार से ह्यूमन इंटरफेयरस न हो इस बात को ध्यान में रख कर इस पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। इसी का परिणाम है कि हर हफ्ता हम किसी न किसी नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम से जुड़ते है।

# बहुजन भाईचारा महारैली में गरजे चंद्रशेखर

- आजाद समाज पार्टी सांसद ने आरक्षण और हक की लड़ाई को बताया सबसे बड़ा हथियार

**लखीमपुर।** यूपी के लखीमपुर खीरी स्थित शहीद नसीरुद्दीन मेमोरियल मैदान में आजाद समाज पार्टी की ओर से सम्राट अशोक की जयंती पर आयोजित बहुजन भाईचारा संवाद महारैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि यह तानाशाही सोच वाली सरकार है और अब इसके पतन का समय शुरू हो चुका है। उन्होंने भीमराव आंबेडकर के संविधान की ताकत को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए कहा कि हमारे अधिकार हमें किसी सरकार ने नहीं, बल्कि बाबा साहब के संविधान ने दिए हैं। इन्हें कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने कहा कि जब-जब बहुजन समाज एकजुट हुआ है, तब-तब सत्ता को झुकना पड़ा है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा हम डरने वाले नहीं, लड़ने वाले लोग हैं। अगर हमारे हक पर चोट होगी तो हम सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और संगठन के रास्ते पर चलें और अपने अधिक. ारों के लिए सजग रहें। तिकुनिया कांड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे मोटर साइकिल से पीड़ितों तक पहुंचे। उन्होंने कहा हम अन्याय के खिलाफ हर हाल में खड़े रहेंगे, चाहे कितनी भी बाधाएं आएं। उन्होंने यह भी कहा कि वोट की ताकत से ही तिकुनिया कांड से जुड़े लोगों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया गया, जो लोकतंत्र की असली ताकत है।

# यूपी में नोएडा एयरपोर्ट पर सियासी जंग शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बसपा सरकार में पूरे हुए जेवर एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम बसपा की सरकार में पूरे हो गए थे। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अगर केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस पर रोड़े न अटकाए होते तो इसका निर्माण काफी पहले ही पूरा हो जाता।

उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि काफी लम्बे इंतजार के बाद जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल हवाई अड्डा के प्रथम चरण का कल उद्घाटन हुआ, जबकि इसकी रूपरेखा ही नहीं, बल्कि इसके सभी जरूरी बुनियादी कार्य बीएसपी की मेरी सरकार में ही शुरू हो गए थे। उन्होंने आगे कहा कि इतना ही नहीं बल्कि उस समय केन्द्र में रही कांग्रेस पार्टी की सरकार अगर रोड़ा नहीं अटकाती तो विकास का यह कार्य, यमुना एक्सप्रेसवे आदि की तरह, काफी पहले मेरी सरकार में ही पूरा हो गया होता। जहां तक सपा सरकार का सवाल है, तो इनका ज्यादातर समय उत्तर प्रदेश की ग़रीबी व पिछड़ेपन आदि को दूर करने हेतु विकास के ठोस कार्य करने के बजाय, खासकर बीएसपी सरकार द्वारा समाज के कमजोर तबकों के हित, कल्याण व उनके उत्थान हेतु लिए गए ऐतिहासिक फैसलों व किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को निष्क्रिय बनाने के साथ-साथ बहुजन समाज में जन्में महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आदर-सम्मान में निर्मित शिक्षण व मेडिकल संस्थानों व जिला आदि का नाम बदलने व उनके नाम पर बने स्थलों, स्मारकों, एवं पार्कों आदि की अनदेखी व उपेक्षा करने के नकारात्मक, जातिवादी व राजनीतिक द्वेष में ही ज्यादातर समय लगी रही, जो किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। अत: इन सबके मद्देनजर यूपी की जनता से अपील है कि वे विरोधी पार्टियों की छलावापूर्ण राजनीति व बहकावे में ना आकर बी.एस.पी. के 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति व सिद्धान्त में विश्वास रखते हुए अपने व प्रदेश के विकास हेतु बीएसपी के आयरन नेतृत्व पर ही भरोसा करें। इसके साथ ही, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की अलग से बेंच व उनके लिए अलग से प्रदेश बनाने का सपना ना जाने कब पूरा होगा?

### सास और ससुर को बहू से भरण-पोषण पाने का कानूनी अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सास-ससुर को अपनी बहू से भरण-पोषण पाने का कानूनी अधिकार नहीं हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता या पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण पाने वालों की सूची में ससुर या सास शामिल नहीं किया गया है। यह फैसला न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की पीठ ने आगरा के राकेश कुमार और एक अन्य की आपराधिक पुनरीक्षण अर्जी पर दिया है। आगरा निवासी याचियों ने परिवार न्यायालय में बहू से भरण पोषण की मांग करते हुए अर्जी दायर की, जिसे खारिज कर दिया। इस फैसले को याचियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची अधिवद्गा ने दलील दी कि याची वृद्ध, अनपढ़ और निर्धन हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 73583.22
**निफ्टी** 22819.60



**सोना** 141000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 225000
प्रति किलो



# ईरान युद्ध और घरेलू आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले कुछ सप्ताह से जारी गिरावट के बीच आने वाले सप्ताह में एक बार फिर निवेशकों की नजर ईरान युद्ध की स्थिति पर रहेगी। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में कुछ प्रमुख आंकड़े भी आने वाले हैं। सोमवार 30 मार्च को फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने हैं। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद की तस्वीर बताने वाला मार्च का पहला वृहत आंकड़ा विनिर्माण पीएमआई का होगा, जो 02 अप्रैल को जारी होगा।

वाहनों की बिक्री के कंपनियों के अलग-अलग आंकड़े भी 1 और 2 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। इन सभी कारकों का असर शेयर बाजारों पर दिखेगा। बीते सप्ताह गुरुवार को रामनवमी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। सोमवार और शुक्रवार को बड़ी गिरावट रही, जबकि मंगलवार और बुधवार को लिवाली को जोर रहा। बीएसई का सेंसेक्स पिछले सप्ताह 949.74 अंक (1.27 प्रतिशत) लुढ़ककर शुक्रवार को 73,583.22 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी इस दौरान 294.90 अंक यानी 1.27 प्रतिशत टूटकर 22,819.60 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 1.13 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयरों में साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। बीईएल का शेयर सबसे अधिक पांच फीसदी टूटा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का 4.69 प्रतिशत, ट्रेंट का 4.64, भारतीय स्टेट बैंक का 3.62, एचडीएफसी बैंक का 3.10, टाइटन का 3.09 और अडानी पोर्ट्स का 2.01 प्रतिशत फिसल गया। टाटा स्टील का शेयर 1.75 प्रतिशत, आईटीसी का 1.72, मारुति सुजुकी का 1.70, एनटीपीसी का 1.29 और इंडिगो का 1.16 प्रतिशत गिर गया।

### इंडिगो नवी मुंबई से 30 से अधिक नए मार्गों पर शुरू करेगी उड़ानें

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख विमान सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो ने 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नए मार्गों पर उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने रविवार को बताया कि नए मार्गों में नवी मुंबई से आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, बेलगांव, चंडीगढ़, दीव, कन्नूर, कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम के लिए उड़ानें शामिल होंगी। इन उड़ानों के साथ नवी मुंबई से और नवी मुंबई के लिए इंडिगो की सप्ताह में 400 से अधिक उड़ानें हो जाएंगी। विमान सेवा कंपनी ने आज ही गुजरात के भावनगर और महाराष्ट्र के नवी मुंबई के बीच भी उड़ान शुरू की है। इस मार्ग पर एटीआर विमान का परिचालन किया जा रहा है।

# चावल मजबूत, गेहूं, चीनी में साप्ताहिक गिरावट, दाल, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और चीनी की कीमतों में नरमी रही जबकि खाद्य तेल और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 45 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,852 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 22 रुपए टूटकर 2,797 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव दो रुपए बढ़कर 3,296 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 72 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल 68 रुपए और चना दाल पांच रुपए सस्ती हुई। मूंग दाल में 19 रुपए की गिरावट रही। मसूर दाल का भाव चार रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा। बीते सप्ताह पाम ऑयल में औसतन 219 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। मूंगफली तेल 74 रुपए और सरसों तेल 48 रुपए फिसल गया। सूरजमुखी तेल की कीमत 30 रुपए और वनस्पति की 29 रुपए टूट गई। सोया तेल भी 145 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 44 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी भी 19 रुपए सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7708.92 रुपए, मसूर काली 8050.33 रुपए, मूंग दाल 10173.12 रुपए, उड़द दाल 10787.15 रुपए, तुअर दाल 11168.69 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2796.99 रुपए और चावल 3852.10 रुपए प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3295.55 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4298.78 रुपए और गुड़ 4991.02 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17656.22 रुपए, मूंगफली तेल 18698.00 रुपए, सूरजमुखी तेल 17257.92 रुपए, सोया तेल 14527.26 रुपए, पाम ऑयल 13241.65 रुपए और वनस्पति 14690.16 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पान मसाला उद्योग से तीन गुना अधिक स्क्रैप में की गई टैक्स चोरी

लखनऊ, वार्ता

स्क्रैप सेक्टर में टैक्स चोरी का दायरा पान मसाला उद्योग की तुलना में तीन गुना से भी अधिक सामने आया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार, लोहा, तांबा और स्क्रैप से जुड़े मामलों में करीब 20 हजार करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। जबकि, पान मसाला और तंबाकू सेक्टर में यह आंकड़ा लगभग 6000 करोड़ रुपये है।

उत्तर प्रदेश में भी स्थिति कुछ इसी तरह की है। जांच एजेंसियां अब इस बात की भी पड़ताल कर रही हैं कि क्या पान मसाला उद्योग में टैक्स चोरी का भय दिखाकर जांच टीमों का फोकस वहां केंद्रित किया गया। जबकि, दूसरी ओर स्क्रैप से भरे ट्रक हाईवे पर बिना रोक-टोक गुजरते रहे। इस दौरान संगठित तरीके से बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी को अंजाम दिया गया। डायरेक्टोरेट जनरल आफ जीएसटी इंटेलिजेंस द्धडीजीजीआईऋ के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में स्क्रैप सेक्टर से जुड़े 1976 मामलों में 16,806 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। वहीं, पान मसाला और तंबाकू से जुड़े 212 मामलों में 5,794 करोड़ रुपये की चोरी सामने आई। वर्ष 2025-26 में इन मामलों में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि स्क्रैप नेटवर्क में प्रदेश की कुछ बड़ी इस्पात कंपनियों की संलिप्तता हो सकती है। प्रदेश में जीएसटी चोरी के खिलाफ जारी कार्रवाई में स्क्रैप माफिया के बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ है। हाल ही में यूपी एसटीएफ ने गाजियाबाद में 100 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी। नोएडा पुलिस ने भी फर्जी कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। इस नेटवर्क में करीब 2,600 फर्जी फर्मों के शामिल होने की बात सामने आई है। मेरठ और गाजियाबाद को केंद्र बनाकर चल रहे 500 करोड़ रुपये के फर्जी इनवाइस रैकेट का भी भंडाफोड़ किया गया है। स्क्रैप सेक्टर में टैक्स चोरी मुख्यत: फर्जी इनवाइसिंग और सर्कुलर ट्रेडिंग के जरिए की जाती है। इसके लिए प्रवासी मजदूरों या आम लोगों के आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर कागजी कंपनियां बनाई जाती हैं। ये फर्में आपस में केवल कागजों पर लेनदेन दिखाती हैं, जबकि वास्तविक रूप से कोई माल सप्लाई नहीं होता। छोटे कबाड़ियों से नकद में स्क्रैप खरीदकर व्यापारी उस पर मिलने वाले इनपुट टैक्स क्रेडिट द्धआईटीसीऋ की कमी को फर्जी बिलों के जरिए पूरा करते हैं। एक ही स्क्रैप के बिलों को कई कंपनियों के बीच बार-बार घुमाया जाता है, जिससे नकली टर्नओवर बढ़ाया जाता है। इस प्रक्रिया के जरिए बिना वास्तविक व्यापार के करोड़ों रुपये का टैक्स क्रेडिट या रिफंड हासिल कर लिया जाता है।

# अगले तीन दिन में कई बार करवट लेगा यूपी का मौसम

**लखनऊ।** मौसम का मिजाज हर दिन करवट बदल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव की वजह से एक बार फिर से 29 मार्च से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होने की संभावना बढ़ गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह दौर एक अप्रैल तक जारी रहने की संभावना जताई जा रही है, जो 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अपना प्रभाव डालेगा। मौसम विभाग के अनुसार 29 मार्च को 3 से 5 डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है और देर शाम या रात को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बारिश का यह क्रम 30 व 31 मार्च को तीव्र हो सकता है और लखनऊ समेत बाकी हिस्सों में भी प्रभाव डाल सकता है। इस वजह से कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो सकती है। बारिश की वजह से 31 मार्च तक तापमान में 3 से 5 डिग्री की ही गिरावट के बाद फिर से अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं।

# दर्दनाक हादसे- दो मां और दो बच्चों की मौत, चारों को ट्रकों ने कुचला

लखीमपुर खीरी, वार्ता

- इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल

यूपी के लखीमपुर खीरी में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं में कुल चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। पहले हादसे में लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर बाइक और डीसीएम में टक्कर हो गई। जिसमें छह माह की बच्ची और 28 वर्षीय मां शाहमीन की दर्दनाक मौत हो गई।

डीसीएम लेकर भागने के प्रयास में ईरिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया है। पठान पुरवा निवासी इसराइल अपनी पत्नी शाहमीन और तीन बेटियों के साथ बाइक से नीमगांव अपने मामा के यहां शादी समारोह में जा रहे थे। इसराइल ने बताया वह लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग स्थिति राजेपुर गांव का पास पहुंचे थे। उसी समय सामने से डीसीएम आ गई। बाइक चालक ने बताया डीसीएम चालक ने बाइक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी शाहमीन और रशीदा बाइक से उछलकर डीसीएम के नीचे आ गई। पहिए के नीचे आए से छह माह की बच्ची रशीदा के दो टुकड़े हो गए और 28 वर्षीय शाहमीन के सीने के ऊपर हिस्सा कुचलकर अलग हो गया। जबकि बाइक चला रहे इसराइल द्ध29ऋ आफरीन छह वर्ष और पलक तीन वर्ष उछलकर दूसरी तरफ गिरने से बाल बाल बच गए। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से भागने के प्रयास में आगे जा रहे रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा उछलकर सड़क किनारे पलट गया। ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांचों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी फरधान लाया गया। जहां से ई रिक्शा चालक राजकुमार को छोड़कर चार लोगों को जिला अस्पताल ओयल के लिए रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने आकर डीसीएम मौके पर रोक लिया और चालक को पकड़ लिया।

# चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता: योगी



■ नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा: हमने नौ साल में नौ लाख सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन में 665 नर्सिंग अधिका. रियों को नियुक्ति पत्र दिये। इस इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई एक भी व्यक्ति नियुक्ति पत्र पर सवाल नहीं उठा सकता । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमने नौ साल में नौ लाख लोगों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्ष में हम लोगों ने 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी। एक भी नौकरी की पारदर्शिता व चयन प्रक्रिया पर विरा. ेध का एक भी प्रश्न नहीं उठा सकता है। ये नियुक्ति की प्रक्रिया जो सफलता पूर्वक सफल हो रही है।मेरिट के आधार पर आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए जिन नौजवानों का चयन हो रहा है परिणाम क्या है, एक नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी, सुचिता पूर्वक होने से न्यायालय का हस्तक्षेप नहीं है। एक पक्ष वह है 2017 से पहले की सभी नियुक्तियां बाधित थी दूसरा पक्ष जो 9 लाख मैनपावर यूपी से जुड़ा, ये प्रतिभाशाली है, यंग ऊर्जा से भरपूर है। इसका लाभ है कि जो राज्य बीमारू था आज हमने उसे भारत की इकानमी का ग्रोथ इंजन बना दिया। जिस राज्य में वेतन देने के लिए पैसे नहीं थे आज वो रेवेन्यू सरप्लस हो गया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य की आमदनी प्रतिव्यक्ति आय, देश के अंदर आबादी में सबसे ऊपर लेकिन आमदनी में सबसे नीचे के पायदान पर गिना जाता था। बाटम 6 में गिना जाता था, आज वह राज्य देश के अंदर टॉप अर्थव्यवस्था में एक है। अपनी प्रतिव्यक्ति आय को 16 की तुलना में 3 गुना करने में सफलता मिली है। अपराध ही नहीं जीरो टालरेंस भ्रष्टाचार के खिलाफ भी है। जीरो टालरेंस सिर्फ अपराध व अपराधियों के प्रति ही नहीं है। जीरो टालरेंस करप्शन के प्रति भी है। जीरो करप्शन के लक्ष्य को लेकर सरकार पहले दिन से चल रही है। इसी लिए इस पूरी प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी हो, किसी प्रकार से ह्यूमन इंटरफेयरस न हो इस बात को ध्यान में रख कर प्रक्रिया को बढ़ाने का काम हुआ है।

## मुख्यमंत्री और पीएम पर टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**बांगरमऊ।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करना एक युवक को भारी पड़ गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और जांच पड़ताल के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी के वायरल हो रहा है। जिसमे पकौड़े की दुकान पर बैठा एक युवक सूबे के मुखिया तथा देश के प्रधानमंत्री के विरुद्ध गाली गलौज कर रहा है । वीडियो में युवक ने अपना नाम संतोष निवासी थाना क्षेत्र बांगरमऊ बताया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो देख पुलिस हरकत में आ गई। छानबीन के बाद पुलिस ने आरोपी संतोष निवासी गहर पुरवा थाना बांगरमऊ को गिरफ्तार कर लिया।

# संयुक्त व्यापार मंड़ल इंकाई का गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उन्नाव.कन्नौज संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष श्री अभिषेक पाल जी के नेतृत्व में बांगरमऊ एवं कन्नौज क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों, उद्योग. पतियों एवं उद्यमियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रीय स्तर पर संगठन की नई इकाई का विधिवत गठन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता गुप्ता ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल केवल एक संगठन नहीं, बल्कि देश के करोड़ों व्यापारियों की सशक्त आवाज है। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक व्यापारी को एक ऐसा मंच मिले, जहां उसकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो। राष्ट्रीय महासचिव प्राची पांडेय ने कहा कि संगठन व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है और उनके हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रानू सिंह ने कहा कि संगठन का लक्ष्य देश के प्रत्येक जनपद तक पहुंच बनाकर व्यापारी वर्ग को एक मजबूत मंच प्रदान करना है। सौरभ तिवारी ने कहा कि यह बैठक क्षेत्र के व्यापारिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय व्यापारियों को नई ऊर्जा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा।श्रीकांत तिवारी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य व्यापारियों की वास्तविक समस्याओं का समाधान कर उन्हें सशक्त बनाना है। पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन समन्वय एवं सहयोग की भावना से सभी व्यापारियों को साथ लेकर आगे बढ़ेगा, जिससे क्षेत्रीय व्यापार को नई गति मिलेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### शराब दुकान में नकब पेटी पर की पुलिस जांच में जुटी

**अमेठी।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के देवकली चौराहा स्थित शराब की दुकान में शुक्रवार रात्रि अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर नगदी व शराब की पेटी पार कर दी। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान के पीछे से दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया और काउंटर में रखे 45,170 रुपये नकद के साथ एक पेटी शराब उठा ले गए। शनिवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार को घटना की जानकारी हुई।पीड़ित दुकानदार शुभम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मौके पर पहुंची टीम ने साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

### राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने व्यक्त किया शोक

**अमेठी ।** इन्हौना ब्लॉक सिंह. पुर अंतर्गत अहमदाबाद पिपरी ग्राम पंचायत के मियागंज गांव निवासी समाजसेवी सोनू रावत की माता तथा पत्रकार राम चंदर रावत की पत्नी शिवरती देवी का विगत शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया था जिसकी सूचना मिलने पर तिलोई विधायक एवं सूबे के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने मियागंज गांव पहुंच कर रविवार को शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया तथा मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की इस मौके पर सिंहपुर ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी, युवा नेता शिरीष गुप्ता, पूर्व प्रधान रामकुमार यादव, सोनू रावत सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### पशु चोर चुरा ले गए तीन भैंस,शिकायत

**गोंडा।**जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के पर्वती गांव में अज्ञात चोर घर के सामने खूंटे से बंधी तीन भैंस चुरा ले गये। पीड़ित पशुपालक ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पर्वती गांव निवासी राम बदल साहू ने शनिवार शाम थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीती 25 तारीख की शाम करीब 07 बजे मैने घर के सामने अपनी तीन भैंस खूंटे से बांध दी थी और सोने चला गया था। आधी रात को अज्ञात चोर तीनों भैंस चुरा ले गये। सुबह जब नींद खुली ,तो गायब थीं।

### शिक्षा चौपाल का हुआ आयोजन

**उन्नाव ।** न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय राजा राम खेड़ा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में न्याय पंचायत क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रधान इंचार्ज शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 5 एवं कक्षा 8 के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अथवा निपुण छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान भारत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान रमेश यादव उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में ए.आर.पी. विज्ञान सुधांशु एवं ए.आर.पी. हिन्दी शोभित की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन नोडल शिक्षक संकुल प्रांजल अवस्थी द्वारा किया गया। संचालन संकुल शिक्षक प्रभाकर पाण्डे द्वारा किया गया। संकुल शिक्षक प्रीति मिश्रा, हेमन्त सोनी सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं मेधावी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में 11 को बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की आज आयोजित आनलाइन बैठक में पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि आगामी 11 अप्रैल को लखनऊ में संघर्ष समिति की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। यदि तब तक उत्पीड़नात्मक सभी कार्यवाहियां वापस नहीं ली जाती हैं, तो इसी बैठक में प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष द्वारा किसी भी कर्मचारी या अभियंता के खिलाफ उत्पीड़न की नीयत से निलंबन या दंडात्मक कार्रवाई की जाती है, तो प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर एवं अभियंता तत्काल सामूहिक सत्याग्रह के लिए बाध्य होंगे। आज की आनलाइन बैठक में प्रमुख रूप से संजय सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय,अंकुर पांडेय, मोहम्मद वसीम, सोहेल आबिद, माया शंकर तिवारी, श्रीचंद, मोहम्मद इलियास, सरजू त्रिवेदी, योगेंद्र लाखा, ए के श्रीवास्तव, रफीक अहमद, पीएस बाजपेई, प्रेम नाथ राय एवं अन्य उपस्थित रहे।

# मेदांता समिट में कैंसर उपचार पर गहन चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मेदांता, लखनऊ द्वारा आयोजित मेदांता कैंसर समिट 2026 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनरल सर्जन, ब्रेस्ट सर्जन, रेडिएशन आन्कोलाजी, गाइनकोलाजिस्ट, जनरल मेडिसिन, ईएनटी, गेस्ट्रो और पिडियाट्रिक्स जैसे विभागों के विशेषज्ञ डाक्टरों ने भाग लिया तथा कैंसर उपचार के आधुनिक तरीकों और बदलते दृष्टिकोण पर विचार साझा किए। कार्यक्रम का उद्घाटन मेदांता लखनऊ के एमडी डा. राकेश कपूर ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कैंसर उपचार में तेजी से हो रहे बदलावों और मरीज के अनुसार उपचार तय करने की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया।डा. राकेश कपूर ने कहा कि आज कैंसर का इलाज तेजी से बदल रहा है। अब एक ही तरह के इलाज की जगह हर मरीज के लिए अलग और सटीक उपचार तय किया जा रहा है। ऐसे मंच विशेषज्ञों को एक साथ लाकर बेहतर इलाज की दिशा में सहयोग और नई सोच को आगे बढ़ाते हैं। इस अवसर पर कैंसर जागरूकता से जुड़ा एक विशेष वीडियो भी जारी किया गया, जिसमें कैंसर के कारण से लेकर उपचार और बचाव के बारे में बताया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मेडिकल आन्कोलाजी पर चर्चा से हुई, जिसमें व्यक्तिगत कैंसर उपचार यानी प्रिसीजन आन्कोलाजी पर चर्चा हुई। इसके बाद रेडिएशन आन्कोलाजी सत्र में कैंसर के इलाज में रेडिएशन की भूमिका और उसकी उपयोगिता को सरल तरीके से समझाया गया। हेड एंड नेक आन्कोलाजी सत्र में ओरल कैंसर की पहचान से लेकर उपचार तक की पूरी प्रक्रिया पर विस्तार से बात की गई, जिसमें शुरुआती जांच की अहमियत पर जोर दिया गया। ब्रेस्ट कैंसर सत्र में वर्तमान और भविष्य के इलाज, विशेष रूप से व्यक्तिगत उपचार पद्धति पर चर्चा हुई। हीमेटो-आन्कोलाजी सत्र में एक्यूट ल्यूकेमिया की समय पर पहचान, सही प्रबंधन और कार टी-सेल थेरेपी पर चर्चा हुई। जीआई कैंसर सत्र में जटिल सर्जरी और रोबोटिक तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। लंग कैंसर सत्र में नए उपचार विकल्पों और बदलते रुझानों पर चर्चा हुई, जबकि यूरोजेनिटल कैंसर सत्र में रोबोटिक सर्जरी के आधुनिक तरीकों और उनके लाभ पर चर्चा हुई । अंतिम सत्र सर्वाइकल कैंसर पर केंद्रित रहा, जिसमें रेडिएशन थेरेपी की भूमिका को स्पष्ट किया गया।



# नव अंशिका सर्वश्री सम्मान से महिलाएं अलंकृत हुईं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सवह के अंतर्गत महिला माह का आयोजन पूरे मार्च किया गया। इसकी समापन कड़ी के रूप में रविवार 29 मार्च को विराजखंड स्थित नक्षत्र होटल में नव अंशिका सर्वश्री सम्मान समारोह हुआ।

राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मुख्य अतिथि रहीं। मुख्य अतिथि अपर्णा यादव ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्य मंत्री योगी जी की अगुवाई में महिलाओं को कानूनी अधिकार और सामा. जिक सुरक्षा मिल रही है आवश्यकता है कि महिलाएं भी समाज और राष्ट्र उत्थान की दिशा में में समर्पित हो। इसके साथ ही उन्होंने मन में दिव्यता और स्वभाव में स्वच्छता की आदत को विकसित करने का संदेश भी दिया। उन्होंने नीशू त्यागी के प्रयासों की भी भूरी भूरी प्रशंसा की। इस यादगार पल में नव अंशिका फाउण्डेशन की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने अपर्णा यादव को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट किया। जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन लखनऊ की अध्यक्ष मीना सिंह, चिनहट पार्षद अरुण कुमार राय, वरिष्ठ समाज सेविका एवं व्यापार मंडल संरक्षक शिखा सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि रहीं। इसके उपरांत गणेश वंदना एक दंताएह एवं राष्ट्रभक्ति पर आधारित ष्जय होष गाने पर एंजल मौर्या, वीरा मौर्या, अग्रिमा चौरसिया, रक्षा शर्मा, आर्या मौर्या ने वरिष्ठ कोरियोग्राफर नृत्यश्री रत्ना अस्थाना के निर्देशन में प्रभावी संयोजन पेश किये। यह अवसर महिला सम्मान समारोह का था इसलिए विशेष रूप से महिलाओं पर केन्द्रित दो नृत्य प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केन्द्र बनी। इसमें मुझे आजादी चाहिएह और नारी दुर्गा शक्तिह रचना पर महिमा अर्चना, किरन, रेखा रीना, रचना ने जोशीला नृत्य कर प्रशंसा हासिल की। इस कड़ी में लोक के रंगह मेडले पर हरियाणवी गीत सासु पनिया कैसे जाऊं रसीले दोनों नैनाह से लेकर अवधी लोकगीत होली खेले रघुवीराह पर दर्शिका, जागृति, दिशा, सोनाली, ओमदीप ने सतरंगी प्रस्तुतियां दी। इस प्रस्तुति से परवान चढ़े समारोह में आमंत्रित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि सहित अन्य ने फूलों की होली का भरपूर आनंद लिया। समारोह में गाजियाबाद की दिव्यांशी जोशी ने महिला एक मजबूत शिलाह शीर्षक से एक प्रेरक कविता का सरस पाठ का वाहवाही लूटी।




# बाइक-ट्राली भिड़न्त में बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र मे संडीला मार्ग पर स्थित शारदा नहर पुल के निकट तेज रफ्तार बाइक ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली के पीछे जा भिड़ी। हादसे में दोनों बाइक सवार लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस दोनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने एक घायल बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल की हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम मटुकरी निवासी कमल किशोर पुत्र गंगा प्रसाद राजमिस्त्री है और साथ में इसी गांव का प्रदीप पुत्र रामरतन मजदूरी करता है।

गत शनिवार को कमल किशोर 50 वर्ष गांव के ही मजदूर प्रदीप 25 वर्ष के साथ पड़ोसी गांव गोशा कुतुब निर्माण कार्य करने गया था। काम से छुट्टी होने के बाद देर रात राजमिस्त्री कमल किशोर अपने गांव के मजदूर प्रदीप को बाइक से लेकर वापस अपने घर आ रहा था। तभी रास्ते में संडीला मार्ग पर स्थित शारदा नहर पुल के निकट तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा घुसी। हादसे में दोनों बाइक सवार लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए।

# एक हजार लीटर कच्ची शराब समेत तीन गिरफ्तार

**गोंडा।** जिले की नवाबगंज पुलिस ने अवैध कच्ची शराब पर बड़ी कार्रवाई करते हुये रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक हजार लीटर कच्ची शराब समेत एक बाइक बरामद करने में कामयाबी पाई है।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 80 क्विंटल लहन भी नष्ट की है।

थाना क्षेत्र के ढेमवा घाट चौकी अंतर्गत सरयू नदी के किनारे रेत में अवैध कच्ची शराब बनाने एंव परिवहन के सूचना प्राप्त हुई थी। रविवार को सीओ यूपी सिंह के नेतृत्व में पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई छापेमारी में अवैध कच्ची शराब के व्यवसाय में संलिप्त आरोपी अमित सिंह पुत्र राम लखन, संचित सिंह पुत्र राम लखन और श्री राम पुत्र मोती यादव सभी निवासी दत्तनगर थाना नवाबगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके पर करीब 80 क्विंटल लहन नष्ट करते हुए 1336 प्लास्टिक की पन्नियों में लगभग 1 हजार लीटर अवैध कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरणों में 2 सौ लीटर के 41 प्लास्टिक ड्रम, 50 लीटर के 06 प्लास्टिक ड्रम, 08 जस्ते के पतीले, 03 लोहे की भट्टठी और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया है। संयुक्त टीम में मुख्य आरक्षी जनार्दन यादव, सुनील यादव, आरक्षी कमलेश, राम अवतार, रितेश खरवार, प्रमोद यादव और अभिषेक शामिल रहे।

## बाइक -साइकिल की भिड़ंत अधेड़ की मौत

**अमेठी।** जिले के थाना शिव. रतनगंज अंतर्गत टिकरी गांव में हुआ भीषण सड़क हादसा । हादसा इतनी तेज था कि मौके पर ही एक अधेड़ की मौत हो गई और दो बाइक सवार घायल हो गए । चश्मदीदों की मानें, तो अधेड़ टिकरी निवासी हनुमान रावत उम्र 56 वर्ष हैदरगढ़ से वापिस अपने घर आ रहे थे । टिकरी की तरफ मुड़ने के लिए जैसे ही मुड़े पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी । टक्कर इतनी भयंकर थी कि साइकिल और बाइक काफी दूर तक घसीटते हुए चले गए । मौके पर ही हनुमान की मौत हो गई जबकि बाइक सवार शिवरतनगंज निवासी गुलफाम पुत्र रईस और फिरोज घायल हो गए ।

# माजा में मिला जहरीला फंगस, हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** गर्मियों के मौसम में को. काकोला कंपनी की माजा मैंगो ड्रिंक बच्चों के लिये आम है,बच्चे ही नहीं बड़े भी बहुत चाव से इसे पीते हैं।अब यदि यही पेय पदार्थ फंगस वाला और जहरीला हो तो इसको पीने से बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

मुनाफाखोरी के चलते ऐजेंसी मालिक ऐसे एक्सपायर और जहरीले पेय पदार्थ को बेचने से पीछे नहीं हटते। ताजा मामला वजी. रगंज बाजार का है,जहां मिठाई और साफ्ट ड्रिंक की दुकान चलाने वाले अखिलेश गुप्ता नाम के दुकानदार ने माजा मैंगो ड्रिंक के टेट्रा पैक में फंगस मिलने का गंभीर आरोप लगाते हुए उसका वीडियो मीडिया से शेयर किया।वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि,माजा मैंगो ड्रिंक के अंदर किस तरह से फंगस के लच्छे मौजूद हैं। जिसको पीने से बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो सकते हैं। हालांकि,दुकानदार ने इसकी जानकारी कंपनी के क्षेत्रीय हेड व अभिहित विभाग को दी,जिसके बाद मौके पर पहुंचकर टीमों ने जांच-पड़ताल कर नमूने लिये हैं।अखिलेश गुप्ता ने बताया कि,वह नवमी के दिन कंचक पूजन के बाद बच्चों को खाने के साथ टेट्रा पैक वाला माजा ड्रिंक परोसा ।जब बच्चों ने उसे पिया तो उन्हों ने बताया उसका स्वाद अच्छा नहीं है और उल्टी जैसा लगने की बात बताई।जिसके बाद दुकानदार अखिलेश गुप्ता ने जब उसे चेक किया तो उसमें गाढ़ा लचीला फंगल दिखाई दिया जिसके बाद उसने इसका वीडियो बना चंदापुर स्थित ऐजेंसी मालिक और कंपनी को फोन कर इससे अवगत कराया। इसके बाद उसने अभिहित विभाग को भी जानकारी दी। बहरहाल अधिकारी जांच कर नमूने तो ले गये,लेकिन इन पैकटबंद खाद्य व पेय पदार्थों की बाजार में बिक्री की मानीटरिंग में विभागीय लापरवाही साफ नजर आई।जो लोगों के स्वास्थ्य के लिये एक बड़ा खिलवाड़ माना जा रहा है। हालांकि,सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा औषधि ने जांच करने की बात कही है,लेकिन यह सवाल उठता है कि,ऐसे पेय पदार्थ की नियमित अंतराल पर विभाग द्वारा जांच क्यों नहीं कराई जाती।



# पीड़ितों की आवाज बनेगी आरपीआई: गुप्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले के नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता की जनहितकारी नीतियों एवं कार्यशैली से प्रभावित होकर उप्र के विभिन्न जिलों से कार्यकर्ताओं और आम जनमानस का पार्टी से जुड़ने का सिलसिला निरंतर जारी है।

इसी क्रम में लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय पर संगठन विस्तार की प्रक्रिया के तहत नई नियुक्तियां की गईं।अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पवन भाई गुप्ता ने स्पष्ट संदेश दिया कि रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया का मुख्य ध्येय समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाना है। रामदास आठवले के मार्गदर्शन में हम इन मुद्दों को सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे और उनका समाधान सुनिश्चित करेंगे।घ्पवन भाई गुप्ता ने आगे कहा कि आने वाले समय में रैलियों और बैठकों का दायरा बढ़ाया जाएगा ताकि स्थानीय स्तर की समस्याओं को गहराई से समझा जा सके और हर पीड़ित की आवाज को बुलंद किया जा सके। आरपीआई दिन-रात दलितों और पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त पदाधिकारियों में राम जी ब्लॉक अध्यक्ष, दुबेपुर ब्लॉक सुल्तानपुर राकेश कुमाररू विधानसभा अध्यक्ष, अमेठी राधे श्याम रू महामंत्री, ब्लॉक भादर जनपद अमेठी इसी प्रकार महिला प्रकोष्ठ में ग्राम स्तर पर संगठन को सक्रिय करने के उद्देश्य से महिला प्रकोष्ठ में भी महत्वपूर्ण नियुक्तियां सुनिश्चित की गईं। नीलू राजपूतरू ग्राम पंचायत अध्यक्ष, नंदनाए माधुरीरू ग्राम पंचायत उपाध्यक्ष, लोधपुरवा मोहनी राजपूतए ग्राम पंचायत उपाध्यक्ष, लोधपुरवा।



# रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**बांगरमऊ।** नगर के स्टेशन रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत की धर्मपत्नी विभा कटियार ने कहाकि शिक्षा से ही देश का विकास संभव है। उन्होंने कहाकि यह नन्हे मुन्ने बच्चे शिक्षित होकर देश का भविष्य तय करेंगे। उन्होंने विद्यालय के मेधावी बच्चों को मेडल एवं ट्राफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंध कमेटी के सदस्य एवं संरक्षक शरद अग्रवाल ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला । विद्यालय की सौम्या गुप्ता, विराज गुप्ता, नंदिनी श्रीवास्तव, ऋत्विक, आरो. ही, अदम्य भरद्वाज, जानवी, आरव, आरवी आदि विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर मन मोह लिया । शैली शुक्ला, जूही सिंह, शिवानी ताम्रकर, रिया तिवारी सरस्वती गुप्ता, विनीता शर्मा आदि शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में दोसर वैश्य सेवा समिति के सदस्यों के अलावा तमाम अभिभावक तथाविद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार एवं शिक्षक अवधेश कुमार आदि उपस्थित रहे। जिसमें विजेताओं को वाशिंग मशीन, कूलर, मिक्सी, सिलाई मशीन, इंडक्शन, प्रेस, पंखा आदि आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। संचालन प्रबंधक डाक्टर नीरज गुप्ता ने किया।

## सांड के हमले में चार किसान घायल

### सुनगढ़ में अवारा सांडों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। क्षेत्र के गाँव सुनगढ़ माफी में रविवार दोपहर खेत पर काम कर रहे किसानों पर एक आवारा सांड ने अचानक हमला कर दिया। हमले में चार किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को आनन-फानन में धनौरा के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

रविवार दोपहर करीब एक बजे ग्रामीण अपने-अपने खेतों में कृषि कार्य कर रहे थे। तभी एक सांड अचानक उग्र हो गया और खेत में मौजूद किसानों पर टूट पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सांड ने किसानों को दौड़ा-दौड़ाकर पटका, जिससे खेतों में अफरा-तफरी मच गई। हमले में अयान पुत्र अल्ताफ सैफी, अल्ताफ पुत्र अब्दुल रशीद, अनवार पुत्र सरीमुल्ला और देवेंद्र सिद्धू पुत्र छोटे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह सांड को भगाकर घायलों को बचाया। इसके बाद सभी को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में आवारा पशुओं की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। पूर्व प्रधान साबिर सैफी ने बताया कि यह सांड काफी समय से क्षेत्र में घूम रहा है और फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ अब लोगों पर भी हमला कर रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ऐसे आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाया जाए। राफत, शमीम, अहमद हसन, रवि, मोनू, कमल, सतीश, रामकुमार, यासीन, चमन, रामवीर सिंह, शौकत, शौकीन, चेतराम सिंह, बलराम सिंह, राहुल सिद्धू, अंकुर सिद्धू, नन्हे सिद्धू और इस्लाम सैफी सहित कई ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## वार्षिकोत्सव में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। संविलियन विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इस दौरान बच्चों ने शिक्षा के प्रचार-प्रसार,

**■ डायट प्राचार्य ने किया बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित**

अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने वाले नाटक भी प्रस्तुत किए। अतिथियों द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

ब्लॉक क्षेत्र के मौहम्मदाबाद गांव में स्थित संवि. लियन विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य शाहीन ने कहा कि शिक्षा ही सफलता का आधार है। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति उचित निर्णय ले सकता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने पर कक्षा 08 की छात्रा नेहा को पारितोषिक देकर व प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को




पुरूस्कृत किया गया। कक्षा आठ से उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को विदाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य संजीव कुमार, धर्मेन्द्र कुमार चूड़ामणि, गिरीश मोहन वर्मा, परवीन कुमार, सोदान सिंह, सत्यपाल सिंह, संजय कुमार, मुंशीलाल, महेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार, वंदना उपाध्याय, नीतू रानी, बुशरा नूर आदि मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

### पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात रिहान पुत्र लुकमान निवासी ग्राम भगवानपुर भूड़ थाना बछरायूँ से एक शादी समारोह में हुई थी। इसके बाद आरा. ेपी ने फोन पर बातचीत कर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर कई बार मिलने के लिए बुलाता रहा।आरोप है कि 22 मार्च की दोपहर आरोपी ने युवती को चौपला चौराहे पर बुलाया और मोटरसाइकिल से धनोरा रोड स्थित एक होटल में ले गया। वहां कमरे में ले जाकर युवती के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरा. ेपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद डरी-सहमी पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।थाना अध्यक्ष कुलदीप तोमर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी रिहान पुत्र लुकमान निवासी भगवानपुर भूड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने नगर में पथ संचलन निकाला। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा करके स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया।

रविवार की सुबह नगर के रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के परिसर में एकत्र हुए कार्यकर्ताओं को

**■ नगर में कई स्थानों पर हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत**

संबोधित करते हुए मेरठ प्रांत के सामाजिक सद्भाव संयोजक यशपाल सिंह ने कहा कि डॉ.केशव. राव बलिराम हेडगेवार ने विपरीत परिस्थितियों में संघ की शुरुआत की। संघ के स्वयंसेवकों ने देश की आजादी के आंदोलन में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। संघ समाज को संगठित व संस्कृत करने में 100 वर्ष



से जुड़ा हुआ है। शताब्दी वर्ष में स्वयंसेवक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं और वर्तमान समय में संघ पंच परिवर्तन पर जोर दे रहा है। उन्होंने सामाजिक समरसता के बारे में बताते हुए कहा कि संघ अपनी स्थापना के समय से ही सामा. जिक समरसता पर अधिक ध्यान दे रहा है। संघ के कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की जाति के बारे में कुछ भी पता नहीं लग पाता है जो सामा. जिक समरसता का महत्वपूर्ण अंग है। संबोधन के बाद नगर के प्रमुख मार्गों से पथसंचलन निकाला गया। इस मौके पर जिला संघ चालक रणवीर सिंह, नगर शहर संघ चालक पुष्पेंद्र सिंह, लोकेश कुमार, वीरेंद्र शर्मा, अतुल चौधरी, विवेक त्यागी, विपिन सागर, आशीष कुमार, कुलवंत सिंह, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार ने बढ़ाई देश व प्रदेश की साख

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत गजरौला व बछरायु मण्डल के संयुक्त दो दिवसीय 'मण्डल प्रशिक्षण वर्ग' का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी की क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर व विधायक राजीव तरारा ने किया। प्रथम सत्र में विधायक ने केन्द्र

**■ दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ**

व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

नगर के धनौरा मार्ग स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और विकास की लहर है। उन्होंने इस दौरान धनौरा विधानसभा



में कराए गए विकास कार्यों पर भी विस्तार से रोशनी डाली। क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र व प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तीकरण, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में काम किया है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साख वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में भी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, पूरन सिंह सैनी, राजीव चौहान, सत्यपाल सिंह पाल, वैभव गोयल, मनमोहन सिंह सेन, विजय प्रजापति, अमन अग्रवाल, वीर सिंह सैनी, निहार त्यागी, सुशील सिद्धू, अशोक चौधरी, सुशील मौर्य, शंकर सिंह सैनी, सूरज सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर में युवक की मौत

### भांजी की शादी में जाते हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा/बछरायूं**। शनिवार देर शाम बछरायूं में बिजलीघर के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अल्टो कार ने लाप. रवाही से चलाते हुए पीछे से दो बाइ. कों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए।



मृतक की पहचान अरशद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी पहाड़ी दरवा. जा, थाना धामपुर (बिजनौर) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अरशद अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार काफी तेज गति में थी। पहले कार ने एक बाइक को टक्कर मारी, जिससे उस पर सवार दो लोग सड़क किनारे खंती में जा गिरे। इसके बाद कार ने आगे चल रहे अरशद की बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अरशद सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोट आई। उन्होंने हेलमेट भी पहन रखा था, लेकिन हादसा इतना भीषण था कि उनकी जान नहीं बच सकी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने इंसानियत दिखाते हुए एंबुलेंस का इंतजार किए बिना ही अरशद को तुरंत बाइक से साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बछरायूं थाना प्रभारी कुलदीप तोमर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में क्षतिग्रस्त वाहनों को भी कब्जे में लिया गया है और फरार कार चालक की तलाश की जा रही है। उधर, जैसे ही हादसे की खबर परिजनों को मिली, शादी वाले घर में खुशी का माहौल मातम में बदल गया।

## छात्रों को दिलाई पॉलीथीन छोड़ने की शपथ

### लायनेस क्लब ने बच्चों को दिया जल संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। लायनेस क्लब धनोरा परिवर्तन की ओर से शनिवार को स्थानीय कन्या पाठशाला में जल संरक्षण एवं वाटर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के माध्यम से समाज में जल बचाने के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

इस दौरान बच्चों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अपने पोस्टरों के जरिए जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को कपड़े के थैले वितरित किए गए और पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया। लायनेस क्लब की ओर से बच्चों को केले, बिस्कुट और पेन भी वितरित किए गए, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। क्लब की सदस्य सिम्मी अग्रवाल ने कहा कि जल ही जीवन है, इसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना सबसे प्रभावी तरीका है और इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर अध्यक्ष कल्पना शर्मा, रेनू अग्रवाल, सुधा शर्मा, सीमा यादव, बिना अग्रवाल, विनेश चौधरी, अमिता शर्मा, पुष्पा वर्मा, मीनाक्षी जैन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं।




## संविधान में सभी को मिला बराबर का अधिकार

### मूल मुद्दों से जनता का ध्यान भटका रही भाजपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान ने महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिए हैं, जिन्हें हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद से जनता को विभिन्न समस्याओं में उलझाकर रखा गया है। उन्होंने नोटबंदी, राशन, ऑक्सीजन सिलेंडर और गैस जैसी लाइनों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार जैसे मूल मुद्दों से बचती नजर आ रही है। कार्यक्रम का संचालन शेर सिंह बौद्ध ने किया। इस दौरान मास्टर देव जी, राजन सहित कई कार्यकारिणी सदस्य मंच पर मौजूद रहे। सभा में भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष अजब सिंह एडवोकेट, आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, पिंटू प्रधान, विकास बाबू, पुष्पेंद्र राना, राजपाल कश्यप, विकेश कुमार, प्रशांत फोदापुरिया आदि मौजूद रहे।

## रंगारंग कार्यक्रमों से सजा वार्षिकोत्सव

### बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का जलवा, छात्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। शनिवार को क्षेत्र के संविलयन विद्यालय पेली तगा में वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के नृत्य, गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाई।

विद्यालय के इंचार्ज धर्मवीर यादव ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अमित तेजा ने किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आय एवं छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण हुए तीन छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष देवराज सिंह, ख्यालीराम त्यागी, कुलदीप त्यागी, सत्यप्रकाश



गौतम, रिफाकत अली, महेंद्र सिंह सैनी, अरुण कुमार शर्मा, कुमारी मेघा सिंह, कुमारी अंजली, कृष्णा, नीता त्यागी सहित कई अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ के विरोध पर नाबालिग पर हमला

### शोर मचाने पर भागा आरोपी, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा/बछरायूं**। थाना बछरायूं क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार देर शाम उसकी नाबा. लिग बेटी घेर से घर लौट रही थी। रास्ते में गांव ढाकोवाली निवासी नन्हुवा पुत्र मन्नु पहले से खड़ा था। आरोप है कि उसने लड़की को रोक लिया और गलत नीयत से बात करते हुए धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गई।

घटना के दौरान लड़की के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। भीड़

**■ आरोपी ने दी किशोरी को जान से मारने की धमकी**

को आते देख आरोपी मौके से फरार हो गया और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गया। पीड़िता की मां ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दी। थाना प्रभारी कुलदीप तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

## हर दिन को अनमोल समझकर गुजारें जिंदगी

### मां-बाप की दुआएं जिंदगी में कामयाबी का सबब बनतीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। शहर के मोहल्ला दरबार-ए-कलां के इमामबाड़ा मुसम्मात जैनब में रविवार को सैय्यद अली हसनैन की मजलिस-ए- चेहल्लुम का आयोजन किया गया। मजलिस में सलाम-ओ-मर्सिया गुलाम सज्जाद व उनके साथियों ने पेश किया। दिल्ली से आए धर्मगुरु मौलाना हसन कुमैली ने जिंदगी की अहमियत पर रौशनी डाली। उन्होंने कहा कि हर दिन को अनमोल समझकर जिंदगी जीनी चाहिए। कभी भी अल्लाह की बारगाह में हाजिरी लग सकती है। माता-पिता के सम्मान में कभी कमी नही आनी चाहिए। कुरान मजीद के हवाले से उन्होंने कहा कि बुजुर्ग माता-पिता के सामने उफ तक न कहें। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने माता-पिता की सच्ची खिदमत करते हैं, वह अल्लाह और उसके रसूल के करीब होते हैं, क्योंकि माता-पिता की दुआ जिंदगी में राहत, बरकत और कामयाबी का सबब बनती है। मौलाना ने अपने बयान में कहा कि के सभी धर्मों में मां और बाप का सम्मान सबसे बड़ा धर्म माना जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चे का जीवन उसकी परवरिश पर निर्भर करता है। यदि माता-पिता में सेवा, मानवता, एकता, प्रेम, सदभाव और सम्मान की भावना होती है, तो वह बच्चों पर सकारात्मक असर डालती है। वहीं, अगर माता-पिता का व्यवहार ठीक नहीं होता, तो बच्चों पर उसका बुरा असर पड़ता है और वह माता-पिता की सेवा करने में असमर्थ होते हैं। मजलिस में कमाल हसनैन, नाशिर नकवी, वसीम अमरोही, विलायत अली, जौहर नकवी, हुसने कामिल, अफजाल मुनाजिर, परवेज शाहिद, शमीम-उल-हसन, बुरैर मोहम्मद, तबारक अली, सिब्ते सज्जाद, महताब हसनैन, आफताब हसनैन, निहाल हसनैन, अमीर हैदर, शुजा नकवी, मुनिस नकवी, शम्स नकवी, वसीम हैदर, अफसर अमरोही, शमीम हसन, मोहम्मद तूराब आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने चैरिटेबल ब्लड का किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर की स्वास्थ्य सेवाओं में एक नया अध्याय जुड़ गया। रविवार को हसनपुर नगर की ग्रीन सिटी विधायक कॉलोनी में नवनिर्मित श्जीवन 24 चौरिटेबल ब्लड सेंटरश का क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस ब्लड सेंटर के खुलने से क्षेत्र के मरीजों को रक्त के लिए अब दूर-दराज के शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजू राणा, यशपाल प्रधान, देवेंद्र खड़गवंशी, पवन राज जाटव, रतन सिंह प्रधान, हेतराम प्रधान, देशराज पाल प्रधान, रणबीर खड़गवंशी, मुलायम सिंह खड़गवंशी, जुबैद अहमद, जुनैद अहमद, शादान चौधरी और अब्दुल मजीद मौजूद रहे।

# खुलासा: डायबिटीज के 30 फीसदी मरीजों के लिवर में सूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मधुमेह की मर्ज से पीडित जिले के 30 फीसदी लोगों के लिवर में सूजन (लिवर फाइब्रोसिस) शिकायत मिलने का मामला प्रकाश में आया है। मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज की तरफ से डायबिटीज टाइप टू के 150 मधुमेह रोगियों पर किये गये विशेष और गहन परीक्षण के बाद यह बात सामने आयी है।

अध्ययन में पांच साल पुराने डायबिटीज रोगियों को शामिल किया गया। इन सभी डायबिटीज रोगियों की उम्र 18 से 60 वर्ष थी। इनमें 40 फीसदी महिलाएं और 60 फीसदी पुरुषों को अध्ययन में रखा गया। 2024 में शुरू किए गए अध्ययन में डायबिटीज के रोगियों की ब्लड शुगर नियंत्रण और रेटिनोपैथी, न्यूरोपैथी और किडनी रोग जैसी जटिलताओं के अलावा लिवर की भी जांच की गई। इनमें लिवर की जांच के लिए गैस्ट्रोलाजी विभाग में डायबिटीज रोगियों का फाइब्रोस्कैन किया गया। करीब 30 फीसदी रोगियों के लिवर में सूजन, फैटी लिवर व लिवर सिरोसिस की समस्या पाई गई। इनमें अधिकांश मरीज 30 से 50 वर्ष की उम्र के थे। इनमें जिन रोगियों का वजन कम और शरीर पतला-दुबला था, उनमें भी फैटी लिवर की समस्या देखने को मिली। डायबिटीज के मरीजों की रेटिनोपैथी, न्यूरोपैथी और किडनी रोग से संबंधित जांचों के अलावा लिवर के फाइब्रोस्कैन की जांच कराना भी आवश्यक है। वहीं, लोगों को चाहिए कि वह खानपान में सतर्कता के साथ नियमित व्यायाम करें। मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज के मधुमेह रोग विशेषज्ञ डा. अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि यह अध्ययन डायबिटीज इंडिया के डायबिटीज और लिवर इंटरेस्ट ग्रुप के तहत 48 चिकित्सकों, मधुमेह विशेषज्ञोंऔर एंडोक्राइनोलाजिस्ट्स की राष्ट्रव्यापी टीम ने पूरे देश में किया। वहीं, जनपद में करीब 30 फीसदी डायबिटीज के रोगियों में लिवर से संबंधित परेशानी पाई गई।

# यूपी एसटीएफ ने 803 तोतों के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

■ आरोपी के खिलाफ थाना खैराबाद में वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र एसटीएफ ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर वन्य जीवों की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है।

सीतापुर के खैराबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए तस्कर के पास से एसटीएफ ने रोजरिंग प्रजाति के 803 तोते बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि शनिवार को शांतिनगर कजियारा इलाके से गिरफ्तार तस्कर की पहचान शिवम पुत्र स्वर्गीय पप्पू निवासी कांशीराम कॉलोनी, खैराबाद के रूप में हुई है। एसटीएफ को पहले से सूचना मिली थी कि एक तस्कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पक्षियों को सीतापुर से दिल्ली ले जाने की फिराक में है। इस सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश्वर चन्द्र श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में टीम ने वन विभाग और वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरो.पी ने बताया कि वह लंबे समय से पक्षियों के व्यापार से जुड़ा है, लेकिन अधिक मुनाफे के लिए उसने प्रतिबंधित तोतों की तस्करी शुरू कर दी। ये पक्षी लखीमपुर खीरी, रामपुर और पीलीभीत के जंगलों से लाकर उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में बेचे जाते थे।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खैराबाद में वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। वहीं बरामद तोतों को सुरक्षित संरक्षण में रखा है।

## आग से 50 बीघा गेहूं की फसल जली

**प्रयागराज।** कोरांव तहसील मुख्यालय के पास बैदवार कला गांव में शनिवार दोपहर तीन बजे गेहूं के खेत में आग लग गई, स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना देने के साथ अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। दमकल आने तक लगभग 50 बीघा गेहूं की फसल आग से जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार कमला शंकर सिंह, जगदीश प्रसाद सिंह, शिव मोहन सिंह, सुरेश, शिव शंकर, भगवान प्रसाद, कृपा शंकर, दया शंकर, रामनारायण, अरूण सिंह, अखिलेश और बृज देव की फसल प्रभावित हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होने से आग लगी है। आग लगने की सूचना पर राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे।

# प्रीति मिलन समारोह संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** एजी स्पेशल मेम्बर्स के समूह के तत्वावधान में जेवनार रेस्टोरेन्ट में हर्षोल्लास के साथ प्रीति मिलन समारोह एवं भोज का आयोजन किया गयां। समारोह में अक्टूबर 25 में सेवानिवृत साथी राम सिंह का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।

समारोह के दौरान राम सिंह के कर्तव्य निष्ठा एवं व्यक्तित्व के श्रेष्ठ पहलुओं की चर्चा की गयी। सत्य प्रकाश ने कार्य क्रम का संच.ालन किया। अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में अपने उद्बोधन से ललित कुमार श्रीवास्तव ने सभी का मनमोहन लिया एवं इस संगठन को परिवार के रूप में एकजुट बनाए रखने का आवाहन किया और उसके उपरांत श्याम बिहारी ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की। समारोह को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में सत्य प्रकाश, सुनिल भट्टाचार्य, पीके सिंह, अशोक कुमार, पन्ना लाल, श्याम बिहारी, रविन्द्र नाथ, राम गोपाल मौर्य, अनूप कुमार, आरबीएस कुशवाहा, ललित कुमार श्रीवास्तव, अभिनव किशोर श्रीवास्तव, प्रवीन कुमार, राकेश कुमार, रमेश प्रजापति, आरसी मौर्य, मंजीत गुप्ता, राजेन्द्र प्रसार, उज्जवल गुप्ता, आरके सिंह उल्लेखनीय योगदान दिया।

## एक नजर



# उप्र आदर्श व्यापार मंडल का ईद एवं होली मिलन समारोह

**लखनऊ।** उप्र आदर्श व्यापार मंडल, गणेशगंज नाका बाजार इकाई के तत्वाधान में शनिवार देर शाम होली मिलन एवं ईद मिलन समारोह का कार्यक्रम नाका चौराहा पर स्थित ए एन आर होटल में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप्र आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्तामौजूद रहे तथा इस अवसर पर बोलते हुए उप्र आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा होली का त्योहार अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश देता है तथा ईद 30 दिन तक मुस्लिम भाइयों के रोजा रखने पर अल्लाह की तरफ से इनाम है उन्होंने कहा दोनों ही त्यौहार एकता एवं भाईचारे का संदेश देते हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने उप्र आदर्श व्यापार मंडल गणेशगंज नाका बाजार इकाई के पदाधिकारियो को लखनऊ गौरव सम्मान से सम्मानित किया। ष्लखनऊ गौरव सम्मानष् से सम्मानित होने वाले पदाधिकारियो में उप्र आदर्श व्यापार मंडल, गणेशगंज नाकाबाजार इकाई के अध्यक्ष तस्लीम कुरैशी ,महामंत्री यश सिंह, कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल ,संरक्षक प्रदीप गुलाटी, संरक्षक साहिल सिद्दीकी ,गीता प्रजा.पति, आमिर कुरैशी, पप्पू प्यारे, सचिन अग्रवाल ,अज्जू खान ,अनूप गुप्ता ,अंबे साहू, विधि सलाहकार राजेंद्र सोनकर ,पंकज प्रमुख रूप से रहे तथा कार्यक्रम में उप्र आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ,नगर उपाध्यक्ष राधेश्याम चौरसिया, चंद्रशेखर ,भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बसपा सरकार बनाने का संकल्प

**बिजनौर।** बहुजन समाज पार्टी कार्यालय पर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डीपी सिंह ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के वरिष्ठ नेता हरदयाल सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वीपी सिंह एवं अरुण कुमार उर्फ रॉनी ने शिरकत की। बैठक के दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा वीपी सिंह और अरुण कुमार उर्फ रॉनी को मंडल कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंडल कोऑर्डिनेटर वीपी सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी सर्व समाज को जोड़ने का कार्य करेगी और सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेगी, ताकि वर्ष 2027 में बसपा की सरकार बन सके।

# मेडिकल परीक्षण कराने जा रही पुलिस पर हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जमीन के विवाद में शांतिभंग की कार्रवाई कर आरा.पी को मेडिकल के लिए ले जा रही पुलिस टीम पर थाने के बाहर एक महिला समेत तीन लोगों ने हमला बोल दिया। इस दौरान बीच बचाव में आए सिपाही की वर्दी फाड़ दी गई और दरोगा का नेमप्लेट नोच कर फेंक दिया गया।

इस दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास किया लेकिन उसे पुलिस कर्मियों ने पांच सौ मीटर दौड़ाकर पकड़ लिया। चौकी प्रभारी गंगोत्री नगर की तहरीर पर नैनी पुलिस ने आरोपी, उसकी पत्नी सहित तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर के अनुसार पुलिस ने मध्य प्रदेश के रीवा जिला त्योथर सरई गांव निवासी दिलीप कुमार सिंह हाल पता चाका शक्तिनगर कालोनी को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसे न्यायालय कार्यपालक मजिस्ट्रेट मेजा के सामने पेश करने से पहले मेडिकल के लिए सीएचसी चाका ले जाने के लिए पुलिस टीम निकली थी। थाने के सामने ही आरोपी को छुड़ाने की नियत से उसकी पत्नी और उसके साथ मौजूद अन्य लोगों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। शोरगुल सुनकर थाने में तैनात सिपाही गोपाल चाहर मौके पर पहुंचे। हमलावरों ने उसकी वर्दी फाड़ दी। दरोगा अंकित का नेम प्लेट नोचकर फेंक दिया गया।

**ध्वस्त किया अवैध निर्माण**

**प्रयागराज।** अवैध निर्माण के खिलाफ जारी अभियान के तहत प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्धपीडीएत्रः की टीम ने अशोक नगर में अवैध निर्माध ध्वस्त कर दिया। पीडीए के उपाध्यक्ष ऋषि राज ने बताया कि निर्माणकर्ता को भूमाफिया के रूप में चिह्नित किया गया है। उसने बिना मानचित्र स्वीकृत कराए दो मंजिल का भवन बनवा लिया और उसमें कई फ्लैट बना लिए। नियमों का उल्लंघन कर बनाए गया भवन वहां रह रहे लोगों के लिए सुरक्षित नहीं था।

# मध्य पूर्व के तनाव ने नगीना की 'काष्ठ कला' पर लगाया ग्रहण

## निर्यात ठप होने से हजारों कारीगरों के सामने रोजी-रोटी का संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ईरान-इजरायल और लाल सागर में बढ़ते तनाव ने विश्व बाजार को तो हिलाया ही है, लेकिन इसका सबसे बुरा असर उत्तर प्रदेश के नगीना के ऐतिहासिक काष्ठ कला उद्योग पर पड़ा है। कच्चे माल की आसमान छूती कीमतों और निर्यात में आ रही भारी बाधाओं के कारण यह उद्योग अब अपनी सबसे कठिन चुनौतियों का सामना कर रहा है।

नगीना के निर्यातकों का कहना है कि युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग बाधित होने से यूरोपीय और मध्य पूर्वी देशों के लिए माल भेजना जोखिम भरा हो गया है। शिपिंग कंपनियों ने बीमा प्रीमियम और माल ढुलाई (Freight) दरों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी कर दी है। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, कंटेनर के दामों में हुई बेतहाशा वृद्धि ने नगीना की लकड़ी के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में महंगा कर दिया है, जिससे विदेशी खरीदारों ने या तो अपने ऑर्डर श्होल्डश् कर दिए हैं या उन्हें रद्द कर दिया है। वैश्विक तनाव का असर केवल निर्यात पर ही नहीं, बल्कि कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला पर भी पड़ा है। काष्ठ कला के लिए जरूरी सामग्री की कमी हो गई है और कीमतें पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ गई हैं। लागत बढ़ने और ऑर्डर मिलने में देरी के चलते नगीना के कई छोटे-बड़े कारखाने बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। इस उद्योग पर निर्भर सैकड़ों कुशल कारीगरों और मजदूरों की आजीविका पर अब सीधा संकट छा गया है। काम न होने के कारण कारीगरों के सामने परिवार का पेट पालने की समस्या पैदा हो गई है। दिल्ली में होने वाली बड़ी प्रदर्शनियों से जो उम्मीदें थीं, वे भी अब अनिश्चितता के काले बादलों के नीचे दबी हुई नजर आ रही हैं। व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि इस कठिन दौर में उन्हें वित्तीय राहत दी जाए। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो नगीना की विश्व प्रसिद्ध काष्ठ कला को पुनर्जीवित करना एक बड़ी चुनौती होगी।

# मनोज बने समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**प्रयागराज।** समाजवादी मजदूर सभा की एक आवश्यक बैठक लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। इस दौरान सर्व सम्मति से लिए गये निर्णय के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाज वादी पार्टी व श्याम लाल पाल अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, उप्र के द्वारा संस्तुति के साथ मनोज श्रीवास्तव को जनता के बीच उनकी स्वच्छ छवि और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।एजी आफिस ब्रदर हुड के पूर्व रह चुके मनोज श्रीवास्तव ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि पार्टी ने उनके कंधे पर जिस विश्वास के साथ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे खरे उतरने की हर संभव कोशिश करते रहेगे। इसके साथ ही जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे, ताकि उनके प्रति जो विश्वास लोगों के अन्तर्मन में है, वह और भी प्रगाढ हो सके। कर्मचारी राजनीत में भी मनोज श्रीवास्तव का सभी के साथ अच्छा योगदान रहा है। इनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा एवं लगातार फोन की घंटियां बजती रहीं, कर्मचारियों में भी खुशी की लहर देखी गयी।



# आज से बदल गया प्रयागराज के विमानों की आवाजाही का समय

**प्रयागराज।** नागरिक उड्डयन निदेशालय द्धडीजीसीएत्रः का समर शेड्यूल रविवार से लागू हो गया। इस वजह से प्रयागराज एयरपोर्ट पर आने-जाने वाली लगभग सभी उड़ानों के समय में बदलाव किया गया है। इंडिगो और एलायंस एयर की उड़ानों में 15 मिनट से लेकर ढाई घंटे तक का अंतर आएगा। नए शेड्यूल के मुताबिक, इंडिगो की दिल्ली फ्लाइट अब दोपहर 3:10 के बजाय करीब ढाई घंटे पहले यानी दोपहर 12:50 बजे रवाना होगी। हैदराबाद की फ्लाइट अब दोपहर 1:15 के स्थान पर सुबह 11रू40 बजे उड़ेगी। वहीं, बंगलूरू की उड़ान अब दोपहर 12:55 के बजाय 2:15 बजे प्रस्थान करेगी। उधर, दिल्ली और बिलासपुर के लिए सरकारी कंपनी एलायंस एयर की उड़ान अब सप्ताह में सिर्फ एक दिन ही संचालित होगी।

# सरकारी जमीनों को अवैध कब्जे से कराया गया मुक्त

**प्रयागराज।** थाना समाधान दिवस पर मिली शिकायतों के आधार पर डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर सभी तहसीलों में सरकारी जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। शनिवार को थाना दिवस पर मिली शिकायतों के आधर पर तहसीलदार बारा ने तहसील बारा के तहत ग्राम सुरवल चन्देल में नाली, सोपरी में नवीन परती, चिल्ला गौहानी में तालाब, लकहर में चकमार्ग व तेलघना में रास्ते पर हुए अवैध कब्जे को अतिक्रमण मुक्त कराया। तहसीलदार सोरांव ने तहसील सोरांव में सत्येन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा आराजी संख्या 613 पर हो रहे अवैध कब्जे, शरीफ अहमद द्वारा नवीन परती की आराजी संख्या 8 व 561 पर अवैध कब्जे को हटाया। इसके हलावा चकमार्ग आदि की भूमि से भी अतिक्रमण हटाया गया। तहसील कोरांव में भूमिधरी की जमीन सहित कई स्थानों से अवैध कब्जा हटाया गया। फूलपुर में चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए कई स्थानों से अवैध कब्जा हटाया गया। हंडिया के गांव ग्राम दमगढ़ा, ग्राम माधोपुर सियाडीह में अवैध कब्जा हटाया गया। मेजा में सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण राजस्व व पुलिस बल द्वारा अभियान चलाकर हटवाया गया है। इसके अलावा तहसील सदर के असरावे कला में भी अवैध कब्जा हटाया गया।

# यहियागंज में होली-ईद मिलन समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ ।** यहियागंज व्यापार मंडल द्वारा गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में भव्य होली एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन जगदीशपुर धर्मशाला, कोयला मंडी, ऐशबाग, लखनऊ में बड़े उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर यहियागंज बाजार के विकास एवं व्यापारिक गतिविधियों को दिशा प्रदान करने वाले वरिष्ठ व्यापारियोंकृसुनील कुमार, टीकम सुमानी, अशोक कुमार गुप्ता, मुन्नू लाल गुप्ता, सखावत अली, विपिन रस्तोगी, हरिशंकर जायसवाल, सुधीर रस्तोगी, प्रभात चन्द्र रस्तोगी, सतीश गोयल, दिनेश चन्द्र गुप्ता, पवन अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, घनश्याम गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, सतीश चन्द्र मिश्रा, वेदनाथ गुप्ता, दिनेश कुमार कन्नौजिया एवं वंशीधर शुक्ला को 'भामाशाह सम्मान' से अलंकृत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि यहियागंज बाजार प्रदेश की सबसे बड़ी एवं ऐतिहासिक बाजारों में से एक है, जहां सभी धर्मों एवं समुदायों के व्यापारी वर्षों से मिल-जुलकर व्यापार कर रहे हैं। यहां गंगा-जमुनी तहजीब केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न अंग है।लखनऊ व्यापार मंडल से पधारे अतिथियों में चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, पवन मनोचा, विनोद महेश्वरी, अनुराग मिश्र, अभिषेक खरे, उमेश शर्मा, जितेन्द्र सिंह चौहान, युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री सुमित गुप्ता एवं महामंत्री प्रियांक गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियों का मंच पर स्वागत युवा अध्यक्ष कुश मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री समीर जैन, सनी लालवानी, विशाल गुप्ता, जितेन्द्र सुमानी एवं सेहरान अब्बास द्वारा अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, नीरज गुप्ता, प्रशान्त गर्ग, नरेश कुमार, अनस शम्सी, संजय अग्रवाल, युवा अध्यक्ष कुश मिश्रा, समीर जैन, सतीश मिश्रा, राजेश गुप्ता, रोहित गुप्ता, हाजी सईद अहमद, रविकान्त श्रीवास्तव, नवीन मल्होत्रा, विनय गुप्ता, निखिल गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, ओमप्रकाश ठाकुर, सुशील जायसवाल, रतन चौरसिया, हर्षित जायसवाल, सूरज सोनी, रिजवान, जितेन्द्र सुमानी, सनी लालवानी, मनु अग्रवाल, वैभव जैन, दीपक गुप्ता, शिवम गुप्ता, श्रेयांश जैन, संजीव जायसवाल, रामगनेश शुक्ल, कुलदीप गुप्ता, अनुराग पाण्डेय, प्रणय गुप्ता एवं दुर्गेश गुप्ता सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर दो युवकों से ठगी

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज कस्बे के पड़ाव मोहल्ला निवासी एक युवक से नौकरी का झांसा देकर दो युवकों ने हजारों रूपये की ठगी कर दी। पीड़ित युवक ने थाने पर तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। रविवार को पीड़ित युवक सागर गुप्ता ने बताया कि बीते साल 19 अगस्त को विपक्षी रूद्र उर्फ अंकित मिश्रा निवासी चंदापुर थाना वजीरगंज और अभिनव तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी निवासी लौव्वाबीरपुर ने अयोध्या उद्धम विभाग में नौकरी लगवाने की बात कही और 50 हजार रूपये की मांग की थी। पीड़ित युवक दोनों आरोपियों के झांसे में आ गया और 25 हजार रूपये उनके खाते में ट्रांसफर कर दिये थे। जब नौकरी नहीं लगी तब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे। आरोपियों ने कई किस्तों में 12 हजार रूपये वापस किये।

## पीएम के मन की बात सुनी

**नूरपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शक्ति केंद्र रविदास नगर के बूथ संख्या 258 पर ब्लाक परिसर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल आदि उपस्थित रहे।

# नहटौर में भाजपा सरकार में विकास जीरो

## जर्जर बाईपास का निर्माण न कराए जाने की सजा भुगत रहे वाहन चालक व स्थानीय नागरिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर क्षेत्र की जनता को भाजपा सरकार में जिस तरह से विकास कार्यों की उम्मीद थी, वह नहीं हो पाए है। क्षेत्र की जनता पूर्व मंत्री व क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर मूलचंद चौहान के कार्यकाल को याद करते हुए कहती है कि धामपुर व नूरपुर मार्ग को मिलाने वाले बाईपास मार्ग का निर्माण उनके कार्यकाल में कराया गया था और इसके बाद आज तक इस मार्ग की जर्जर हालत को देखते हुए फिर से निर्माण नहीं कराया गया है।





प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर में गांगन नदी के समीप धामपुर मार्ग से नूरपुर मार्ग को जोड़ने के लिए एक बाईपास का निर्माण कराया गया था। पूर्व में इस बाईपास पर आबादी भी नहीं थी। बाद में इस मार्ग पर कांशीराम कॉलोनी का निर्माण कराया गया और इसके अलावा काफी बड़ी बस्ती यहां पर बन गई है। सबसे अहम बात यह है कि नहटौर नगर में आएदिन जुलूस व शोभायात्राएं निकलती रहती हैं। पूर्व में यह जुलूस व शोभायात्राएं काफी छोटी होती थी। लेकिन भाजपा सरकार में इनकी लम्बाई व संख्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। यह जुलूस व शोभायात्राएं मुख्य मार्ग से ही निकलती है। नहटौर पुलिस हल्दौर चौराहे पर बैरियर लगा देती है। साथ ही बाईपास के समीप मुस्लिम कॉलेज के सामने भी बैरियर लगा दिया जाता है। पुलिस के द्वारा नहटौर नगर के मुख्य मार्गों को यातायात के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया जाता है। लेकिन इसकी सजा वाहन में सवार हजारों नागरिकों व ट्रक चालकों को भुगतनी पड़ती है। जर्जर बाईपास काफी सकरा है और इस पर अतिक्रमण भी है। जब वाहन यहां से गुजारे जाते है, तो काफी लम्बा जाम लग जाता है। घंटों जाम में वाहन फंसे रहते है। मुख्य मार्ग बंद कर पुलिस समझती है कि उनका फर्ज पूरा हो गया है। बाईपास मार्ग पर जाम खुलवाने के लिए पुलिस मौजूद नहीं रहती है। जब वरिष्ठ अधिकारियों को कॉल की जाती है, तब जाकर एक-दो पुलिसकर्मी यहां पर आते है और जाम खुलवाने का प्रयास करते हैं। लेकिन जाम बामुश्किल खुल पाता है। क्योंकि एक साथ दो वाहनों के निकलने की जगह इस बाईपास पर नहीं है। यह बाईपास कही पर काफी चौड़ा है और कहीं पर काफी सकरा है। जिसकी वजह से वाहन आमने-सामने फंस जाते है। बाईपास की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि भारी वाहनों के चालकों को बहुत मुसीबत का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग इतना लम्बा है कि इसके सही निर्माण में करोड़ों रुपए खर्च होंगे। नगर पालिका के पास इतना बजट नहीं होता है कि वह इस बाईपास का निर्माण करा सके। यह काम विधायक निधि और सरकार के द्वारा दी जाने वाली स्पेशल ब्राण्ड से ही हो सकता है। मगर भाजपा सरकार का इतना लम्बा कार्यकाल हो जाने के बावजूद आज तक इस बाईपास का निर्माण नहीं कराया गया है। क्षेत्र की जनता तो परेशान है ही, साथ ही जाम में फंसने वाले वाहन चालक व सवारियां उससे ज्यादा परेशान रहती हैं। भीषण गर्मी में घंटों फंसे रहने की वजह से यात्रियों को काफी ज्यादा परेशानी होती है।

भाजपा सरकार में इस अव्यवस्था से सभी परेशान है। जनता का मानना है कि अगर प्रदेश में सपा की सरकार होती, तो अब तक इस बाईपास का निर्माण हो गया होता। क्षेत्र की जनता का मानना है कि यहां से पूर्व में विधायक रह चुके ठाकुर मूलचंद चौहान ने रिकार्ड विकास कार्य कराए थे। उनका पूरा कार्यकाल विकास कार्यों को ही समर्पित था। उनके विधायक न रहने के बाद से क्षेत्र की उपेक्षा हो रही है। साथ ही कोई अन्य जनप्रतिनिधि भी इस तरफ गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है।

# जिला महामंत्री का स्वागत किया

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज कस्बे में रविवार को पंहुचे नवनियुक्त भाजपा जिला मंत्री विष्णु प्रताप पांडे का भाजपा पदा.धिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।थाना चौराहे के पास स्थित शेखर नर्सिंग होम पर आयोजित सम्मान समारोह में भाजपा नेता गिरजेश त्रिपाठी श्लल्लूश के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं एंव भाजपा पदाधिकारियों ने जिला मंत्री को माला पहनाकर उनका स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई थी। कार्यक्रम में सूरज मिश्रा, अनिल सिंह, रमेश पांडे, डीके तिवारी, राम मनोरथ, विशाल तिवारी, कलेबाज सिंह, मनीष दुवेदी, विक्की मिश्रा, शुभम त्रिपाठी सहित तमाम कार्यकता मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अखिलेश यादव ने फूंका 2027 का चुनावी बिगुल

## समाजवादी समानता भाईचारा रैली में उमड़ा जनसैलाब, शक्ति प्रदर्शन से हिला सत्ता पक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश की सियासत में रविवार को एक बड़ा अध्याय तब जुड़ा जब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दादरी के मिहिर भोज डिग्री कॉलेज मैदान पहुंचे। श्समाजवादी समानता भाईचारा रैलीश के जरिए अखिलेश यादव ने न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी पैठ मजबूत करने का संदेश दिया, बल्कि 2027 विधानसभा चुनाव का औपचारिक शंखनाद भी कर दिया। रैली में उमड़ी हजारों की भीड़ और कार्यकर्ताओं का जोश सपा के बढ़ते प्रभाव की गवाही दे रहा था।

रैली की शुरुआत में अखिलेश यादव ने 9वीं सदी के गुर्जर-प्रतिहार वंश के महान शासक सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने गंगाजल से प्रतिमा का प्रतीकात्मक शुद्धिकरण भी किया। इस कदम को क्षेत्र के गुर्जर समाज और स्थानीय भावनाओं से जोड़ने की एक बड़ी राजनीतिक कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर तीखा पलटवार किया, जिसमें नोएडा आने को लेकर अंधविश्वास की बात कही गई थी। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा, जितनी उन दोनों ने मिलकर चाय नहीं पी होगी, उससे ज्यादा बार मैं नोएडा अपने कार्यकर्ताओं के घर आया हूँ। उन्होंने याद दिलाया कि सपा सरकार ने ही नोएडा को मेट्रो और विकास के बड़े प्रोजेक्ट्स दिए थे।

**पीडीए फॉर्मूले पर जोर: पीड़ित, दुखी और अपमानित ही असली पीडीए:** अखिलेश यादव ने अपनी चुनावी रणनीति पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को एक नया आयाम देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति पीड़ित, दुखी और अपमानित महसूस कर रहा है, वही च्क्। का हिस्सा है। उन्होंने ऐलान किया कि अगर भविष्य में सपा की सरकार बनती है, तो पीडीए समाज के महापुरुषों की याद में भव्य स्मारक बनवाए जाएंगे। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि 2027 का चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रदेश के सम्मान की लड़ाई है।

**दिग्गज नेताओं की मौजूदगी और शक्ति प्रदर्शन:** मंच पर अखिलेश यादव के साथ पार्टी के कई वरिष्ठ सांसद, विधायक और पश्चिमी यूपी के कद्दावर नेता मौजूद रहे। रैली का आयोजन मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी और स्थानीय इकाई द्वारा किया गया था। सपा के इस भारी जमावड़े ने साफ कर दिया है कि पार्टी अब उन क्षेत्रों में भी भाजपा को कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है, जिन्हें कभी भगवा दल का गढ़ माना जाता था।

**2027 के लिए दादरी ही क्यों?:** राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि अखिलेश यादव ने अपनी चुनावी मुहिम का आगाज दादरी से इसलिए किया ताकि वह श्नोएडा जिंक्सश (अंधविश्वास) को पूरी तरह खत्म कर सकें और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहरी व ग्रामीण मतदाताओं के बीच एक नया आत्मविश्वास पैदा कर सकें।

# साइलेंसर से पटाखों की आवाज निकाल रहे दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सड़कों पर मॉडिफाई बुलेट बाइक पर सवार होकर स्टंटबाजी के साथ ही उसके साइलेंसर से पटाखों जैसी तेज आवाजें निकाल कर लोगों को परेशान कर रहे दो युवकों को थाना बिसरख पुलिस ने गिरफ्तार कर बाइक सीज कर दिया है।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शनिवार रात को थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि पंचशील ग्रीन-1 सोसायटी के बाहर दो लड़के एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर साइलेंसर के माध्यम से पटाखे की तरह आवाज निकालकर शोर मचा रहे हैं। वहीं

स्थानीय लोगों के मुताबिक, इन युवकों ने अपने चेहरे पर नकाब बांध रखा था और मोटरसाइकिल पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था।

उन्होंने बताया कि थाना बिसरख पुलिस को जैसे ही इस हुड़दंग की सूचना को मिली, पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस ने दोनों लड़कों की पहचान कर यातायात नियमों का उल्लंघन और शांति भंग करने वाली धाराओं में गिरफ्तार कर उनकी मॉडिफाई बुलेट बाइक को भी नियमानुसार सीज कर दिया है।

## मोबाइल फोन पर बातें करने पर 68 वाहनों के चालान

**नोएडा।** यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान रविवार को भी जारी रहा। रविवार को अलग-अलग नियम तोड़ने पर 5857 वाहनों के चालान किए गए। अधिकारियों ने बताया कि हेलमेट नहीं लगाने पर 2439, तेज गति से चलने पर 323, मोबाइल फोन पर बातें करने पर 68, नो पार्किंग में वाहन खड़े करने पर 509 वाहनों के चालान किए गए। विपरीत दिशा में चलने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत 309 वाहनों के चालान किए गए। इनके अलावा कागजात नहीं होने पर 6 वाहनों को सीज किया गया।

# मुर्गा फार्म हाउस के मालिक की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना जारचा क्षेत्र के खटाना गांव के एक मुर्गा फार्म हाउस के मालिक की लोहे के पाइप से हमला कर हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारा. पी मुख्य अभियुक्त व उसके साथी को गिरफ्तार कर में प्रयुक्त लोहे की रॉड/पाईप व चाकू बरामद किया है। इसके अलावा इसी थाने की पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि खटाना गांव में स्थित एक मुर्गा फार्म हाउस के मालिक प्रशांत सिंह उम्र 33 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर में चोट मार कर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि थाना जारचा पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मात्र 24 घंटे के अंदर हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्यारोपी मुख्य अभियुक्त यशवीर उर्फ सूखा पुत्र तेजपाल सिंह तथा हरदम पुत्र नौबत को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड/पाईप व चाकू बरामद किया गया है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि मुख्य अभियुक्त यशवीर उर्फ सूखा पूर्व में मृतक प्रशांत सिंह के यहां लगभग दो माह तक कार्य करता था। इस दौरान मृतक द्वारा शराब के नशे में अक्सर यशवीर के साथ गाली-गलौज व



मारपीट की जाती थी। 27/28 मार्च 12026 को भी मृतक द्वारा अत्यधिक शराब के सेवन के बाद यशवीर के साथ दुर्व्यवहार किया गया, जिससे आक्रोशित होकर यशवीर ने घर में रखी लोहे की पाइप से मृतक के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सह-अभियुक्त हरदम द्वारा घटना की जानकारी होने के बावजूद इसे छिपाता रहा तथा मुख्य अभियुक्त के साथ मिलकर अपराध में सहयोग किया गया।

थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इसके अलावा चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार से अवैध शस्त्र के साथ 4 अभियुक्त धर्मेंद्र पुत्र विनोद, कुणाल पुत्र संजीव, राहुल पुत्र सूरज तथा विशाल पुत्र स्व. विजय को खुर्शीदपुरा नहर पटरी से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 1 पिस्टल 2 मैगजीन, 19 कारतूस बरामद हुए हैं।

## एक नजर

### जमीन खरीदने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के आसपास कुछ गांवों की जमीन अधिग्रहीत होनी बाकी है। अब एयरपोर्ट शुरू होने के चलते यहां संपत्ति खरीदने वालों की मांग बढ़ेगी। इसको देखते हुए प्राधिकरण जमीन खरीदने की प्रक्रिया में तेजी लाएगा।नोएडा का अधिकांश हिस्सा विकसित हो चुका है। अब सिर्फ एक्सप्रेसवे के आसपास ही कुछ गांवों के आसपास जमीन खाली पड़ी है। यहां से जेवर में बने एयरपोर्ट की दूरी भी 30-40 किलोमीटर ही है। ऐसे में यहां जमीन लेने वालों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। प्राधिकरण के पास अभी यहां जमीन कब्जे में नहीं है। किसानों से जमीन लेनी पड़ेगी। इसको देखते हुए अधिग्रहण की तेजी में लाई जाएगी। किसानों से आपसी सहमति से जमीन लेने पर ज्यादा जोर रहेगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि यहां के बचे हिस्से में अधिक संख्या में इंडस्ट्री के आने का अनुमान है। इसको देखते हुए यहां पर सनराइज और औद्योगिक क्लस्टर बनाए जाएंगे। सनराइज सेक्टर के रूप में यहां अधिक आईटी कंपनियों के आने की संभावना है। गुरुग्राम से यहां कई बड़ी कंपनियां अपना दफ्तर खोलेंगी। इसके अलावा औद्योगिक विकास के लिए क्लस्टर बनाए जाएंगे। यहां बड़े भूखंड इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। सेक्टर-164 में मोबाइल और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग हब बनाया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार से योजना तैयार की जाएगी जिससे कि जमीन का अधिकमत उपयोग हो सके।

### हथियार तस्कर गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा स्थित जारचा थाना पुलिस ने अपराध और अवैध शस्त्र तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से अवैध एक पिस्टल, दो मैगजीन, 19 जिंदा कारतूस और एक कार बरामद की है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया गत शनिवार को जारचा थाना पुलिस टीम द्वारा स्थानीय खुफिया की सहायता से क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान खुर्शीदपुरा नहर पटरी के पास एक संदिग्ध सफेद रंग की बलेनो कार को रुकने का इशारा किया गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें सवार चार युवकों के पास से अवैध हथियार बरामद हुए। जिनकी पहचान धर्मेंद्र, कुणाल, राहुल व विशाल गांव उजीना थाना नूहू जनपद नूंह मेवात हरियाणा के रहने वाले हैं ।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### जिला अस्पताल में कैंसर डे केयर शुरू नहीं होगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला अस्पताल में कैंसर डे केयर शुरू नहीं होगा। प्रबंधन ने शासन को पत्र लिखकर इसे जिम्स में शुरू करने का आग्रह किया है। पत्र में कैंसर डे केयर के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी और सुविधाएं न होने का हवाला दिया है।प्रत्येक जिले के जिला अस्पताल या किसी अन्य सरकारी चिकित्सकीय संस्थान में एक डे केयर सेंटर शुरू करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। इसका मकसद है कि कैंसर के मरीजों को कीमोथेरेपी सहित अन्य इलाज के लिए बार-बार कैंसर अस्पतालों का चक्कर न लगाना पड़े।

# युवती ने किया सुसाइड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-32 स्थित अमौर सोसायटी में रविवार को एक युवती (21) ने बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान पहचान अर्पिता के रूप में हुई है।

अर्पिता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के मंडेरवा गांव की निवासी थी। उसके पिता कारोबारी है। उनका नाम संजय है। वह वर्तमान में अपने परिवार के साथ नोएडा में रह रही थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-24 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक युवती अर्पिता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के मंडेरवा गांव की रहने वाली थी। वह पंजाब के एक कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रही थी। बताया जा रहा है कि वह दो दिन पहले ही पंजाब से नोएडा आई थी। परिवार के लोग इस घटना से पूरी तरह टूट गए हैं और कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं।

परिजनों का कहना है कि अर्पिता पिछले कुछ समय से किसी बात को लेकर मानसिक तनाव में थी। हालांकि, उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसका सही कारण अभी साफ नहीं हो पाया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है, जिससे घटना की वजह का पता चल सके। पुलिस अब युवती के मोबाइल फोन की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह किन लोगों के संपर्क में थी और उसके मन में क्या चल रहा था। कॉल डिटेल और मैसेज की भी जांच की जा रही है।

## बस पर चढ़ते समय गिरकर महिला की मौत

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे पर स्थित एक ढाबे के निकट बस पर चढ़ते समय महिला सड़क पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। जेवर कोतवाली पुलिस के मुताबिक दिल्ली के हर्ष विहार में रहने वाली 55 वर्षीय महिला पुष्पा शर्मा शनिवार की रात एक बस में सवार होकर जा रही थीं। यमुना एक्सप्रेसवे पर एक ढाबे पर सुबह करीब 3:00 बजे चालक ने चाय पीने के लिए बस को रोका। इसी बीच अचानक बस स्टार्ट नहीं हुई। कुछ सवारी बस में धक्का लगने लगी। इसी बीच महिला पुष्पा बस में चढ़ने लगी और अचानक से नीचे सड़क पर गिर गई। सिर में चोट लगने की वजह से महिला को तुरंत नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि इस घटना की सूचना महिला के परि. जनों को दी गई।

# कुछ को नहीं मिला, कई को खुली सील दिए सिलिंडर, हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सर्फाबाद स्थित गैस गोदाम पर रविवार को सिलिंडर न मिलने पर लोगों ने जमकर हंगामा किया। वे सुबह के वक्त ही लाइन में लग लग गए थे। आक्रोशित लोगों की गोदाम के स्टाफ के साथ नोकझोंक भी हुई। लोगों का आरोप है कि कनेक्शन होने पर भी उनकी बुु. कंग स्वीकृत नहीं की जा रही है। साथ ही सील खोलकर सिलिंडर वितरण करने का भी आरोप लगाया।

गढ़ी निवासी बब्बू ने बताया कि एक महीने पहले सिलिंडर खत्म हो गया। अब बुकिंग तो कर दी है लेकिन सिलिंडर नहीं मिल रहा। छोटे सिलिंडर में गैस भरवाकर काम चलाना पड़ रहा है। सेक्टर-52 के रहने वाले विनीत कुमार ने बताया कि सिलिंडर सील तोड़कर दिए जा रहे हैं। आपत्ति जताने पर सिलिंडर न देने की धमकी दे रहे हैं। लोगों का आरोप है कि एलपीजी सिलिंडर को लेकर बढ़ रही अव्यवस्था पर काबू पाने में प्रशासन पूरी तरह से विफल है। धड़ल्ले से इसकी कालाबाजारी, अवैध तरीके से छोटे सिलिंडर में गैस भरने का धंधा चल रहा है। इसपर प्रशासन ने अभी तक कार्रवाई तक नहीं की है। एजेंसी और गोदामों पर चेकिंग के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। रविवार को सुबह से कतार में खड़े लोगों को जब दोपहर तक सिलिंडर नहीं मिला तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि जिन लोगों के कनेक्शन एजेंसी पर नहीं हैं, उन्हें भी सिलिंडर दिया जा रहा है।

**सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद भी समाधान नहीं:** गैस सिलिंडर की कालाबाजारी से परेशान लोगों ने सरकार तक से गुहार लगाई। सेक्टर-52 के रहने वाले पवन कुमार ने बताया कि उन्होंने सीएम पोर्टल पर इसकी शिकायत की। 10 दिन बाद भी कोई समाधान नहीं मिला। ऑनलाइन सिलिंडर बुक करने पर 45 दिन की अवधि तय होने से दोबारा बुकिंग नहीं हो पा रही है। एजेंसी से भी सिलिंडर नहीं दिया जा रहा है।

# नोएडा एयरपोर्ट पर विश्वस्तरीय सुरक्षा का इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लोकार्पण के बाद यापल संच. ालन की तैयारियों में जुटा है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एयपोर्ट पर विश्वस्तरीय सुरक्षा देने के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। रनवे पर निगरानी के लिए हाई रेजोल्यूशन कैमरे लगाए गए हैं। भारत में निर्मित अत्याधुनिक मिनी रिमोटली आपरेटेड व्हीकल (एमआरओवी) रोबोटिक सिस्टम बेहद जोखिम वाले बम का पता लगाने और निष्क्रिय करने के लिए सीआईएसएफ की क्विक रिएक्शन टीम को सौंपा जा चुका है।

एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. ने सिक्योरिटी डिफेंस सिस्टम द्वारा विक. सित मिनी रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल को तैनात दी है। भारत में निर्मित अत्याधुनिक एमआरओवी रोबोटिक सिस्टम बेहद जोखिम वाले बम का पता लगाने और निष्क्रिय करने के लिए



तैयार किया गया है। इस दूर बैठकर वायरलेस सिस्टम से ऑपरेट किया जाता है। एमआरओवी में लगे सेंसर संदिग्ध वस्तु या बम का पता लगाकर बहुत कम समय में सुरक्षित स्थान पर ले जाकर बम आदि को निष्क्रिय करने की क्षमता है।

इस सिस्टम से एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षित रखते हुए तेजी से सटीक और जीवन रक्षक आप. रेशन को आपातकाल में पूरा किया जा सकता है। 4200 मीटर लंबे रनवे की निगरानी के लिए प्रत्येक 50 मीटर पर हाई रेजोल्यूशन एआई कैमरे लगाए गए है। साथ ही, प्रत्येक 100 मीटर पर 360 डिग्री नजर रखने के लिए भी अलग से एआई कैमरे लगाए गए हैं।

**सीआईएसएफ ने संभाली एयरपोर्ट की सुरक्षा:** एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से 1030 सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) जवानों की तैनाती के लिए स्वीकृत दी गई थी। जिसके बाद सीआईएसएफ ने एयरपोर्ट की सुरक्षा को संभाल लिया है। उत्तर प्रदेश पुलिस की तरफ से एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए घरेलू और अंतराष्ट्रीय यात्रियों के लिए दो पुलिस थानों में विशेष प्रशिक्षण पुलिसकर्मीयों की तैनाती की जा रही है। साथ ही यापल के निजी सुरक्षा कर्मी भी एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

**क्यूआरटी बख्तरबंद गाड़ी से होगी लैस:** सीआईएसएफ जवानों की तैनाती के साथ ही क्विक रिएक्शन टीम को आतंकी हमले जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए बख्तरबंद एसयूवी दो वाहन को सौंपे गए हैं। ये बख्तरबंद वाहन बी-6 स्तर की बैलिस्टिक सुरक्षा के लिए 270 डिग्री रेंज के साथ गन बुर्ज पर मशीनगन और मल्टी लेयर्ड बुलेटप्रूफ ग्लास से लैस जो सुरक्षा कर्मियों को भी ग्रेनेड और माइंस के हमले से बचाने वाली बख्तरबंद गाड़ी की तैनाती की गई है।

# रोज 100 से ज्यादा लोगों पर कुत्ते कर रहे हमला

**नोएडा।** तमाम प्रयासों के बावजूद लावारिस कुत्तों का हमला कम नहीं हो रहा है। अब भी शहर में रोजाना 100 से अधिक लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। ये लोग जिला अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने पहुंच रहे हैं।

जिला अस्पताल के सीनियर फार्मासिस्ट गिरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अस्पताल में रोजाना 200 से 400 एंटी रेबीज वैक्सीन की डोज लगाई जाती हैं। इसमें से 30 से 35 फीसदी लोग पहली डोज लगवाने वाले होते हैं। वहीं अन्य लोग दूसरी, तीसरी या चौथी डोज वाले होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक रोजाना 100 से अधिक नए लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। लावारिस कुत्तों के संबंध में नोएडा प्राधिकरण की ओर से शेल्टर होम बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा नसबंदी की प्रक्रिया भी लगातार जारी है। इसके बावजूद शहर में कुत्ते काटने के मामले कम नहीं हो रहे हैं। सेक्टर और सोसाइटी की आरडब्ल्यूए, एओए की ओर से प्रयास करके कुत्तों के फीडिंग पॉइंट निश्चित स्थान पर बनाए जा रहे हैं ताकि लावारिस कुत्ते इधर-उधर न भटके और सेक्टर निवा. सियों को उनका शिकार न होना पड़े।

**24 घंटे में पहली डोज जरूरी:** गिरेंद्र ने बताया कि यदि किसी को कुत्ते ने काटा है तो 24 घंटे में पहली डोज लगवा लेनी चाहिए। तीसरे दिन दूसरी और सातवें दिन तीसरी डोज और 28वें दिन चौथी डोज लगाई जाती है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी सीएचसी पर एंटी रेबीज सीरम उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करवाई जा रही है ताकि गंभीर मरीजों को यह दिया जा सके।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-121 स्थित पर्थला गोल चक्कर क्षेत्र में स्पा सेंटर का संचालन करने वाले युवक ने करीब सात माह पूर्व फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता ने एक युवक और अन्य लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए फेज-तीन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।जिला बाराबंकी के कमेला गांव निवासी दानबहादुर ने पुलिस को बताया कि बेटा मोहित सेक्टर-121 स्थित पर्थला गोल चक्कर क्षेत्र में स्पा सेंटर का संच. ालन करता था। उसके साथ गांव का ही महेश नामक युवक भी काम करता था।

चार सितंबर 2025 की शाम महेश ने फोन पर सूचना दी कि मोि. हत ने फांसी लगाकर जान दे दी है। सूचना पर परिजन नोएडा आए। उन्हें महेश ने बताया कि मोहित ने नोएडा निवासी राहुल यादव को 31 लाख रुपये भूखंड खरीदने के लिए दिए थे, लेकिन राहुल भूखंड नहीं दिला रहा था। आरोप है कि राहुल यादव द्वारा 23 लाख रुपये और देने की मांग मोहित से की जा रही थी। इसी बात को लेकर मोहित पिछले कुछ समय से परेशान चल रहा था। शिकायतकर्ता का कहना है कि राहुल यादव और अन्य लोगों की प्रताड़ना से तंग आकर मोहित ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। पुलिस का कहना है कि राहुल यादव और मोहित यादव के बीच रुपयों का लेनदेन हुआ था। प्रकरण के संबंध में जांच की जा रही है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# एफएनजी मार्ग के किनारे हरियाली बढ़ेगी

**नोएडा।** नोएडा-गाजियाबाद (एफएनजी) मार्ग भले ही अधूरा पड़ा हो, लेकिन इसके किनारे हरियाली विकसित करने की तैयारी प्राधिकरण ने शुरू कर दी है। यहां पौधरोपण करने के साथ कुछ पार्कों में गजीबो हट भी बनाई जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। इसके लिए एजेंसियों से 9 अप्रैल तक आवेदन मांगे हैं।प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि पर्थला गोलचक्कर से सेक्टर-115 के सामने तक हरियाली बढ़ाने की तैयारी है। यहां पर नोएडा प्राधिकरण पौधरोपण करवाने जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पौधे 1 करोड़ 59 लाख रुपये की लागत से लगवाए जाएंगे।

यह काम किसी निजी एजेंसी से करवाया जाएगा। इसके लिए एजेंसी चयन को प्राधिकरण के उद्यान विभाग ने टेंडर जारी कर दिया है। चुनी जाने वाली एजेंसी को एक साल तक देखरेख भी करनी होगी। अधिकारियों ने बताया कि एफएनजी के अलावा सेक्टर-15 ए, 54 व सेक्टर-130 के पार्कों में गजीबो हट बनाने की तैयारी में है। इसमें 97 लाख 65 हजार रुपये की लागत आएगी। उद्यान विभाग के निद. ेशक आनंद मोहन सिंह ने बताया कि सेक्टर-15 ए, 54 खरगोस पार्क में 76 लाख 58 हजार 246 रुपये की लागत से गजीबो हट बनवाई जाएंगी। सेक्टर-130 के विभिन्न पार्क में 21 लाख 07 हजार रुपये की लागत से गजीबो हट बनवाई जाएंगी। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# सड़क हादसा, महिला समेत तीन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हुए विभिन्न सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना जेवर क्षेत्र के जेवर टोल के पास स्थित शिवा ढाबा पर एक बस खराब हो गई। लोग बस को धक्का देकर स्टार्ट कर रहे थे। उसी समय बस से एक महिला नीचे उतर रही थी। धक्के से बस अचानक स्टार्ट हो गई, तथा महिला बस से नीचे गिर गई। उसे गंभीर चोट आई। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टर उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




थाना जेवर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जेवर टोल के पास शिवा ढाबा है। ढाबे के पास एक बस खराब हो गई। कुछ सवारी उतर कर बस को धक्का दे रहे थे। इसी बीच बस में सवार पुष्पा शर्मा पत्नी रामेश्वर शर्मा निवासी हर्ष विहार दिल्ली उम्र 55 वर्ष, बस से नीचे उतरने लगी। यात्री बस को जोर से धक्का देने लगे, और बस स्टार्ट हो गई। वह असंतुलित होकर बस से नीचे गिरी तथा उसे गंभीर चोट आई। उन्होंने बताया कि उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान आज सुबह उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में मुन्नालाल पुत्र बधाई लाल (58 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

वहीं थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दीपक पुत्र विजय उम्र 48 वर्ष थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया ,जहां पर उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दीपक नामक शख्स मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था, तभी एक ट्रक चालक ने उसे टक्कर मार दिया था। इस मामले में उनके जीजा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# मां से नाराज होकर चली गई थीं चार नाबालिग लड़कियां

**चारों के मिलने के बाद पुलिस और परिजनों ने ली राहत की सांस**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र शनिवार की शाम मेला देखने गई चार नाबालिग लड़कियों के लापता होने के बाद पुलिस के हाथ-पांव फूल गए थे। परिजन भी एक साथ चार लड़कियों गुमशुदगी के बाद से परेशान थे। मगर अब चारों लड़कियों के मिलने के बाद पुलिस और परिजनों ने राहत की सांस ली है।

दरअसल गंगापुर की रहने वाली राहुल की पत्नी नेहा ने बारादरी पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी 10 साल की बेटी रिद्धिमा व 7 वर्षीय बेटी महिमा सिकलापुर में मेला देखने गई थीं। लेकिन मेला देखने के बाद वापस नहीं लौटीं। पड़ोस के ही रहने वाले विजय कुमार की भी दो लड़कियां 10 वर्षीय नायरा व 8 साल की पलक भी साथ में थीं जो घर नहीं लौटीं। मां की सूचना के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो नेहा की लड़कियां अपने पिता राहुल के साथ जाती दिखीं। उसके साथ लापता हुई मोहल्ले अन्य दो लड़कियां भी थीं। जिसके बाद पुलिस ने राहुल से संपर्क किया तो पूरा मामला खुल गया। राहुल के मुताबिक उसका पत्नी नेहा से विवाद के कारण वह अलग रहता था। मेला देखने गया तो उसकी दोनों बेटियां मेले में मिलीं उन्होंने बताया कि मां बहुत डांटती है, इसलिए वह उनको साथ ले जाने लगा। साथ में मौजूद दो अन्य लड़कियां भी जाने की जिद करने लगीं। लिहाजा चारों को साथ लेकर वह थाना इज्जतनगर क्षेत्र स्थित अपनी बहन-बहनोई के घर चला गया। फिलहाल पुलिस ने चारों लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया।

# पहले से तय था छात्र शिवा के मर्डर का प्लान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतनगर क्षेत्र में हत्या की सनसनीखेज वारदात का शिकार हुआ इंटरमीडएट का छात्रा शिवा पटेल अपने जिस दोस्त मानव के कहने पर घर से निकला था, उस पर वह आंख बंद कर भरोसा करता था। खाना खाते में बीच से उठकर वह उसके साथ गया था, लेकिन उसे नहीं पता था कि दोस्तों की टोली में मौत उसका इंतजार कर रही है। चाकुओं से लेस होकर पहुंचे युवकों ने शिवा पर हमला कर दिया। हमला ऐसा कि छात्र आंतें बाहर निकल आईं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने ऑपरेशन भी किया लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी। छात्र शिवा के परिवार ने सुनियोजित हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है।

पुलिस के अनुसार, शिवा उसके दोस्त मानव राजपूत ने घर से बुलाया था। परिजनों के मुताबिक, मानव शिवा को जहां लेकर पहुंचा, वहां पहले से कई कई परिचित युवक मौजूद थे। बातचीत के दौरान शिवा पर सामने वालों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने शिवा से पहले मारपीट भी की और उसे ताबड़तोड़ चाकू घोंप दिए। शनिवार तड़के शिवा की अस्पताल में मौत हो गई। शिवा भाइयों में दूसरे नंबर का था और उसने भगवती कॉलेज में पढ़ते हुए 12वीं के पेपर दिए थे। वह पिता के साथ ई-रिक्शा चलाकर परिवार की आर्थिक मदद भी करता था। बेटे की मौत से परिवार में कोहरा मचा है। मां-बाप बेहाल हैं। मृत छात्र शिवा के भाई हिमांशु ने पोस्टमार्टम हाउस पर बताया कि शुक्रवार की शाम को उसका भाई खाना खा रहा था। तभी मानव राजपूत और दो तीन अन्य लड़के आए। उनके बुलावे पर शिवा खाना छोड़कर उनके साथ चला गया। कुछ देर बाद घर सूचना पहुंची कि उसके भाई पर चाकूओं से हमला किया गया है। अस्पताल जाकर देखा तो गंभीर था। पुलिस ने शिवा के बयान लिए तो उसने बताया कि रचित और पारस ने उसे पकड़ लिया था। जबकि गौरव ने चाकू मारे। हमलावरों ने छात्र के पेट, सीने और पीठ पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा और इलाज के दौरान उसकी जान चली गई।

परिजनों ने शिवा के दोस्तों पर साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि आरोपी पूरी तैयारी के साथ आए थे। घर से लगभग 400 मीटर की दूरी पर श्श्चार खंभा के पास एक सुनसान गली में हमलावरों ने पहले से ही 15 से 20 लड़कों को इकट्ठा कर रखा था। गौरव, रचित और पारस के साथ करीब दो दर्जन से अधिक लड़के वहां मौजूद थे। जब शिवा वहां पहुंचा तो उस पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि सुबह दो पक्षों में विवाद हुआ था, जिसके बाद शिवा उसे निपटवाने के लिए वहां पर पहुंचा था।

सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र की हत्या के मामले में पांच नामजद समेत तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की वजह की भी जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से भी जांच की जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करके घटना का खुलासा किया जाएगा।

## एक नजर

# घर में घुसकर युवक पर हमला

**चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कस्बा के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी नितिन चौहान पर शनिवार शाम कुछ लोगों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में नितिन गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने देर रात राज सिंह राठौर, विमलेश राठौर, गौरव सिंह और सौरव सिंह निवासी ग्राम कटका रमन, थाना भमोरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।बताया गया कि आरोपी लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर घर में घुसे और नितिन पर हमला कर दिया। हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। बताया जा रहा है कि आरोपी और घायल आपस में रिश्तेदार हैं। घायल को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# घरेलू विवाद में महिला व भाई से मारपीट, तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव हुरहुरी में घरेलू विवाद के चलते महिला और उसके भाई के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

हुरहुरी निवासी सुमित्रा देवी पत्नी रामेश्वर दयाल ने आरोप लगाया कि शनिवार सुबह उनके जेठ कृपाल सिंह, जेठानी गुड्डी देवी और समित कुमार ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने सुमित्रा देवी और उनके भाई हरेंद्र को लात-घूंसों और डंडों से बेरहमी से पीट दिया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पटेल एकेडमी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, मेधावी छात्रों को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** पटेल एकेडमी, सिंधौली में शनिवार शाम स्वर्गीय गोविंदराम की स्मृति में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंग. वार एवं गन्ना समिति के चेयरमैन तेजपाल फौजी ने दीप प्रज्वलित कर किया।



इस अवसर पर विधायक और ब्लॉक प्रमुख ने एनटीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।विद्यालय प्रबंधक ओमकार यदुवंशी और प्रधानाचार्य ममता गंगवार ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश गंगवार और दीक्षा ने संयुक्त रूप से किया।इस दौरान ब्रजराज सिंह राघव, वीवी दीक्षित, भगवान सिंह, यशवंत सिंह, राजू भारती, प्रदीप यदुवंशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद।

# चाइनीज मांझे का प्रयोग करते पकड़े गए तो होगी सख्त कार्यवाही




**शाह टाइम्स संवाददाता**


**शीशगढ़।** रविवार को थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने थाना परिसर में थाना क्षेत्र के लोगों के साथ मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह द्वारा साफ लब्जों में चेताकर नाबालिग बच्चों के द्वारा सिंथेटिक, चाइनीस मांझे का उपयोग न करने के संबंध में परि. जनों को जागरूक किया गया।

इसके अतिरिक्त शीशा लेपित धागा, चाइनीज मांझा, व नायलॉन धागा की बिक्री/ भंडारण आदि के संबंध में पुलिस को सूचित करने हेतु जागरूक किया गया। मीटिंग उपस्थित सभी लोगों के द्वारा हाथ उठाकर पुलिस का सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया।

# रामगंगा में डूबे किशोर का 24 घंटे बाद मिला शव

**एसडीआरएफ टीम और गोताखोरों के सर्च अभियान के बाद मिली सफलता**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के मनकरा गांव में रामगंगा नदी में डूबे किशोर का शव करीब 24 घंटे बाद बरामद हो गया। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम और गोताखोरों ने सर्च अभियान चलाया, जिसके बाद शाम करीब 4 बजे किशोर का शव उस स्थान से लगभग 20 मीटर दूर बहता हुआ मिला, जहां वह डूबा था। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, नवरात्रि की नवमी पर मनकरा गांव में मंदिर पर दुर्गा जागरण एवं भंडारे का आयोजन हुआ था। शनिवार को हवन की राख व अन्य अवशेषों के विसर्जन के लिए ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली से कैलाश गिरि घाट, रामगंगा नदी पर गए थे। इसी दौरान कुछ किशोर भी उनके साथ नदी पर पहुंच गए। राख विसर्जन के बाद स्नान करते समय किशोर पुल के नीचे से नदी में उतर गए, तभी अचानक गहरे पानी में चले जाने से तीन किशोर डूबने लगे। यह देख ग्रामीणों ने तुरंत नदी में छलांग लगाकर अनमोल पुत्र पूसेराम और अनिल कश्यप के पुत्र को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन तीसरा किशोर अर्जुन पुत्र ओमवर निवासी ढकिया मधुकर, तहसील शाहबाद रामपुर लापता हो गया।कुछ देर बाद नदी किनारे अर्जुन के कपड़े मिलने पर उसके डूबने की आशंका जताई गई। सूचना मिलते ही सिरौली पुलिस मौके पर पहुंची और रविवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में गोताखोरों व एसडीआरएफ टीम ने सर्च अभियान शुरू किया, लेकिन पहले दिन सफलता नहीं मिल सकी।

लगातार प्रयास के बाद रविवार शाम करीब 4 बजे गोताखोरों ने अर्जुन का शव नदी से बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि अर्जुन अपनी बहन के घर मनकरा आया था और जागरण व भंडारे में शामिल होने के बाद अन्य बच्चों के साथ नदी चला गया था। मनकरा के पूर्व प्रधान विशाल गंगवार के अनुसार, अर्जुन अपनी बहन के घर आया हुआ था। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अब प्रधान पति ने दर्ज कराई ठेकदार पर रिपोर्ट

**जयनगर कब्रिस्तान के पेड़ों के कटान का मामला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव जयनगर कब्रिस्तान में खड़े चार दर्जन से अधिक पेड़ों को बिना नीलामी के ही कटवाए जाने के मामले में प्रधान पति ने पेड़ काटने वाले ठेकदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम के कब्रिस्तान में खड़े चार दर्जन से अधिक पेड़ों को कुछ दिनों पहले बिना नीलामी के ही कटवा दिया गया था, मामला अखबारों में प्रकाशित हुआ तो वन विभाग के साथ ही तहसील प्रशासन हरकत में आया, और तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने तत्काल ही इसकी जांच का फरमान जारी कर दिया था। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह के निर्देशों पर राजस्व निरीक्षक श्याम सुन्दर गुप्ता और वन कर्मी अकबर अली ने ग्राम जाकर जांच पड़ताल की। बताया जाता है कि टीम ने ठेकेदार को तलब किया था लेकिन वह स्थल पर नहीं आ सके थे। टीम ने अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दी है तो शनिवार को इस मामले में प्रधान पति मो0 सलीम ने पेड़ काटने वाले ठेकदार जरेली के छोटा पुत्र मो. इस्लाम के खिलाफ वन अधिनियम 1976 की धारा 4/10 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**एक साल पहले हुआ था मूल्यांकन**

ग्राम के कब्रिस्तान कमेटी के सदस्य खलील अहमद द्वारा वन विभाग को एक प्रार्थना पत्र देकर पेड़ों के मूल्यांकन किए जाने की मांग की गई थी, जिसपर डीएफओ दीक्षा भंडारी ने 19.10.2024 को 12 पेड़ों का 26527 रुपए में मूल्यांकन करते हुए एसडीएम को पत्र भेज दिया था।

करीब डेढ़ साल तक मूल्यांकन की पत्रावली तहसील में पढ़ी धूल चाटती रही, और इसी दौरान ठेकेदार ने सब कुछ मैनेज करने की बात कहकर पेड़ों को काट डाला था। अब देखना है कि इस मामले में तहसील प्रशासन किस पर कार्यवाही करता है।

# खानकाहे शेरिया बहेड़ी में मौलाना खालिद मियां का उर्स-ए-चेहल्लुम संपन्न

**निशात मियां बने नए सज्जादा नशीन, बड़ी संख्या में पहुंचे अकीदतमंद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** खानकाहे शेरिया बहेड़ी के सज्जादा नशीन मौलाना सूफी खालिद मियां शेरी के उर्स-ए-चेहल्लुम का कार्यक्रम शनिवार को अकीदत और एहतराम के साथ संपन्न हुआ। गौरतलब है कि 8 फरवरी को रमजान से पहले उनका इंतकाल हो गया था। रमजान के चलते चेहल्लुम का कार्यक्रम ईद-उल-फितर के बाद आयोजित किया गया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9 बजे कुरान ख्वानी से शुरुआत हुई, जिसके बाद 10 बजे से नाअतिया प्रोग्राम आयोजित किया गया। दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने बारगाह में हाजिरी देकर नजराना-ए-अकीदत पेश किया। काशीपुर से आए मुफ्ती कासिमुल कादरी अशरफी ने सिल. सिला-ए-शेरिया की खासियत और इतिहास पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि यह सिल. सिला कादरी और नक्शबंदी दोनों से जुड़ा है और इसकी शुरुआत हिंदुस्तान में इमाम-ए-रब्बानी शेख अहमद सरहिंदी से हुई। वक्ताओं ने कहा कि खानकाहे शेरिया के जरिए यह सिलसिला रोहिलखंड समेत देश-विदेश में फैला और हजारों लोग इससे जुड़े हुए हैं। हजरत नन्हे मियां, बन्ने मियां और अच्छे मियां के बाद मौलाना खालिद मियां ने भी इस परंपरा को आगे बढ़ाया। महज 45 वर्ष की उम्र में उनके इंतकाल को बड़ी क्षति बताया गया।

कार्यक्रम में मौलाना फरहान मियां, मौलाना साबिर मियां, मौलाना जियाउल मुस्तफा, मौलाना नसीम मिस्बाही और मौलाना राशिद उल कादरी सहित अन्य उलेमा ने उनके जीवन और खिदमात पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की सदारत पीलीभीत से आए दरगाहे शाहजी के सज्जादा नशीन मुन्ने मियां शेरी ने की, जबकि संचालन मौलाना हाफिज अनवार अहमद शेरी ने किया। इस मौके पर मुन्ने मियां ने खालिद मियां के भाई अलहाज निशात मियां को खानकाह की जानशीनी की पगड़ी पहनाकर उन्हें नया सज्जादा नशीन घोषित किया। समारोह में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में मुरीद और अकीदतमंद मौजूद रहे। अंत में कुल शरीफ की रस्म अदा की गई और मुल्क में अमन-चैन के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी लोगों को लंगर वितरित किया गया।

# कॉलेज गई युवती लापता, युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कस्बा के मोहल्ला मेवात से एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार युवती 20 मार्च को घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटी।परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। युवती का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। पीड़ित पिता ने मोहल्ला खानपुरा निवासी एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गौकशी की झूठी सूचना देने वाले पुलिसकर्मी के भाई को जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** जंगल मे गोकशी होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जंगल मे घण्टो काम्बिंग की लेकिन कुछ हासिल नही हुआ।

थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार की रात्रि गांव बूंची निवासी गुलाम ने डायल 112 पर सूचना दी थी कि गांव के कुछ लोग गोकशी कर रहे हैं, जिसकी सूचना पर थाना पुलिस की टीम ने पहुंचकर व्यक्ति की बताई जगहों सहित पूरे जंगल मे कई घण्टा कॉम्बिंग की लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला।पुलिस द्वारा सूचना देने बाले व्यक्ति ने पूंछतांछ में बताया कि उसने प्रधानी चुनाव को लेकर झूंठी सूचना दी थी। फिर क्या पुलिस ने झूंठी सूचना देकर पुलिस को छकाने बाले व्यक्ति गुलाम को हिरासत में लेकर उसका शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। सूचना देने वाला व्यक्ति एक पुलिस कर्मी का भाई बताया गया है।

# गुमशुदा हुए दो मासूम बच्चों को मिशन शक्ति टीम ने परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़ ।** कस्बे के मोहल्ला अगवाडा निवासी भूरा पुत्र बदरुद्दीन की सात वर्षीय बेटी सामयाना को थाना प्रभारी हरेन्द्र सिंह के निर्देश पर मिशन शक्ति टीम की प्रभारी उपनिरीक्षक काजल कौशल के नेतृत्व में मात्र 40 मिनट में ढूंढ़कर परिजनों को सौंप दिया। पीड़ित पिता ने पुलिस को वताया कि उनकी बेटी मानसिक रूप से बीमार है।जो दोपहर में बिना परिजनों को बताए कहीं चली गई है, जिसे मोहल्ले में व आसपास की रिस्तेदारी में तलाश किया मगर नहीं मिली।दूसरा तीन वर्षीय बच्चा मोहल्ला शरीफ नगर निवासी इम्तियाज अहमद का था जो परिजनों से बिछड़ गया था।जो पुलिस को रोता हुआ मिला। उसे भी पुलिस ने मात्र एक घण्टे में परिजनों को ढूढकर उन्हें बच्चा सौंप दिया।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया युवक, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद चार आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी एक मजदूर की नाबालिग पुत्री को गांव का ही अभिषेक पुत्र चंदन बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।आरोप है कि जब पीड़िता के परिजन आरोपी के घर पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट करने का प्रयास किया।

परिजनों का यह भी आरोप है कि अभिषेक के परिवार के सदस्यों ने किशोरी को भगाने में सहयोग किया।पीड़िता के पिता ने अभिषेक, उसके पिता चंदन, चंदन की पत्नी तथा पुत्री संध्या के खिलाफ थाना क्योलड़िया में नामजद तहरीर दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला, छह के खिलाफ केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** थाना क्षेत्र के कस्बा क्योलड़िया निवासी विवा. हता को दहेज में कार और नकदी न मिलने पर ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित कर घर से निकाल देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, कस्बा क्योलड़िया निवासी स्वर्गीय प्रेमचंद की पुत्री ममता देवी का विवाह करीब नौ माह पूर्व थाना बिथरी चैनपुर के ग्राम पून्नापुर निवासी अनिल पटेल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह में कन्या पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार करीब साढ़े चार लाख रुपये नगद, एक मोटरसाइकिल (स्प्लेंडर) तथा जेवर आदि देकर कुल लगभग आठ लाख रुपये खर्च किए थे।

पीड़िता का आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष कम दहेज को लेकर असंतुष्ट था और उसे लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। बीती 26 मार्च को पति अनिल पटेल, सास उर्मिला देवी, ससुर जसपाल तथा अन्य परिजनों ने विवाहिता पर कार और पांच लाख रुपये नगद लाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकाल दिया गया।

पीड़िता ने बताया कि ससुराल में उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था और कई बार उसे भूखा-प्यासा भी रखा गया। घटना के बाद उसने महिला हेल्पलाइन 181 पर कॉल कर मदद मांगी और अपने मायके पहुंची।

इसके बाद पीड़िता ने पति सहित छह लोगों के खिलाफ थाना क्योलड़िया में नामजद तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सिगरेट के पैसे मांगने पर दबंग ने दुकानदार से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** थाना क्षेत्र के गांव बहर जागीर में उधार सिगरेट न देने पर दबंग द्वारा दुकानदार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी इरशाद हुसैन की परचूनी की दुकान है। पीड़ित के अनुसार, बीती 26 मार्च को रात करीब 9 बजे वह घर पर खाना खाने चला गया था और दुकान पर उसका बेटा बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव का ही गुड्डू पुत्र महेंद्र पाल दुकान पर पहुंचा और सिगरेट का पैकेट मांगा।

जब दुकानदार के बेटे ने सिगरेट के पैसे मांगे तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। उधार सिगरेट देने से मना करने पर दबंग ने मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित इरशाद हुसैन ने थाना क्योलड़िया में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं में आक्रोश, नहीं दिखाया जा रहा कोई आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार को इसे लेकर सोशल मीडिया पर सारे दिन तरह तरह की प्रतिक्रियाएं होती रही। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने बिना किसी सरकारी आदेश के जबरन स्मार्ट मीटर न लगाए जाने की मांग की है।

शनिवार को कस्बे के उपभोक्ताओं को जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने का मामला उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता उर्फ लल्लू ने उठाते हुए विभाग से इसे नगर के किसी भी उपभोक्ता के यहां जबरदस्ती नहीं लगाए जाने की अपील की है। सोशल मीडिया पर संगठन के अध्यक्ष श्री गुप्ता की इस पोस्ट को लेकर कस्बे के उपभोक्ताओं ने अपना समर्थन व्यक्त करते हुए जबरन लगाए गए स्मार्ट मीटर को तत्काल हटाए जाने की मांग की है।

उपभोक्ताओं ने साफ साफ कहा है कि अगर सरकार ने कोई ऐसा आदेश दिया है तो हम उसका सम्मान करते हुए इसे खुशी खुशी लगवाए जाने को तैयार है अगर सरकार ने कोई ऐसा आदेश नहीं दिया है तो ठेकेदार जबरन किसी भी उपभोक्ता के घर स्मार्ट मीटर नहीं लगा सकते हैं।

कस्बे के उपभोक्ता ईडी मुराद अहमद, एड मो. ताहिर अंसारी, एड मो. अकरम अंसारी, बसपा नेता आफताब आलम, भाजपा नेता गुड्डू सिद्दीकी, व्यापारी दीपक आनंद, मो० नाजिम, जाकिर कुरैशी आदि ने विभाग से जबरन लगाए गए स्मार्ट मीटर को तत्काल बदले जाने की मांग की है।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र धर्मवीर के गलत संगत में पड़ने के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य या लेन देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**ईश्वरी प्रसाद पुत्र सुख लाल**
**निवासी ग्राम इटौआ, परगना रिछा, तहसील बहेड़ी जिला बरेली**

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की संदिग्ध मौत

**ससुराल पक्ष पर जहर देकर मारने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पुलिस को दी गई एक तहरीर में कस्बे की एक महिला ने अपनी पुत्री की जहर देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। कस्बे के मोहल्ला नया अस्पताल की रहने वाली हीराकली पत्नी हेमंत पाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री काजल का विवाह 19 फरवरी 2022 को ग्राम सरोरा थाना जहानाबाद, जनपद पीलीभीत निवासी प्रशांत कुमार पुत्र कृपाल सिंह के साथ किया था। विवाह में हैसियत के अनुसार घरेलू सामान और मोटरसाइकिल दी गई थी, लेकिन शादी के बाद से ही पति प्रशांत कुमार, ससुर कृपाल सिंह, सास गंगादेई और परिवार के अन्य लोग दहेज में कार व पांच लाख रुपये नकद की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर काजल को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। पीड़िता ने बताया कि पुत्री काजल ने 3 दिसंबर 2022 को एक पुत्र को जन्म दिया, इसके बावजूद ससुराल पक्ष की दहेज की मांग और बढ़ गई। 13 मार्च 2026 को ससुराल पक्ष के लोग उनके घर आकर फिर से कार, पांच लाख रुपये नकद और एक बड़ा बक्सा देने की मांग कर धमकी देकर लौट गए। आरोप है कि 18 मार्च 2026 को प्रशांत कुमार ने फोन पर सूचना दी कि काजल ने जहर खा लिया है और उसे अस्पताल ले जा रहे हैं। परिजन जब पीलीभीत पहुंचे तो पता चला कि काजल को किसी निजी अस्पताल में ले जाया गया था। अगले दिन 19 मार्च को फोन पर सूचना मिली कि काजल की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई है और उसका अंतिम संस्कार किया जा रहा है। पीड़िता का आरोप है कि बिना पुलिस को सूचना दिए और बिना पोस्टमार्टम कराए काजल का अंतिम संस्कार कर दिया गया, जबकि वह करीब ढाई माह की गर्भवती थी। उन्हें सूत्रों से जानकारी मिली कि दहेज की मांग को लेकर काजल को जहर देकर मार दिया गया। महिला ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# ससुराल में युवक की मौत

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद क्षेत्र में ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसके ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद मुजफ्फरनगर के थाना तितावी क्षेत्र के ग्राम जसौई निवासी 25 वर्षीय तालिब पुत्र अब्दुल रहीम का प्रेम विवाह 11 जनवरी 2026 को नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ताहरपुर निवासी यासीन की पुत्री रूबी के साथ हुआ था। मृतक के पिता अब्दुल रहीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा तीन दिन पहले अपनी साली की शादी में शामिल होने ससुराल ताहरपुर आया था। उन्हें 27 मार्च को रात लगभग आठ बजे बेटे तालिब की मौत की सूचना मिली। अब्दुल रहीम ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे को कई बार फोन किया, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। इसके बाद वे स्वयं जानकारी करते हुए सरकारी अस्पताल समीपुर पहुंचे, जहां तालिब को मृत अवस्था में पाया। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि तालिब देहरादून में काम करता था और लड़की भी वहीं रहती थी। दोनों ने प्रेम प्रसंग के चलते शादी की थी, जिससे लड़की के परिवार वाले खुश नहीं थे। उन्होंने आशंका जताई है कि लड़की के परिवार वालों ने ही इस घटना को अंजाम दिया है।

अब्दुल रहीम ने यह भी बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि तालिब ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। हालांकि, उनका कहना है कि यदि फांसी लगाई होती तो शव किसी पेड़ या अन्य जगह लटका हुआ मिलता, लेकिन उसका शव जमीन पर पड़ा मिला। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

# एपस्टीन फाइल से जुड़े लोगों ने दरिंदगी की हदें पार की : काजी जियाउर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने कहा कि एपस्टीन फाइल में जिन दरिंदों के नाम शामिल हैं, उन्हें कुदरत भयानक सजा देगी।



उन्होंने कहा कि एपस्टीन फाइल से जुड़े लोगों ने दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी हैं। इन्होंने मानवता के विरुद्ध ऐसे अपराध किए हैं, जिन्हें न दुनिया माफ कर सकती है न कुदरत इन्हें छोड़ेगी। अमेरिका द्वारा ईरान पर बिना कारण युद्ध थोपना एपस्टीन फाइल के रिलीज होने से ध्यान भटकाना है।

उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पागलपन की वजह से अमे. रिका और समूचे विश्व को तबाही की आग में झोंक दिया है। इस युद्ध की भयावहता के कारण पूरे विश्व में हा-हाकार मच गया है तथा शांति भंग हो गई है। डोनाल्ड ट्रम्प जैसे सनकी जिन्होंने अपने आप को हिटलर द्वितीय साबित किया है और समूचे विश्व में नरसंहार करने पर तुले हैं। डोनाल्ड ट्रम्प का अंजाम भी हिटलर जैसा ही होगा। ज्यादा सनक आत्महत्या के लिए प्रेरित कर देती है। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान खुद अफगानिस्तान के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। उसकी औकात नहीं की अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता करे।

## एक नजर

### युवक पर जानलेवा हमला



**बिजनौर।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम चमरिया निवासी बंटी पुत्र हुकम सिंह देसी शराब की दुकान पर अपनी बाइक पर बैठा था। इसी दौरान काशीरामपुर निवासी भोलू पुत्र कर्मवीर उर्फ मुन्नु अंदर से निकला और बंटी पर लोहे की रॉड से कई बार हमला किया। हमले में बंटी बाइक से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल बंटी को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में पीड़ित बंटी बाइक पर बैठा दिखाई दे रहा है। तभी आरोपी भोलू आता है और अचानक लोहे की रॉड से उस पर कई वार कर देता है। हमले के बाद बंटी लहूलुहान होकर बाइक से नीचे गिर जाता है। पीड़ित बंटी ने अपने बयान में बताया कि वह बाइक पर बैठा था, तभी पास का ही रहने वाला युवक उसके पास आया और उससे पैसे मांगने लगा। पैसे न देने पर आरोपी ने उसे जातिसूचक शब्द कहे और गालियां दीं। इसके बाद उसने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। बंटी के अनुसार, आरोपी दबंगई के बल पर उससे पैसे मांग रहा था और पैसे न देने पर उसने हमला कर दिया।

### निदा और रिरित राजपूत बने टॉपर




**बिजनौर।** रवाना रोड स्थित निजी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। परीक्षाफल में प्राथमिक वर्ग से निदा नफीस और जूनियर वर्ग से रिरित राजपूत ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शेखर अवस्थी, विद्यालय प्रबंधक बलराम सिंह, मनोज कुमार और कमलजीत सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। प्रस्तुति देने वालों में परी, सुजाता, नैना, मानवी, सुहानी, वंशिका, शिफा, भावना, गौरी, गुंजन, आशी, अरशद, निहारिका, खुशी, प्रेरणा, ललिता, अलशिफा, भूमि, सर्वलीन और इनाया नूर प्रमुख रहे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. शेखर अवस्थी और प्रबंधक बलराम सिंह ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उप-प्रधानाचार्या स्वाति चौहान ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। प्रबंधक बलराम सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनकी प्रतिभा को निखारना है। कार्यक्रम के समापन पर अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान समाजसेवी मकसूद अंसारी ठेकेदार, डॉ. सरफराज सिद्दीकी, सुमित विश्वकर्मा, डॉ. अरुण अग्रवाल, जितेंद्र चौहान, प्रेमपाल सिंह, रवि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्कूटी-पिकअप भिड़ंत में तीन घायल



**बिजनौर।** रेहड़ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर दहलावाला बस स्टैंड के पास आज दोपहर एक स्कूटी और टाटा पिकअप की टक्कर हो गई। ग्राम अंगदपुर निवासी साबिर हुसैन अपनी पत्नी मुन्नी खातून और रिश्तेदार कुमारी सरीना के साथ स्कूटी से मेघपुर (अफजलगढ़) से शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। दहलावाला बस स्टैंड पहुंचते ही पीछे से आ रही टाटा पिकअप ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों स्कूटी सवार हाईवे पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल मुन्नी खातून (60 वर्ष) की हालत गंभीर बताई और उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष रेहड़ राजीव कुमार ने बताया कि टाटा पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### गौकशी के दो आरोपी गिरफ्तार



**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने गौकशी से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पशु वध के उपकरण, अवैध हथियार और बाइक बरामद की गई है। 27 मार्च को नजीबाबाद कस्बे में सेंट मैरी चर्च के पीछे कच्चे रास्ते पर गौवंशीय अवशेष मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया। आज मुखबिर की सूचना पर जाफराबाद के जंगल क्षेत्र में पुलिस टीम चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी नईम उर्फ गुज्जू कुरैशी के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में पकड़ लिया गया। मुठभेड़ के बाद दूसरे आरोपी हसीन उर्फ चुग्गा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपनी पहचान बताई। पुलिस ने कब्जे से एक-एक अवैध 315 बोर तमंचे, एक-एक जिंदा कारतूस, एक-एक खोखा कारतूस 315 बोर, पशु कटान के उपकरण (एक छुरी, एक कुल्हाड़ी, एक लकड़ी का गुटका एवं रस्सी आदि) और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस का कहना है कि मामले में आ गे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और अन्य संभावित आरोपियों की भी तलाश जारी है।

## पुलिस ने दो आरोपी पकड़े



**चांदपुर।** ग्राम हैजरपुर निवासी राकेश कुमार पुत्र फूल सिंह ने 23 मार्च को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि पलक पुत्री संजीव एवं पलक के परिजनों द्वारा उसके भतीजे प्रशांत पुत्र सियाराम के साथ जान से मारने के नियत से लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 143/26 धारा 109(1), 115(2), 61(2) बीएनएस पंजीकृत कर आरोपियों की खोज शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार दौराने इलाज मजरूब प्रशांत उपरोक्त की मृत्यु हो जाने पर अभियोग में उपरोक्त धारा 103(1), 190, 191(2) बीएनएस की वृद्धि की गई एवं आरोपी निक्रांत उर्फ निक्की, सचिन कुमार, अभिनव पुत्र राजपाल सिंह, संजीव पुत्र नाथू सिंह, पलक पुत्री संजीव निवासीगण ग्राम तखनपुरी थाना चांदपुर के नाम प्रकाश में आए जिसके चलते वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। आज थाना चांदपुर पुलिस द्वारा उपरोक्त मामले में आरोपी निक्रांत उर्फ निक्की पुत्र बलरामख संजीव पुत्र नाथू सिंह निवासीगण ग्राम तखनपुरी थाुना चांदपुर जनपद बिजनौर को घटना में प्रयुक्त दो अदद डंडों सहित गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कृष्णा कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार

## भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के बारे में विचार प्रकट किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में विकसित भारत-2047 विषय पर एक दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के बारे में अपने विचार प्रकट किये।



कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के चेयरमैन प्रदीप जोशी, महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, निदेशक योजना व विकास डॉ. एस.सी. जैन, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, ने संरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलित करके किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के चेयरमैन प्रदीप जोशी ने बताया कि किस प्रकार भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र एवं एक महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने भारत की युवा शक्ति में निहित अपार संभावनाओं का भी जिक्र किया एवं सभी से मिलकर इस राष्ट्रीय उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार ने विकसित भारत के विभिन्न आयामो एवं उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने (मेक इन इण्डिया) स्टार्ट, अप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे क्रार्यक्रमों का जिक्र किया। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमैन मनोज कुमार ने विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में युग छात्रशक्ति एवं रोजगार परक शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

कृष्णा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी वक्ताओं का आभार प्रकट किया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सेमिनार का आयोजन डॉ. एस.सी. जैन के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभागाध्यक्ष सूरज शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती दीपशिखा अग्रवाल व श्रीमति प्रियंका राजन अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विपिन कुमार शर्मा, गोपाल स्वरूप, मंदीप चिकारा, मेहरचंद, नीरज अपरवाल, नूतन मलिक, रोहित राजपूत, सौरभ चौधारी, कांता मलिक, दिपांशु जैन, दिशांत आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शिक्षक एक अप्रैल को मनाएंगे काला दिवस

## पुरानी पेंशन के लिए अटेवा दृढ़ संकल्पित : राजेश कुमार रवि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एक अप्रैल को प्रांतीय आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में काला दिवस मनाया जाएगा। इस सम्बंध में जिला संरक्षक अतुल कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता एवं ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के संचालन में बैठक आयोजित हुई।



बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एक अप्रैल 2005 को सरकार द्वारा प्रदेश के शिक्षकों एवं कर्मचारी से पुरानी पेंशन को छीनने का कार्य किया गया था। संगठन लंबे समय से एक अप्रैल को काला दिवस के रूप में अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज करने का कार्य कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। एक अप्रैल को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी काला फीता बांधकर कार्य करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा दृढ़संकल्पित है। एक अप्रैल को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी अपना विरोध दर्ज करेंगे। अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत ने विरोध प्रदर्शन को सफल करने का आह्वान किया। इस मौके पर बालेश कुमार, योगेश कुमार, आत्माराम, धीरेंद्र तिवारी, हारून, अजय कुमार आदि ने संबोधित किया।

## मिलेनियम का परीक्षाफल घोषित



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 11वीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नर्सरी से कक्षा 11वीं परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। यूकेजी के छात्र मौहम्मद अयान ने शत प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर का खिताब अपने नाम किया। विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह ने छात्रों के कैरियर के सम्बन्ध में अभिभावकों को आवश्यक जानकारी दी। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सतीश कुमार, बालेश कुमार, गजेय सिंह, कुशलपाल सिंह, विनोद कुमार, अर्शी अबरार, अंजलि, हिमानी, विधी, शिवानी, वैशाली कश्यप, सचिन कुमार, सदफ, स्वलिहा, स्वाति कश्यप, प्रीति शर्मा एवं केशव शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## फास्ट फूड की दुकान में लगी आग



**चांदपुर।** मौहल्ला काजीजादगान में राजीव कुमार फास्ट फूड्स की दुकान चलाता है। बीती शाम राजीव रोज की तरह दुकान बंद कर गया था। दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान में आग लगने की सूचना सुबह आसपास के दुकानदारों ने दुकान राजीव कुमार को दी। दुकान स्वामी की सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाई, लेकिन तब तक दुकान में रखा लकड़ी का सामान अग्नि की भेंट चढ़ चुका था।

# कब आओगे बालाजी महाराज, लगन लगी है दर्शन की...

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सामूहिक रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।



स्योहारा चुंगी स्थित महेंद्र वर्मा के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन कब आओगे बालाजी महाराज लगन लगी है दर्शन की यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजा का उत्साह वर्धन किया। उसके बाद संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में महेंद्र वर्मा ममता वर्मा मोहित वर्मा शैफाली वर्मा आशीष वर्मा इशिका वर्मा देव वर्मा आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, सुनील चौहान, सत्येंद्र भारद्वाज, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# पीएम आवास योजना में लापरवाही उजागर

## हल्का लेखपाल और ग्राम पंचायत अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किए बिना ही घोषित कर दिया अपात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुम्हेड़ा में राजस्व विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक गरीब, भूमिहीन महिला को सरकारी योजना से वंचित किए जाने का मामला सामने आया है। जिसमें खासकर हल्का लेखपाल की भूमिका पर आरोप लगे हैं।





ग्राम कुम्हेड़ा निवासी पीड़िता सलोनी पत्नी पुनीत, जो एक मजदूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं, के पास रहने के लिए पक्का मकान तक नहीं है। बताया गया है कि उनका कच्चा मकान बारिश में गिर चुका है और वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ छत पर पन्नी डालकर गुजर-बसर कर रही हैं। आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो रहा है। पीड़िता ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कर आवेदन किया था, लेकिन हल्का लेखपाल और ग्राम पंचायत अधिकारी ने बिना मौके का निरीक्षण किए ही उन्हें अपात्र घोषित कर दिया। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में यह भी दर्ज किया गया कि पीड़िता के मकान के चारों ओर पक्की ईंटों की दीवार बनी हुई है, जबकि हकीकत इससे बिल्कुल अलग बताई जा रही है। इस मामले को लेकर पीड़िता ने जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। इससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और गरीबों के हक में मिलने वाली योजनाओं की पारदर्शिता पर भी संदेह गहरा रहा है। आखिरकार परेशान होकर पीड़िता ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि मौके पर सही जांच कराकर दोषी अधिकारियों, विशेषकर हल्का लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस तरह की लाप. रवाही और मनमानी जारी रही, तो जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच पाना मुश्किल हो जाएगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है।

# घर में सो रहे मजदूर की गला रेतकर निर्मम हत्या

## हत्या से परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, गांव में दहशत







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। घर में सो रहे मजदूर की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। मृतक की पत्नी लूटपाट के बाद

■ **ग्रामीणों के गले नहीं उतर रही हत्या की कहानी**

हत्या करने का आरोप लगा रही है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपला. ेती कलां मेराज पुत्र मेराज आयु 32 वर्ष की चारपाई पर सोते समय गर्दन रेत कर निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है। मृतक के पिता का कहना है कि जब वह करीब 7:00 बजे बेटे के घर पहुंचा और उसने भीतर का नजारा देखा तो वहां पर चारपाई पर मेराज की लाश पड़ी हुई थी। उन्होंने पास में सो रही मेराज की पत्नी रूही को उठाया। कुछ देर में ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते कोतवाल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। कातिलों ने हत्या से पहले मेराज के दोनों हाथ पैरों बांधा तथा उसके बाद बड़े इत्मीनान से बड़े ही वहशीपन से गर्दन को किसी धारदार हथियार से रेता गया है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिंग टीम ने नमूने लेकर साक्ष्य उठाये हैं। परिजनों एवं ग्रामीणों ने बताया कि मेराज बहुत ही मिलनसार था। उसकी किसी से कोई रंजिश नही थी। कुछ ही देर में ग्रामीण एवं आसपास के गांव के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। मेराज की हत्या को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा की जा रही है। लेकिन यह तो पुलिस खुलासे के बाद ही पता लग सकेगा कि आखिर मेराज की हत्या किन कारणों से की गई है। मृतक मेराज अपने पीछे दो बच्चों को छोड़ गया है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**हसनपुर**। मजदूर मेराज की निर्मम हत्या के बाद उसके दो बच्चों के सर से पिता का साया छिन गया है। दादा मुबीन की गोद में बैठ बड़े बेटे फराज व दूसरे अन्य बच्चे का चेहरा किसी से देखा नहीं जा रहा था।

### ग्रामीणों ने की हत्या के जल्द खुलासे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। ग्रामीण व परिजन मेराज की हत्या का खुलासा जल्द होता हुआ देखना चाहते है। और इस हत्याकांड में जो भी गुनहगार है उसका भी खुलासा चाहते हैं। गांव में चर्चा है कि एक सप्ताह पहले मेराज व उसकी पत्नी के बीच विवाद हुआ था।

### बराबर में सो रही पत्नी को नहीं लगी भनक!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। घर में सो रहे मजदूर मेराज की कातिलों ने बड़ी बेरहमी के साथ उसके हाथ पैर बांधकर गला रेतने के बाद हत्या कर दी। कातिलों ने जिस तरह से मेराज की गला काटकर हत्या की है। उस समय मेराज ने अपने बचाव में जरूर शोर शराबा किया होगा। लेकिन बड़े ही आश्चर्य की बात है कि उसके बराबर में सो रही उसकी पत्नी रूही को जरा सी भी भनक नही लगी। मेराज की पत्नी रूही ने रोते बिलखते हुए बताया कि कातिलों ने उसके मुंह पर रूमाल रख दिया था। उसका मोबाइल व जेवरात को भी लूटकर कातिल ले गये है। उसको कुछ नहीं पता यह कैसे हुआ है। बकौल मेराज की पत्नी के मुताबिक यदि उसके साथ लूट हुई थी तो उसने शोर क्यों नहीं मचाया। जबके मृतक मेराज के पिता का कहना है कि उसने बेटे की लाश को देखने के बाद पास में सोई हुई रूही को उठाया है। मृतक मेराज की पत्नी रूही कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रही है।

# पत्नी की मौत में पति को आठ साल की सजा

## उत्पीड़न से तंग आकर दी थी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नौगावां सादात थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न से तंग आकर जान गंवाने वाली महिला के मामले में अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। करीब दो साल पुराने इस प्रकरण में आरोपी पति को दोषी मानते हुए न्यायालय ने आठ साल की सजा और आठ हजार रूपये जुर्माना भी लगाया है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र से जुड़ा था। साल 2018 में बीवड़ा कलां गांव निवासी मोहन की शादी क्षेत्र निवासी कलुवा सिंह की बेटी रिंकी से हुई थी। शादी के बाद से ही मोहन अतिरिक्त दहेज को लेकर रिंकी को प्रताड़ित करता था। परेशानियों के बीच रिंकी ने दो बच्चों को भी जन्म दिया। 23 मई 2023 की रात पति से झगड़े के बाद रिंकी ने फंदे पर लटककर जान दे दी थी। मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने रिंकी के पिता कलुवा की तहरीर पर मोहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बाद में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था हालांकि बाद में उसे जमानत पर रिहाई मिल गई थी। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट

■ **दो साल पुराने प्रकरण में आया कोर्ट का फैसला**

तृतीय की अदालत में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंदर गर्ग द्वारा की जा रही थी। शनिवार को अदालत ने अंतिम सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल पर मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज बयानों का गहन अवलोकन किया। उन्हें महत्वपूर्ण साक्ष्य मानते हुए आरोपी मोहन को दहेज हत्या में दोषी करार दिया। वहीं, मृतका के माता-पिता और भाई की गवाही इस मामले में निर्णायक साबित हुई, जिन्होंने पूरे घटनाक्रम को स्पष्ट किया। इसके आधार पर अदालत ने दोषी पति मोहन को आठ साल जेल की सजा सुनाई तथा आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# छेड़छाड़ से नाराज पिता ने युवक को गोली मारी

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अशरफपुर फैजगंज गांव में एक युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि युवक उसकी बेटी को लंबे समय से परेशान कर रहा था, जिससे नाराज होकर उसने वारदात को अंजाम दिया।

क्षेत्र के गांव अशरफपुर फैजगंज में स्व.रईस का परिवार रहता है। शनिवार को उनका बेटा मुजस्सिम खेत पर काम कर रहा था। दोपहर में घर लौटते में उसे गांव के ही अकरम ने रास्ते में गोली मारकर घायल कर दिया था। मामले में मुजस्सिम के ताऊ ने अकरम व उसके बेटे आफताब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, परिजनों ने घायल मुजस्सिम को चौधरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। तलाश के बीच रविवार को पुलिस ने आरोपी अकरम को संभल चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान अकरम ने बताया कि मुजस्सिम उसकी बेटी को काफी समय से परेशान कर रहा था। पहले भी उसे कई बार समझाया, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। लगभग डेढ़ महीना पहले उसने बेटी का रिश्ता पास के गांव में कर दिया था। इसके बाद मुजस्सिम बेटी के मंगेतर को व्हाट्सऐप कॉल कर रिश्ता खत्म करने के लिए उस पर दबाव बना रहा था। इसके चलते गुस्से में उसने गोली मारी है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया था। रिमांड मंजूर होने पर जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# लैगपीस न मिलने पर मैरिज हॉल में तांडव

## युवकों ने एक-दूसरे पर फेंकी कुर्सियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। लेग पीस के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर कुर्सियां चलने से भगदड़ मच गई। पुलिस वीडियो के आधार पर उपद्रवियो को तलाश कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हैबतपुर बंजारा से नगर के समीप स्थित डायमंड मैरिज हॉल में बारात आई हुई थी। बारात की युवती पक्ष के लोग बड़ी खातिर दारी कर रहे थे। चारों ओर हंसी खुशी का माहौल था। यह दौरान किसी ने लेग पीस की डिमांड की कर दी। इसको लेकर वहां कहां सुनी होने लगी। कुछ ही देर में लेग पीस का मामला विवाद बन गया। देखते ही देखते खाना खा रहे लोग खड़े हो गये तथा कुर्सियों को उठा उठा कर फेंकनी शुरू कर दी। जिससे मैरिज हॉल में भगदड़ मच गई। कुछ लोगों ने पानी के वाटर कूलरो को भी उठकर फेंकना शुरू कर दिया। उपद्रवियों ने इतना खतरनाक तांडव मचाया कि मैरिज हॉल में चीख पुकार मच गई। उन्होंने इस बात की भी जरा परवाह नहीं की।किसी गरीब बाप ने मेहनत के साथ पैसा इकट्ठा कर खाना बनवाया है। मारपीट व तांडव कितना भयंकर था कि लोग एक दूसरे के ऊपर चढ़ गये। इस नजारे को देखकर युवती पक्ष को चक्कर आ गये। हालांकि कुछ लोगों ने इस तांडव को रुकवाने का प्रयास भी किया। लेकिन उपद्रवियों ने उन्हें भी धकिया दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा कड़ी मशक्कत के बाद इस तांडव को रुकवाया। इस बवाल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। अब पुलिस वीडियो के आधार पर उपद्रवियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने की बात कर रही है।

## एएसएम में परीक्षाफल वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। ए.एस.एम. जगुआ खुर्द में वार्षिक परीक्षा परिणाम हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कीं तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या डॉ. चारू वार्ष्णेय द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी इस बार सम्मानित नहीं हो सके, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उन्हें और अधिक मेहनत एवं लगन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी और कहा कि अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है।

## दुकान से सामान लेने गए युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। दुकान से सामान लेने गए युवक के साथ तीन भाईयों ने मारपीट करके घायल कर दिया। शोर सुनकर युवक की मां बचाने दौड़ी तो उसके साथ भी आरोपियों ने गाली गलौच की। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुमराला में बीते दिन एक युवक अरूण दुकान से सामान लेने गया था। आरोप है कि गांव निवासी तीन भाईयों विकास, विक्की व ऋषभ ने अरूण के साथ रास्ते में रो.

■ **बचाने आई मां के साथ भी गाली गलौच, मुकदमा दर्ज**

ककर मारपीट करके घायल कर दिया। जब अर्जुन ने शोर मचाया तो उसकी मां कुसुम बचाने दौड़ी। आरो. पियों ने कुसुम के साथ भी गाली गलौच की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित मां अपने घायल बेटे को लेकर थाने पहुंची और पुलिस को घटना के बारे में बताते हुए शिकायती पत्र सौंपा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आठ लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकल दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

उत्तराखण्ड के जिला नैनीताल के रामनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला शिवपुर बेलजुड़ी पीरुमदारा निवासी स्वर्गीय गजराम सिंह की बेटी अंजली की शादी 15 दिसंबर 2021 को अमरोहा के मोहल्ला मेहमदी सराय निवासी नीरज से हुई थी। अंजली के मुताबिक मां शकुंतला देवी ने शादी में हैसियत से बढ़कर दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही सुसराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे, विरोध करने पर मारपीट की जाती थी, आरोप है उस पर मायके से आठ लाख रुपए दिलाने का दबाव बनाया जाता था। मांग पूरी न होने पर 15 मार्च की सुबह अंजली को मारपीट कर घर से निकाल दिया, आठ लाख रुपए लाए बिना घर लौटने पर जन से मारने की धमकी दी, पीड़िता तभी से मायके में रह रही है। सीओ सिटी अभिषेक कुमार ने बताया कि मामले की तहरीर के आधार पर पति नीरज, व सास काजल,ससुर महेंद्र सिंह,देवर गौरव, नन्द लक्ष्मी व दादी सास शकुंतला देवी के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# हाइवे पर हादसे में बाइक सवार की मौत

## ट्रक ने ईंटो लदी ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मारी, चपेट में आया बाइक सवार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। हाईवे पर कांकाठेर के निकट बजरपुर लदे ट्रक ने ईंटो लदे ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। इस दौरान सड़क पर ईंटे बिखरने के कारण एक बाइक सवार भी चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई जबकि हादसे के दौरान बाइक सवार युवक की चपेट में आने से मौत हो गयी, जबकि उसका चचेरा भाई और भतीजी भी घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद बजरपुर लदा ट्रक भी रैलिंग तोड़कर खाई में पहुंच गया, जिन्हें निकालने में लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार संभल के असमोली थाना क्षेत्र के मलकपुर नवादा गांव निवासी पुष्पेंद्र ईंट भट्ठे से ईंटों को लादकर हापुड़, दिल्ली आदि में पहुंचाता है। जब इनकी ट्रैक्टर ट्राली कांकाठेर के निकट

■ **तड़के के समय हुए हादसे में चार घायल**

पहुंची तो पीछे से आ रहे बजरपुर लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक को रहरा थाना क्षेत्र के गांव बरतौरा निवासी गुड्डू चला रहा था जबकि पिता रामनाथ भी साथ थे। हादसे के बाद सड़क पर रखीं ईंटें भी बिखर गईं, और पिता पुत्र घायल हो गए। ट्रक भी रैलिंग तोड़कर खाई में पहुंच गया। इस दौरान ही बाइक पर सवार होकर दिल्ली दिशा में जा रहे थाना हसनपुर के गांव सोहरका निवासी गोविंद पुत्र कृपाल, उसका चचेरा भाई खूब. चंद व उसकी पुत्री कामिनी भी चपेट में आ गए और गोविंद और खूबचंद घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां पर गोविन्द को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद हाइवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति भी बन गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर सड़क को खाली कराया और सड़क पर बिखरी ईंटे भी हटवाईं। जिसके बाद वाहनों का संचालन भली प्रकार से हो सका। वहीं हादसे में मृत होने वाले युवक के परिजनों में कोहराम मच गई।

# काफिले के साथ दादरी रवाना हुए परवेज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सपा की भाईचारा रैली में शामिल होने के लिए अमरोहा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दादरी के लिए रवाना हुए। इस दौरान पूर्व विधान परिषद सदस्य परवेज अली के नेतृत्व में बसों और गाड़ियों का काफिला दादरी के लिए प्रस्थान किया। प्रस्थान से पूर्व परवेज अली ने कहा कि वर्ष 2027 में प्रदेश में समा. जवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार से जनता परेशान है और प्रदेश में चारों ओर अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल बन चुका है। उन्होंने बताया कि दादरी में आयोजित इस रैली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी शामिल होंगे, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उत्साह के साथ रैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

# राम महोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

## जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रविवार को शहर के कुंदन कॉलेज से भव्य राम महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत नगर में आकर्षक झांकियों और राम-जानकी रथ के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर का माहौल भक्तिमय बना दिया।

रविवार को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राजकमल रहे जो क्षेत्रीय गौ रक्षा टोली के सदस्य हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रांजल मिश्रा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत कुंदन कॉलेज से हुई, जहां से शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई। यात्रा मोहल्ला बटवाल, कोट चौराहा, बड़ा बाजार, कोतवाली के सामने, भगवती स्वीट्स, अंबेडकर पार्क, डिग्री कॉलेज, गांधी मूर्ति और टीपी नगर चौराहा होते हुए पुनः कुंदन कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में राम-जानकी की सुंदर



झांकियां और भगवान राम का सुसज्जित रथ आकर्षण का केंद्र रहा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जुलूस का स्वागत करते हुए फूलों की वर्षा की। नगर के प्रमुख चौराहों पर सनातन धर्म के अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आयोजन को भव्य रूप दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे मार्ग पर भक्ति एवं उत्साह का माहौल बना रहा। आयोजन के सफल संचालन में विभिन्न संगठनों और कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर नरोत्तम गिरी महाराज, हेमंत सारस्वत, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अशोक, बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विपिन कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष डॉ. संजय, जिला संयोजक योगेश चौधरी, नगर अध्यक्ष चमन, राकेश मनोरिया सहित विभिन्न प्रखंडों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

## रिश्तेदारी में जा रहे थे तीनों दोस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र में रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। तीनों युवक बिजनौर से धनौरा रिश्तेदारी में जा रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश तेज कर दी है। बिजनौर जनपद के थाना शिवाला कला के गांव सुनगढ़ निवासी राहुल चौहान (40) पुत्र बलकरन सिंह अपने साथी अमर सिंह (40) और दीपक सिंह (35) के साथ बाइक से धनौरा आ रहे थे। बताया जाता है कि राहुल अपनी मौसी के घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक डींगरा पुलिस चौकी के पास पाखराबाद गांव के नजदीक पहुंची, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों



सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद पुलिस ने तीनों को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया था। वहीं गंभीर रूप से घायल अमर सिंह को हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। इस घटना से गांव सुनगढ़ में शोक की लहर दौड़ गई है। दोनों मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक राहुल अपने पीछे पत्नी स्वाति और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। वहीं तीसरे घायल दीपक सिंह का उपचार सीएचसी धनौरा में चल रहा है, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 30 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नो किंग को लेकर प्रदर्शन

ईरान के साथ अमेरिका–इस्राईल युद्ध को 30 दिन हो गए हैं और इसका अंत होता दिखाई नहीं दे रहा है, बल्कि अगर हम यह कहें कि इसका और विस्तार ही हो रहा है, तो गलत नहीं होगा, क्योंकि सुनने में आ रहा है कि अमेरिका ईरान के साथ जमीन पर दो हाथ करने के लिए सैनिक भेज रहा है, लेकिन कहते हैं कि अति हर चीज की बुरी होती है। लोगों की जिस तरह कठिनाइयां इस संघर्ष से बढ़ती जा रही हैं उससे लगता है कि अब लोगों का धैर्य टूटता जा रहा है। जिस तरह कई देशों में इस युद्ध को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए हैं, उससे साफ हो गया है कि अब आम जनता ने मान लिया है कि बस बहुत हो चुका। और देशों की बात तो छोड़िए खुद अमेरिका में ही बेहद बड़े स्तर पर राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए हैं। बताया जा रहा है कि इसमें 80 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया, दिलचस्प बात यह है कि यह प्रदर्शन अमेरिका के सभी पचास राज्यों में 3300 से ज्यादा जगहों पर हुए। इन प्रदर्शनों के आयोजकों का कहना था कि अक्टूबर में पिछले प्रदर्शनों की तुलना में इस बात करीब दस लाख ज्यादा लोग शामिल हैं। लोग इतने उत्तेजित दिखाई दिए कि राष्ट्रपति ट्रम्प और उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स के खिलाफ पोस्टर दिखा रहे थे और उन पोस्टरों पर उन्हें पद से हटाने की मांग की गई थी। लोगों का कहना था कि हमें किंग नहीं चाहिए। वह नॉ किंग का नारा लगा रहे थे। प्रदर्शन के दौरान कई जगह पुलिस के साथ टकराव भी देखने में आया। बात केवल अमेरिका की नहीं है। ग्रीस की राजधानी एथेन्स में अमेरिकी दूतावास के बाहर भी युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। इटली भी प्रदर्शन से अछूता नहीं रहा, वहां की राजधानी में कई बड़े नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। लोग इस्राईल के पीएम नेतन्याहू, इटली की पीएम मिलोनी और ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन खुलकर कर रहे हैं। अमेरिकी डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने प्रदर्शनों को संबोधित करते हुए कहा भी कि ट्रम्प और नेतन्याहू ने अमेरिका को ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी बेपरवाह दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि उनके फैसले देश को मजबूत बनाने के लिए हैं और साथ ही कहा कि वह राजा नहीं हैं। उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप गलत हैं। ट्रम्प कुछ भी कह रहे हैं, लेकिन पेरिस, लंदन जैसे शहरों में जिस तरह बड़े प्रदर्शन उनके खिलाफ हो रहे हैं, उससे साफ हो जाता है कि दुनिया अब इस युद्ध से ऊब चुकी है और शीघ्र इसे खत्म होते देखना चाहती है और डोनाल्ड ट्रम्प और नेतन्याहू के लिए भी यह फैसला ठीक होगा कि वह किंग के बर्ताव से हटकर आम जनता का प्रतिनिधित्व करते दिखाई दें, जो बहुत कठिनाइयों का सामना इस समय कर रही है।

## बसपा में ही बन जाता जेवर एयरपोर्ट



जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम बसपा की सरकार में पूरे हो गए थे, अगर केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस पर रोड़े न अटकाए होते, तो इसका निर्माण काफी पहले ही पूरा हो जाता, काफी लम्बे इंतजार के बाद जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल हवाई अड्डे के प्रथम चरण का कल उद्घाटन हुआ, जबकि इसकी रूपरेखा ही नहीं, बल्कि इसके सभी जरूरी बुनियादी कार्य बीएसपी की मेरी सरकार में ही शुरू हो गये थे, इतना ही नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार अगर रोड़ा नहीं अटकाती, तो विकास का यह कार्य, यमुना एक्सप्रेसवे आदि की तरह, काफी पहले मेरी सरकार में ही पूरा हो गया होता, सपा का तो ज्यादातर समय गरीबी व पिछड़ेपन आदि को दूर करने हेतु विकास के ठोस कार्य करने के बजाय, कमजोर तबकों के हित, कल्याण व उनके उत्थान हेतु लिये गये ऐतिहासिक फैसलों व किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को निष्क्रिय बनाने खर्च हुआ। **–सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# ट्रम्प की हठधर्मिता से धराशायी हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा





**तनवीर जाफरी**

निःसंदेह संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व के सर्वशक्तिशाली देशों में अपना सर्वोच्च स्थान रखता है। यही वजह है कि दुनिया के अधिकांश देश श्सर्वशक्तिमान अमेरिकाश से अपने मधुर सम्बन्ध बनाए रखना ही बेहतर समझते हैं। अपने प्रभुत्व या दबदबे को कायम रखने के लिए अमेरिका भी अन्य देशों के बीच श्बांटो और राज करोश का खेल खेलता आ रहा है। इसी घिनौने खेल के तहत वह दुनिया के लगभग 57 इस्लामिक देशों में शिया सुन्नी मतभेद को हवा देता रहता है। और इसी प्रोपेगेंडा की आड़ में अमेरिका कई इस्लामिक देशों में सामरिक महत्व के अनेक अड्डे संचालित कर रहा है। विदेश संबंध परिषद के अनुसार अमेरिका इस क्षेत्र में कम से कम 19 देशों पर स्थाई और अस्थाई दोनों तरह के सैन्य ठिकानों का एक व्यापक नेटवर्क संचालित करता है। इनमें बहरीन, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित आठ स्थाई सैन्य अड्डे भी शामिल हैं।

अधिकांश इस्लामिक देशों में सैन्य अड्डे संचालित करने के बदले अमेरिका को वहां की सरकारों से भारी धन भी मिलता है। उदाहरण के तौर पर सऊदी अरब जैसा इस्लामिक देश अमेरिका को अपने यहां तैनात अमेरिकी सैनिकों के खर्च को आंशिक तौर पर उठाने के बदले में लगभग 500 मिलियन डॉलर देता आ रहा है। अमेरिका और मेजबान देश आमतौर पर स्टेटस ऑफ फोर्सेज एग्रीमेंट और अन्य रक्षा समझौतों के तहत तय करते हैं कि कौन कितना खर्च उठाएगा। इन देशों को भी अमेरिकी संरक्षण, हथियारों की बिक्री, प्रशिक्षण, रक्षा गठबंधन और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ने के रूप में लाभ होता है, जिसके बदले वे अमेरिकी सैनिकों के खर्च या उपयोग के लिए कुछ न कुछ भुगतान या संसाधन देते हैं। अमेरिका दशकों से इसी नीति पर चलते हुए अनेक तेल उत्पादक इस्लामिक देशों से अपनी आवश्यकतानुसार तेल लेता है साथ ही इनकी सुरक्षा के नाम पर इन्हें हथियार भी बेचता है। कुल मिलकर इस प्रपंच के पीछे वह इन देशों को यही सन्देश देता आ रहा है कि –श्अमेरिका ही तुम्हारा रक्षक है अन्यथा ईरान जैसा देश मध्य एशिया के खाड़ी देशों को निगल जाएगा, परन्तु गत 28 फरवरी से अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध के बाद ईरान ने स्वयंभू महाबली अमेरिका को जिस तरह उसकी औकात दिखाई है उसने अमेरिका व इस्राईल सहित स्वयं को अमेरिकी सैन्य ठिकानों के बल पर सुरक्षित रहने की दशकों से गलत धारणा पाले बैठे इस्लामिक देशों को भी बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया है। ईरान ने जिन लगभग 8 मुस्लिम देशों पर हमले किए इनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, बहरीन, जॉर्डन व इराक जैसे देशों के नाम शामिल हैं। इन ईरानी हमलों में असली निशाना खाड़ी देशों में फैले अमेरिकी सैन्य ठिकाने थे, न कि इन देशों के सार्वभौमिक इलाके। इन हमलों से अमेरिका की रडार, संचारघसिस्टम,थाड एंटी–मिसाइल रडार, हैंगर, रिफ्युलिंग विमान और ढांचा जैसे संवेदनशील टार्गेट पर निशाने साधे जिससे अमेरिकी सैन्य संचालन की क्षमता कहीं घटी तो कहीं बिल्कुल ही समाप्त हो गई। इन्हीं ईरानी हमलों के बाद अमेरिका को अपना रक्षक समझने वाले खाड़ी के इस्लामिक देशों को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि जब अमेरिका खुद अपने सैन्य ठिकानों की हिफाजत नहीं कर सका तो वह दूसरे देशों की रक्षा कैसे करेगा ? इन्हीं हालात ने इस्लामिक देशों को यह सोचने के लिए भी मजबूर किया है कि अमेरिका पर सुरक्षा हेतु निर्भर रहने से बेहतर है इस्लामिक देशों के परस्पर मधुर संबंध बनाना। और साथ ही इनमें से कई इस्लामिक देशों ने अमेरिका व इस्राईल द्वारा खड़े किए गए शिया–सुन्नी मतभेद के पीछे की चाल को भी पहचान लिया है। इसीलिए पूर्णतय: अमेरिकी अनुकम्पा पर आश्रित रहने वाले चंद पिछलग्गू देशों के सिवा अधिकांश देशों ने अमेरिका से फासला बनाकर रखने का मन बना लिया है। ट्रंप ने इस्राईल के दबाव अथवा बहकावे में आकर अपने जिद्दीपन के चलते ही ईरान विरोधी सैन्य अभियान में शामिल होने जैसा जो घातक फैसला किया है उससे दुनिया के अनेक देश ही खिलाफ नहीं बल्कि अमेरिका में घरेलू स्तर पर भी काफी विरोध के स्वर बुलंद हुए हैं। गत दिनों किए गए अनेक सर्वेक्षणों में लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक अमेरिकियों ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य हमलों का विरोध किया है या ट्रंप के इस निर्णय से अपनी असहमति जताई है। कई सर्वेक्षणों में तो इन्हें अत्यधिक हस्तक्षेप या अनावश्यक युद्ध तक की संज्ञा भी दी गई है। डेमोक्रेट पार्टी के विशेष जनसमूह और कई उदारवादी व प्रगतिशील संगठनों ने ट्रंप की ऐसी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किए ऑनलाइन अभियान चलाए और कांग्रेस में प्रस्ताव लाकर इसका विरोध भी किया है। कांग्रेस में डेमोक्रेट नेता टिम केन द्वारा रिपब्लिकन रेंड पॉल के साथ एक द्विदलीय वार पावर रेजोल्यूशन भी लाया गया जिसका उद्देश्य ट्रंप को ईरान के खिलाफ हथियारबंद अभियान सीमित करने के लिए बाध्य करना था। हालांकि यह प्रस्ताव खारिज जरूर हो गया, परन्तु इसके द्वारा अमेरिका में ही ट्रंप की नीतियों का औपचारिक विरोध जरूर उजागर हुआ। कई प्रमुख अमेरिकी मीडिया और विदेश नीति विशेषज्ञों ने ईरान में युद्ध को गलत अमेरिकी रणनीति बताया और इसे ह्इस्राईल के दबावह्न में घसीटा गया युद्ध और अमेरिकी संसाधनों के व्यर्थ बर्बादी के रूप में वर्णित किया गया है । ट्रंप की नीतियों का यह विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि अमेरिकी राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी केंद्र के निदेशक जोसेफ केंट ने ईरान के साथ जारी युद्ध के विरोध में अपने पद से इस्तीफा तक दे दिया। अपने इस्तीफे के पत्र में जोसेफ केंट ने स्पष्ट लिखा कि ईरान से अमेरिका को ह्कोई तत्काल खतराह्न नहीं था और यह युद्ध इस्राईल और उसकी अमेरिकी लॉबी के दबाव में शुरू किया गया है, इसलिए वे इसका समर्थन नहीं कर सकते। ट्रंप प्रशासन के भीतर कुछ राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया विभाग के अधिकारियों में भी ईरान युद्ध के विरुद्ध असंतोष और मौन विरोध है। कहना गलत नहीं होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी इतिहास के अब तक के सबसे पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं जिन्होंने अपने बड़बोलेपन,घातक व अगंभीर निर्णयों से अमेरिका की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है। जब जिस देश पर चाहे मनमाना टेरिफ लगाकर अन्य देशों को विचलित करना,कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बता देना,कभी वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै व उनकी पत्नी का जबरन अपहरण कर लेना कभी ग्रीन लैंड पर कब्जे की बात करना कभी क्यूबा पर हमला करने की बातें कर दूसरे देशों की संप्रभुता को ठेंगा दिखाना तो कभी ईरान युद्ध को लेकर बुरी तरह फंसने के बाद युद्ध से बाहर निकलने के लिए तरह तरह के झूठ बोलना व बहाने तलाशना और सोने पर सुहागा यह कि एप्सटीन फाइल्स में ट्रंप जैसों का नाम आने के बाद इनकी बौखलाहट का और अधिक बढ़ जाना इस नतीजे पर पहुंचने के लिए काफी है कि ट्रंप की हठधर्मिता ने अमेरिकी प्रभुत्व की वैश्विक धारणा को पूरी तरह धराशाई कर दिया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**गत 79 वर्षो में हमारी सरकारों ने अगर इस अनुभव का लाभ उठाया होता और आर्थिक विकास के मॉडल को इस तरह दिशा दी होती की गांव का जीवन आत्मनिर्भर बनता तो शहरीकरण और उससे पैदा हुई हजारों चुनौतियां आज हमारे सामने मुंह बाय न खड़ी होती। गांव की लक्ष्मी गांव में रहती और गांव का युवा गांव में ही रोजगार पाता तो करोड़ों भारतवासियों को गंदी बस्तियों में नारकीय जीवन न जीना पड़ता। मुझे लगता है कि अगर गौ रक्षा के मामले में एक नई और समेकित सोच को केंद्र में रखते हुए विकास का मॉडल तैयार किया जाए तो गो वंश और भूमिहीन परिवारों का बहुत कल्याण हो सकता है। ए कोरी कल्पना नहीं है। इस दिशा में हमने एक छोटा सा प्रयोग 20 बरस पहले मथुरा में करके देखा था। जिसके सकारात्मक परिणाम आए।**

# आ अब लौट चलें...



**विनीत नारायण**



जो लोग एक्स (ट्विटर) पर गंभीर विषयों को तलाशते रहते हैं उन्हें पता है कि किस तरह बाजारू शक्तियां हमारे दैनिक जीवन पर शिकंजा कसती जा रही हैं। हमारे खाद्यान, सब्जियां, फल व दूध ही नहीं, हमारी दवाईयां और वैक्सीन तक सब पर इन ताकतों का कब्जा है। इनका उद्देश्य ना तो हमें स्वस्थ रखना है और ना ही सुखी। अरबों खरबों रुपये का मुनाफा कमाना ही इनका उद्देश्य होता है। इनके लिए हम सब प्रयोगशाला के जानवर हैं, जिन पर यह लगातार खतरनाक परीक्षण करते रहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का ताना–बना इस तरह बुना जाता है कि दुनिया के तमाम देशों का नेतृत्व इन ताकतों के चंगुल में फसा रहे और अपनी प्रजा के हितों का बलिदान करके भी इनके मुनाफे बढ़ाने में मदद करे। इन ताकतों का मुख्य केंद्र है अमरीका। यह सर्वविदित है कि अमरीका की शस्त्र उद्योग लॉबी अमरीकी शासकों को मोहरा बना कर दुनिया भर में युद्ध करवाती रहती है। जिससे उसका माल बिकता रहे। इन ताकतों के आगे अमरीका का सभ्य और सुसंस्कृत समाजभी लाचार है। 'एपस्टीन फाइल्स' में जिस क्रूर, पाशविक प्रवृत्तियों का खुलासा हुआ है उसके बाद अमरीका के तमाम मशहूर बड़े लोग जेल के सीखचों के पीछे होने चाहिए थे, पर वहां ऐसा नहीं हो रहा। गोस्वामी तुलसीदास जी लिख गए हैं कि समरथ को नहीं दोष गुसाईं। जिस तरह के संकट और महामारियां अब लगातार हमारे जनजीवन पर बार–बार हमला करने लगी हैं, उससे यह स्पष्ट है कि हमारा और हमारी अगली पीढ़ियों का भविष्य अंधकार मय है। राष्ट्र का 'सकल घरेलू उत्पादन' या आर्थिक वृद्धि की दर उस राष्ट्र के लोगों के सुखी और स्वस्थ होने का पैमाना नहीं होते। ये आंकड़े उन्हें मुट्ठी भर लोगों को हर्षित करते हैं जो देश के तीन चौथाई संसाधनों पर कब्जा किए बैठे हैं। अगर लोगों की खुशहाली देखना है तो हमें पड़ोसी देश भूटान की ओर रुख करना पड़ेगा। जो अपनी प्रगति को सकल घरेलू उत्पादन के पैमाने पर नहीं बल्कि सकल घरेलू उल्लास हैप्पीनेस इंडेक्स के पैमाने पर नापता है। हमें अपने विकास की दिशा और दशा बदलनी चाहिए। देश के 5.5 लाख गांवों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। जिससे आम भारतीय बाजारू शक्तियों के मकड़ जाल से बच कर सुखी और स्वस्थ जीवन जी सके। खाड़ी के देशों में चल रहा भयानक युद्ध, उससे निरंतर बढ़ता ऊर्जा संकट और वायु में घुलता जहर पूरी दुनिया के लिए हर दिन चिंता बढ़ा रहा है। इसका बुरा असर अर्थव्यवस्था और रोजगार पर भी पड़ रहा है। समस्या भयावय होती जा रही है। हर घर में अनिश्चितता और हताशा बढ़ने लगी है। कुकिंग गैस पर से निर्भरता हटा कर गोबर के कंडों और लकड़ी पर लौटना पड़ सकता है।

क्यों न इस दिशा में एक नई पहल की जाए। सनातन हिन्दू संस्कृति में गाय को मां माना जाता है। धर्म शास्त्र कहते हैं कि गाय में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है। गाय का दूध, उससे बना दही, छाछ, पनीर व घी स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। देशी गाय के गोबर और मूत्र के गुण वैज्ञानिक परीक्षणों से सिद्ध हो चुके हैं। सदियों से हर सनातनी के घर गौ पालन की प्रथा थी, पर शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली ने इस परंपरा को बहुत तेजी से नष्ट किया है। गौ वंश और कृषि आधारित जीवन आम भारतीय को स्वस्थ और सुखी रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ सिद्ध हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओली की गिरफ्तारी से दहशत और सन्नाटे में नेपाल की राजनीति







**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में सत्ता परिवर्तन की अनुभूति का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, नेपाल की जनता ने ऐसा नहीं सोचा था। ठीक है राजनीति में बदले की भावना भी एक अध्याय है लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार ठीक था। माना कि पूर्व पीएम और कम्युनिस्ट विचारधारा के वरिष्ठ नेता केपी शर्मा ओली के खिलाफ की गई कार्रवाई कानून का हिस्सा है लेकिन इसकी जो टाइमिंग है वह बालेन सरकार पर सवाल खड़ा करती है। अब इसे कोई नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा पर प्रहार मान रहा है तो कोई हिन्दू राष्ट्र का आगाज। सच क्या है,यह जानने के लिए कयासबाजी और शंका आशंका से बचना होगा।

बालेन शाह को जनता ने अटूट विश्वास के साथ सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाया है। उन्हें जनता के हित को वरियता देनी चाहिए थी। कानून तो अपना काम देर सबेर करता ही। पूर्व सांसद महेश बस्नेत और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक खड़का को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस तरह गिरफ्तारी अभियान चल रहा है उससे ऐसा लगता है अभी और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी मुमकिन है। शपथ ग्रहण के बाद जनता के हित के लिए कुछ निर्णय लिया गया होता तो परिवर्तन की अनुभूति का यह अच्छा संकेत होता। ओली अथवा उनकी सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक तथा पूर्व आईजी चंद्र कुबेर खापुंग के खिलाफ कार्रवाई तय थी क्योंकि पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में जेन जी आंदोलन के समय हुई जनहानि और सरकारी संपत्तियों के नुकसान के कारणों की जांच हेतु गठित आयोग ने इन तीनों को जिम्मेदार ठहराया है। सवाल केवल आंदोलन के समय नुकसान और जनहानि का ही नहीं है,ओली और उनके तत्कालीन सरकार के तमाम मंत्री और बड़े अफसरों के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। बड़े बड़े धन्ना सेठों के करोड़ों करोड़ बिजली बिल को भारी धनराशि वसूल कर रफा–दफा किया गया है। एक तरह से यह सरकारी खजाने की लूट है जिसमें सत्ता दल के नेता और अफसरों ने जमकर लूट की।नकली भूटानी नागरिकता मामले में विभिन्न दलों के तमाम बड़े नेता और मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। इनमें कई तो अभी भी जेल में हैं, जबकि कुछ जमानत पर बाहर आ गए। नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा के भी इस लूट में शामिल होने की चर्चा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने ने ऐसे तमाम भ्रष्टाचार की जांच की पहल की थी, लेकिन ओली सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। नतीजा रवि लामी छाने को गृहमंत्री पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था।इस तरह देखें तो नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद जिसके भी नेतृत्व में सरकारों का गठन हुआ,सब के सब सिर्फ अपनी जेबें भरते रहे, अपने बेटी बेटों और रिश्तेदारों का ख्याल करते रहे। कहना न होगा कि पूर्व की लोकतांत्रिक सरकारें जनता की सरकार न रहकर प्रायवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम कर रहीं थीं, बेशर्मी की हद पार करते हुए। जिन आरोपों में पूर्व पीएम ओली और उनके गृह मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है, देखें तो उसकी जद में पूर्व पीएम और माओवादी केंद्र के अध्यक्ष प्रचंड भी आ सकते हैं। राजशाही के खिलाफ लंबे समय तक चले जनयुद्ध में हजारों लोग मारे गए थे। प्रचंड ने कुछेक मौकों पर इस नरसंहार की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ली थी। सार्वजनिक मंच से प्रचंड के इस कबूलनामें को अपराध स्वीकार करना मानते हुए ओली ने ही जांच आयोग गठित करने की बात कही थी। यदि बालेन सरकार ने ऐसा कर दिया तो प्रचंड की भी मुश्किलें बढ़ सकती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए बालेन सरकार के इस जंग में अच्छे अच्छों की मुसीबतें बढ़नी तय है और तब ऐसा हो सकता है कि अभी जो सारे दल अलग–अलग हैं वे एक साथ मिलकर बालेन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को एक जुट हो जाएं।बालेन सरकार की कार्रवाई यदि ओली, रमेश लेखक की गिरफ्तारी तक ही रही तो उन पर दुर्भावना का आरोप लग सकता है। इस तोहमत से बचने के लिए एक एक करके सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई मुमकिन है। इस बीच ओली की गिरफ्तारी के बाद उपजे आंदोलन और प्रदर्शन को लेकर नेपाली कांग्रेस में अलग–अलग मत उभर कर सामने आया है। बालेन सरकार को सोचना होगा कि आंदोलन और प्रदर्शनों की दशा में उनके समक्ष जनता से किए गए वादों को पूरा कर पाना मुश्किल होगा क्योंकि फिर उन्हें कानून व्यवस्था से निपटने में ही वक्त जाया करना पड़ेगा।

ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ काठमांडू में जिस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई, जाहिर है नवनियुक्त सरकार उससे असहज हुई है। हजारों की संख्या में एमाले कार्यकर्ता राजधानी की सड़कों पर उतर कर कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए। काठमांडू की मुख्य सड़कों पर मशाल जुलूस निकाल कर बालेन और गृहमंत्री सुडान गुरूंग के स्तीफे की मांग करते रहे। यह आंदोलन कुछ दिन और चल सकता है। एमाले के पूर्व सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता कहते हैं कि जेन जी आंदोलन के उग्र होते ही ओली और गृहमंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था ऐसे में सरकारी संपत्तियों के नुकसान और जनहानि की जिम्मेदारी इन पर कैसे हो सकती है। वहीं इस घटना की जांच हेतु गठित आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हामी नेपाल के संचालक सुडान गुरूंग जो अब गृहमंत्री हैं ने काठमांडू जिला प्रशासन से शांति पूर्वक आंदोलन की अनुमति ली थी फिर भी ओली सरकार उग्र और हिंसक प्रदर्शन को काबू करने में नाकामयाब रही। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में जिन्हें आरोपित किया है उनके खिलाफ और गहनता से जांच की आवश्यकता बताई है। हालांकि जांच आयोग ने ओली के खिलाफ तीन साल से दस साल तक कारावास के सजा की संस्तुति की है यह जानते हुए भी कि ओली किडनी रोग के गंभीर मरीज हैं और उनका जीवन डायलिसिस पर निर्भर है। फिलहाल ओली और रमेश लेखक को अभी पांच दिन की पुलिस हिरासत में रखा गया है। ओली की गिरफ्तारी से नेपाल की राजनीति में दहशत भरा सन्नाटा पसरा हुआ है, भ्रष्टाचारी नेता और अफसर किसी कोने में दुबके हुए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जम्मू-कश्मीर। जम्मू में आयोजित 'जम्मू मैराथन 2026' के दौरान पदक प्रदर्शित करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## पाक ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर सकेंगे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने रविवार को कहा कि ईरान ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को व्यस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दो जहाज इस जलडमरूमध्य क्षेत्र से गुजरेंगे। डार ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ईरान सरकार ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है। उन्होंने इसे 'शांति का संकेत' और ईरान का 'स्वागत योग्य और रचनात्मक कदम' बताते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र में स्थिरता लाने में सहायक होगा।

## रूसी वायु रक्षा बलों ने 200 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूसी वायु रक्षा बलों ने शनिवार रात रूसी क्षेत्रों के ऊपर मंडरा रहे 203 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट करने में सफलता हासिल की है। मंत्रालय ने मीडिया एजेंसी मैक्स को बताया कि पिछली रात, वायु रक्षा चेतावनी तंत्र ने बेलगोरोड, ब्रायन्स्क, वोल्गोग्राद, वोरोनेज, कलुगा, कुर्स्क, लेनिनग्राद, नोवगोरोड, ओरयोल, पेन्ज़ा, प्सकोव, रोस्तोव, समारा, सारातोव, स्मोलेंस्क, टवर, तुला क्षेत्रों, मॉस्को क्षेत्र, क्रास्नोदार क्षेत्र, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर 203 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया। यह भी कहा गया है कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है और इन्हें नष्ट कर सुरक्षा बलों ने काफी उपलब्धि हासिल की है।

# किम जोंग उन ने बढ़ाई ट्रम्प की बढ़ी टेंशन

### उत्तर कोरिया ने अमेरिका तक मार करने वाले मिसाइल इंजन का किया परीक्षण, अमेरिकी रक्षा तंत्र के लिए खतरा

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक नए और शक्तिशाली मिसाइल इंजन के परीक्षण का जायजा लिया। सरकारी मीडिया ने रविवार को इसकी जानकारी दी। यह इंजन एक अपग्रेडेड, हाई-थ्रस्ट, सालिड-फ्यूल पर आधारित है और इसकी ताकत पहले से कहीं ज्यादा है। किम जोंग उन ने इसे देश की सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। इस परीक्षण का मकसद ऐसी मिसाइलें बनाना है जो अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकें।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इन मिसाइलों को पहचानना और रोकना बहुत मुश्किल है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, यह इंजन कार्बन फाइबर से बना है। इस इंजन की अधिकतम ताकत 2500 किलोटन मापी गई है। इससे पहले सितम्बर में हुए परीक्षण में यह ताकत 1970 किलोटन थी। यह टेस्ट देश के पांच साल के हथियार विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। इसका लक्ष्य परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को और आधुनिक बनाना है। किम जोंग उन ने कहा कि इस टेस्ट से देश की रणनीतिक ताकत सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि,



■ इस परीक्षण का मकसद ऐसी मिसाइलें बनाना है जो अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकें

यह टेस्ट कब और कहां हुआ, इसकी सटीक जानकारी नहीं दी गई है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया के दावे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हो सकते हैं। दक्षिण कोरिया के एक शोधकर्ता ली चुन ग्यून ने कहा कि उत्तर कोरिया इसमें कुछ बातें छिपा रहा है। उन्होंने इंजन के जलने के कुल समय जैसी जरूरी जानकारी नहीं दी है। उत्तर कोरिया ने सितम्बर के परीक्षण को सालिड-फ्यूल इंजन का नौवां और अंतिम ग्राउंड परीक्षण बताया था, और पहले कहा था कि इस इंजन का उपयोग इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) के लिए किया जाएगा। उस समय पर्यवेक्षकों ने अनुमान लगाया था कि उत्तर कोरिया जल्द ही उस इंजन से लैस एक आईसीबीएम का परीक्षण-प्रक्षेपण करेगा, लेकिन उसने अभी तक ऐसा नहीं किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के इस कार्यक्रम में कुछ देरी हो रही है। यह भी संभव है कि वह रूस की तकनीकी मदद से बेहतर इंजन बना रहा हो। हाल के समय में रूस और उत्तर कोरिया के बीच संबंध गहरे हुए हैं। उत्तर कोरिया ने यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद के लिए अपने सैनिक और हथियार भी भेजे हैं। ठोस ईंधन वाले इंजन से उत्तर कोरिया छोटी मिसाइलें भी बना सकता है। इन्हें पनडुब्बियों या मोबाइल ट्रकों से लान्च करना आसान होगा। जो कि अमेरिका के रक्षा तंत्र के लिए खतरा बढ़ाएगा। उत्तर कोरिया ने पिछले कुछ वर्षों में कई मिसाइलों का परीक्षण किया है। ये मिसाइलें अमेरिका तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया को अभी भी कुछ तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती मिसाइल के वारहेड को वायुमंडल में दोबारा प्रवेश कराते समय सुरक्षित रखना है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान संकट पर रूस की मददगारों को नसीहत

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि ईरान संकट का समाधान निकालने में मदद करने की कोशिश कर रहे बाहरी पक्षों को सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे पर ध्यान नहीं देना चाहिए। यह बात रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के लिए विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सैफ्रोनकोव ने कही है। सैफ्रोनकोव ने कहा कि यहां मुझे यह बताना जरूरी लगता है कि, कुल मिलाकर, खाड़ी में मौजूदा संकट के साथ-साथ अन्य संघर्षों का समाधान बाहरी पक्षों की समन्वित कार्रवाई पर निर्भर करता है। यह जरूरी है कि हर कोई 'खेल के एक ही नियम' के अनुसार काम करे और सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे से निर्देशित न हो।

### रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच हो: लीबिया

**बेनगाजी।** लीबिया की सर्वोच्च राज्य परिषद (एसएससी) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदेल अब्देलकाफी ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को देश के तट से दूर भूमध्य सागर में रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि रूस के परिवहन मंत्रालय ने तीन मार्च को कहा था कि रूसी गैस टैंकर 'आर्कटिक मेटागाज' पर लीबिया के तट से दूर, भूमध्य सागर में माल्टा के क्षेत्रीय जल क्षेत्र में यूक्रेन की मानवरहित नावों द्वारा हमला किया गया था।

### ड्रोन कार्रवाई में रूस के उस्त-लूगा तट को हुआ नुकसान

**मॉस्को।** रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में 27 ड्रोन मार गिराए जाने से उस्त लूगा तट को नुकसान पहुंचा है। लेनिनग्राद के गवर्नर अलेक्सांद्र ड्रोज्डेन्को ने यह जानकारी दी है। उन्होंने मैक्स पर कहा सत्ताईस यूएवी मार गिराए गए। उस्त-लूगा तट को नुकसान पहुंचा है। कोई हताहत नहीं हुआ। गवर्नर ने बताया कि हमले की जवाबी कार्रवाई जारी है।

### अमेरिका में 48 रूस विभिन्न जेलों में बंद: संघीय जेल ब्यूरो

**वाशिंगटन।** अमेरिका में वर्तमान में 48 रूसी नागरिक विभिन्न जेलों में बंद हैं, जो देश की जेलों में बंद सभी विदेशी नागरिकों का लगभग 0.2 प्रतिशत है। विधि विभाग के संघीय जेल ब्यूरो (बीओपी) की प्रेस सेवा ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती को यह जानकारी दी है। फिलहाल अमेरिकी गोपनीयता कानूनों के तहत प्रतिबंधों का हवाला देते हुए इन व्यक्तियों के नाम और व्यक्तिगत विवरण का खुलासा नहीं किया गया है। एजेंसी ने यह भी बताया कि वर्तमान में 48 यूक्रेनी नागरिक और चार बेलारूसी नागरिक अमेरिकी जेलों में हैं। बीओपी के अनुसार, अमेरिकी जेलों में बंद सभी विदेशियों में से आधे से अधिक, यानी लगभग 12500 लोग, मैक्सिको के नागरिक हैं।

# IRGC टारगेट पर अब इजरायली-अमेरिकी विश्वविद्यालय

### तेहरान में विश्वविद्यालय पर हमले के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अपना वैध लक्ष्य करार दिया

**मॉस्को/तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने तेहरान में एक विश्वविद्यालय पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में इजरायली और अमेरिकी विश्वविद्यालयों को हमलों के लिए वैध लक्ष्य मानना शुरू कर दिया है। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। चैनल ने टेलीग्राम पर बताया कि तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में मौजूद सभी अमेरिकी और इजरायली विश्वविद्यालय वैध लक्ष्य हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस्फाहान यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और तेहरान स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, उन कई विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केंद्रों में से केवल दो हैं, जिन पर पिछले 30 दिनों के दौरान ईरानी राष्ट्र के खिलाफ छेड़े गए अपने अवैध युद्ध के दौरान हमलावरों ने जानबूझकर हमले किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि वास्तव में, ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की आक्रामकता का असली मकसद लगातार सामने आ रहा है: विश्वविद्यालयों, अनुसंधान केंद्रों, ऐतिहासिक स्मारकों और प्रमुख वैज्ञानिकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाकर हमारे देश की वैज्ञानिक नींव और सांस्कृतिक विरासत को पंगु बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का यह दावा कि वह ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम' और 'आसन्न खतरे' का मुकाबला कर रहा है कि सिवाय दुर्भावनापूर्ण बहानों के और कुछ नहीं है-ये केवल मनगढ़ंत बातें हैं जिनका मकसद उनके असली इरादों को छिपाना है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में विभिन्न लक्ष्यों पर हमले शुरू कर दिए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। इसके जवाब में ईरान इजरायली क्षेत्र में सैन्य लक्ष्यों के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है। दूसरी ओर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण बीते एक माह में जान माल का बेहिंसाब नुकसान हुआ है, लेकिन इस संघर्ष का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। दोनों देश अपने-अपने संघर्षविराम मसौदे पेश कर चुके हैं लेकिन अब तक आम सहमति नहीं बन सकी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बीते एक माह में ईरान में मृतकों की संख्या 1900 से अधिक हो गई है। लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के कारण 1100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जिनमें 121 बच्चे शामिल हैं।





■ ईरान युद्ध में बीते एक माह के दौरान जान माल का बेहिंसाब नुकसान, हजारों लोग हताहत, लाखों विस्थापित

इजरायल पर हुए हमलों में करीब 20 लोगों की जान गई, जबकि खाड़ी क्षेत्र में लगभग 25 लोगों के मारे जाने की खबर है। अरब देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमलों में कई सैनिक हताहत हुए हैं, जिनमें कम से कम छह सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है। लेबनान में 12 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। ईरान में करीब 10,000 नागरिक ठिकानों को नुकसान पहुंचा है। यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ जब अमेरिका और इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई शहरों पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौत हुई। इसी दिन ईरान के होर्मोजगान प्रांत के मिनाब शहर का एक बालिका विद्यालय भी अमेरिकी मिसाइल का निशाना बना, जिसमें 165 लोगों की मौत हुई।

मृतकों में ज्यादातर 7-12 वर्ष की छात्राएं थीं, हालांकि अमेरिका ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और कहा कि घटना की जांच हो रही है। अमेरिका-इजरायल ने आयतुल्ला खामेनेई की हत्या को 'पूर्ववर्ती हमला' करार दिया। इसके जवाब में ईरान ने अपनी पूर्व की चेतावनियों पर अमल किया और इजरायल के साथ-साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले किए। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज जलडमरुमध्य को भी बंद कर दिया, जहां से पूरी दुनिया का 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। युद्ध के शुरुआती दिनों में ही हिजबुल्लाह भी संघर्ष में शामिल हो गया, जिसके बाद इजरायल ने लेबनान में जमीनी कार्रवाई शुरू की। इस दौरान खाड़ी देशों ने हमलों की निंदा की, जबकि अमेरिका ने कहा कि उसका लक्ष्य ईरान की सैन्य क्षमता को नष्ट करना है। युद्ध के दूसरे सप्ताह तक यह स्पष्ट हो गया कि ईरानी शासन ध्वस्त नहीं हुआ है और युद्ध लंबा खिच सकता है। तीसरे सप्ताह में संघर्ष और तेज हुआ जब इजरायल ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों, विशेषकर साउथ पार्स गैसफील्ड पर हमला किया। इस हमले के बाद धधकती आग के कारण कई किलोमीटर दूर तक काले बादल छा गए और आसपास के इलाकों में काली बारिश भी हुई। इसके जवाब में ईरान ने क्षेत्र के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया। इस दौरान इजरायल ने सुरक्षा सचिव अली लारिजानी और बासिज प्रमुख गुलामरजा सुलेमानी सहित ईरान के कई शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की हत्या की। दूसरी ओर, ईरान ने अमेरिका की सैन्य क्षमता पर हमला जारी रखा। अमेरिकी सेना की केन्द्रीय कमान के अनुसार, वह ईरान में 11000 से ज्यादा सैन्य लक्ष्यों पर हमला कर चुका है और उसे करीब 3500 ठिकानों पर हमला करना बाकी है। उधर, होर्मुज जलडमरुमध्य बंद होने के कारण तेल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं और वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। चौथे सप्ताह में अमेरिका ने संकेत दिया कि वह कूटनीतिक समाधान की तलाश में है और ईरान को युद्धविराम का प्रस्ताव भेजा।

## लेबनान में पत्रकारों की मौत पर ईरान की कड़ी प्रतिक्रिया

**तेहरान/बेरूत।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए इसे 'सिर्फ मीडिया जगत के लिए बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी' बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेघ्घीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन के पत्रकार सुफातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजराइल रक्षा बल द्वारा किया गया बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में अराघची ने इस हमले को 'स्पष्ट रूप से लक्षित हत्या' करार दिया और कहा कि यह 'सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश' है। उधर इजरायल की सेना ने अली शोएब की मौत की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि वह हिजबुल्लाह का सदस्य था और पत्रकार के रूप में काम कर रहा था। गौरतलब है कि लेबनान में संघर्ष शुरू होने के बाद यह दूसरी बार है जब इजराइल पर पत्रकारों को निशाना बनाने के आरोप लगे हैं, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है।

## ईरान जंग पर पाकिस्तान की 3 देशों के साथ मीटिंग

**इस्लामाबाद।** ईरान जंग को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू हो गई है। पाकिस्तान इस बैठक को होस्ट कर रहा है। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात की हैं। इसके साथ ही इशाक डार तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे। यहां वे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की भूमिका निभाने की भी पेशकश भी कर चुका है। उसने ईरान को 15 सूत्रीय अमेरिकी प्रस्ताव भी सौंपा है। इसमें ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को पूरी तरह बंद करना, मिसाइल कार्यक्रम घटाना, क्षेत्रीय प्राक्सी ग्रुप्स से समर्थन रोकना और सैंक्शन्स में राहत जैसे मुद्दे शामिल हैं। ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है।

■ रूस, सऊदी-तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्री इस्लामाबाद पहुंचे
■ इशाक डार तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे

## कुर्दिस्तान के राष्ट्रपति आवास पर ड्रोन अटैक

### अमेरिका ने बताया कायरतापूर्ण हमला

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया का पूरा इलाका इन दिनों बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है। ताजा मामला इराक के कुर्दिस्तान से आया है, जहां राष्ट्रपति के आवास को निशाना बनाकर एक बड़ा ड्रोन हमला किया गया। इस हमले ने न सिर्फ कुर्दिस्तान बल्कि अंतर्राष्ट्रीय गलियारों में भी हड़कंप मचा दिया है। घटना के बाद से अमेरिका बेहद तल्ख तेवर में नजर आ रहा है।

वहीं, ईरान भी चुप नहीं है। दोनों देशों के बीच का पुराना विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। जैसे ही राष्ट्रपति आवास पर हमले की खबर आई, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बिना देर किए एक बयान जारी किया। अमेरिका ने हमले को 'कायरतापूर्ण आतंकवादी कृत्य' बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। अमेरिका ने साफ लफ्जों में कहा है कि वह कुर्दिस्तान और इराक की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ मजबूती से खड़ा है। अमेरिका ने इराकी प्रशासन से मांग की है कि इस साजिश के पीछे जो भी चेहरे हैं, उन्हें बेनकाब कर सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस एक हमले ने जितनी दहशत जमीन पर नहीं फैलाई, उससे कहीं ज्यादा इसने कूटनीतिक गलियारों में तनाव पैदा कर दिया है। हमले के कुछ ही घंटों के भीतर अमेरिका और ईरान के बीच आरोपों के तीर चलने लगे। अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों का दावा है कि इस हमले के पीछे उन उग्रवादी गुटों का हाथ है, जिन्हें सीधे तौर पर ईरान से खाद-पानी और हथियार मिलते हैं। अमेरिका ने कहा कि ईरान समर्थित ये गुट क्षेत्र में अपनी धमक बनाए रखने के लिए ऐसे हमलों को अंजाम देते रहते हैं। दूसरी तरफ, ईरान ने भी इन आरोपों पर चुप रहना ठीक नहीं समझा। ईरान ने अमेरिका के इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।



■ ईरान के साथ छिड़ी जुबानी जंग, अंतर्राष्ट्रीय गलियारों में भी हड़कंप मचा

## जमीनी हमले की साजिश रच रहा अमेरिका: गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों को रोकने के कूटनीतिक प्रयास लगातार जारी हैं। हालांकि, हमलों का स्तर कम न होने से पश्चिम एशिया में तनाव गहराता जा रहा है। इस बीच ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने रविवार को दावा किया कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का दिखावा कर रहा है, लेकिन हकीकत में वह एक जमीनी हमले की योजना बना रहा है।

मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि दुश्मन सार्वजनिक रूप से बातचीत और संवाद के संदेश भेज रहा है, जबकि गुप्त रूप से जमीनी हमले की साजिश रच रहा है। गालिबाफ ने यह भी कहा कि ईरान के सैनिक अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर उतरने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें आग लगाकर खाक कर सकें। उन्होंने कहा कि दुश्मन बातचीत की बात करता है, लेकिन जमीनी आक्रमण की योजना बना रहा है। अमेरिका संघर्षविराम के लिए 15 सूत्रीय सूची के जरिए से वह हासिल करने की कोशिश कर रहा है जो वह युद्ध में नहीं जीत सका। हमारी सेनाएं तैयार हैं और हम कभी अपमानित नहीं होंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने कहा कि अमेरिका को जवाब देकर उनके क्षेत्रीय सहयोगियों को हमेशा के लिए सबक सिखाएंगे।

■ ईरानी सैनिक अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर उतरने के इंतजार में ताकि उन्हें आग लगाकर खाक कर सकें

# ईरान में जमीनी अभियान की अमेरिका कर रहा तैयारी

### अभियान मे विशेष ऑपरेशन बलों व पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों की कार्रवाई शामिल होगी

■ अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी अभियान की तैयारी कर रहा है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है।

अखबार के अनुसार किसी भी संभावित जमीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। अखबार ने बताया कि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पेंटागन की उन योजनाओं में से किसी को मंजूरी देंगे। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली के पहुंचने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों पर जवाबी हमले कर रहा है। वहीं अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए है। अमरीकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) यह जानकारी दी है। सेंटकॉम द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने अब तक 11000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किए है, जिसमें 150 से ज्यादा क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए जहाज शामिल हैं। सेंटकॉम ने दावा है कि अमरीकी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने 11000 से ज्यादा उड़ानें भरी हैं। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमला करना शुरू किया था। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी जवाबी हमला कर रहा है।

## परमाणु स्थलों पर रेडिएशन का स्तर बढ़ने की सूचना दे ईरान: आईएईए

**वियना।** ईरान के परमाणु स्थलों पर अगर रेडिएशन का स्तर बढ़ता है, तो वह इसकी सूचना अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को देगा। वियना में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने आरआईए नोवोस्ती को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। उल्यानोव ने कहा कि रेडिएशन प्रदूषण के संबंध में कुछ ईरानी एजेंसियां हैं जो निश्चित रूप से रेडिएशन के स्तर को माप रही हैं और अगर यह स्तर बढ़ता है, तो वे आईएईए सचिवालय को सूचित करेंगी। मुझे लगता है कि इस बात का भरोसा किया जा सकता है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108